जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

कृष्ण पक्ष, श्रावण, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • सोमवार • 19 मई 2025 • वर्ष 27 • अंक 157 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00




Page 11

खेल

## प्रज्ञानानंदा ने सुपरबेट क्लासिक शतरंज खिताब जीतकर रचा इतिहासन




Page 10

देश

## विश्व कल्याण के लिए शक्ति आवश्यक, भारत का कर्तव्य धर्म सिखाना : मोहन

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 95,130 | ₹ 97,000 |



### आज का इतिहास

**2006 :** भारतीय मूल के मलेशियाई उद्योगपति टी. रविचन्द्रन ने माउंट एवरेस्ट को फ़तह किया।

**1999 :** भारतीय मूल के महेन्द्र चौधरी फिजी के प्रधानमंत्री नियुक्त।

### न्यूज बाइट्स

#### बिहार मानवाधिकार आयोग में सदस्य के दोनों पद खाली

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में मानवाधिकारों की रक्षा को लेकर स्थापित स्वायत्त संस्था बिहार मानवाधिकार आयोग में शिकायतों की सुनवाई लगभग ठप पड़ी है। आयोग में सदस्य के दोनों पद पिछले एक साल से अधिक समय से खाली पड़े हैं। यही नहीं, अध्यक्ष का पद भी पिछले दो माह से अधिक समय से प्रभार में चल रहा है। ऐसे में मानव अधिकार के उल्लंघन से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई और जांच का काम नहीं हो पा रहा।

#### मुख्यमंत्री ने उप राष्ट्रपति को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

**पटना (नि.सं.)।** 18 मई 2025 को भारत के उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के जन्मदिन के अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने शुभकामना संदेश में उप राष्ट्रपति के दीर्घायु, स्वस्थ और समृद्ध जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि जगदीप धनखड़ जी का सार्वजनिक जीवन अनुकरणीय रहा है, और वे देश की संवैधानिक संस्थाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 मई को आ सकते हैं औरंगाबाद, देंगे बड़ी सौगात

# 29947 करोड़ की लागत से बनने वाले सुपर थर्मल पावर प्लांट का करेंगे शिलान्यास

**एनटीपीसी नवीनगर होगा देश का दूसरा सबसे बड़ा विद्युत उत्पादन संयंत्र, 1500 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य**

- इस दौरे से बिहार में ऊर्जा, परिवहन, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।
- प्रधानमंत्री मोदी रोहतास जिले के बिक्रमगंज में भी एक कार्यक्रम में भाग लेंगे।



निज संवाददाता | पटना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत में अपने दो दिवसीय बिहार दौरे के दौरान राज्य को कई बड़ी सौगातें देने जा रहे हैं। खासतौर पर औरंगाबाद जिले को एक ऐतिहासिक तोहफा मिलने जा रहा है, जहां नबीनगर में 29947.91 करोड़ रुपये की लागत से एक सुपर थर्मल पावर प्लांट की स्थापना की जाएगी। इससे 1500 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा, जो राज्य की ऊर्जा जरूरतों को काफी हद तक पूरा करेगा।

इस पावर प्लांट का शिलान्यास प्रधानमंत्री मोदी 30 मई को नबीनगर में करेंगे। यह परियोजना देश में एनटीपीसी का दूसरा सबसे बड़ा विद्युत उत्पादन संयंत्र होगा। इसकी जानकारी उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई को औरंगाबाद जिले के नबीनगर में सुपर थर्मल पावर प्लांट का शिलान्यास करेंगे। चौधरी ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बिहार की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को देखते हुए नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन (एनएसटीपीएस) की क्षमता विस्तार स्टेज-2 को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि स्टेज-2 के तहत यहां पर 800-800 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाली तीन नई ईकाइयां स्थापित की जाएंगी। इस तरह यहां से कुल 2400 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इससे पहले 29 मई को प्रधानमंत्री पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे, जो 65150 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला होगा। यह मौजूदा टर्मिनल से कई गुना बड़ा और अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा।

बिहार बीजेपी अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के मुताबिक, पीएम मोदी 29 मई की शाम बिहार पहुंचेंगे और रात पटना में रुकेंगे। 30 मई को वे रोहतास जिले के बिक्रमगंज में एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद दिल्ली लौट जाएंगे।

पटना एयरपोर्ट का नया टर्मिनल बिहार की एयर कनेक्टिविटी को एक नई दिशा देगा। इससे उड़ानों की संख्या 34 से बढ़कर 75 हो जाएगी और यात्री क्षमता 25 लाख से बढ़कर एक करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है।

डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने बताया कि टर्मिनल में एआई आधारित सुरक्षा प्रणाली, 52 चेक-इन काउंटर, मल्टी-लेवल पार्किंग, 5 एयरोब्रिज, और उन्नत बैगेज हैंडलिंग सिस्टम जैसी आधुनिक सुविधाएं होंगी। इससे न केवल उड़ानें बढ़ेंगी बल्कि पर्यटन और औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी।

इसके अलावा, उड़ान योजना के तहत राज्य में 10 नए हवाई अड्डों की योजना है, जिनमें से मधुबनी, मुजफ्फरपुर, वाल्मीकिनगर, वीरपुर, सहरसा और मुंगेर में एयरपोर्ट निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की टीमें 22 से 27 मई तक बिहार दौरे पर रहेंगी और फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करेंगी।

प्रधानमंत्री का यह दौरा न केवल बिहार की अधोसंरचना को सशक्त करेगा, बल्कि ऊर्जा, परिवहन और रोजगार के क्षेत्रों में नई संभावनाओं के द्वार भी खोलेगा। औरंगाबाद जिले के लिए यह अवसर ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण होने जा रहा है।

निबंधन विभाग ने 41 हजार निबंधित संस्थाओं को ऑनलाइन करने का लिया निर्णय

## बिहार में कागज पर चलने वाली संस्थाएं होंगी बंद

निज संवाददाता | पटना

कागज पर चलने वाली संस्थाएं और स्वयंसेवी संगठन (एनजीओ) अब बंद होंगे। मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग ने फाइलों में दबी राज्य की करीब 41 हजार निबंधित संस्थाओं को विभाग की वेबसाइट पर अपडेट करते हुए उनको ऑनलाइन कर दिया है। इसके साथ ही इन संस्थाओं को व्यक्तिगत रूप से उनके निबंधित पते के साथ ही सार्वजनिक नोटिस जारी कर वार्षिक आय व्यय एवं अन्य दस्तावेजों को ऑनलाइन अपडेट करने की चेतावनी भी दी गयी है। निबंधित संस्थाओं में से अब तक मात्र चार हजार संस्थाओं ने ही आय-व्यय का ब्योरा अपलोड किया है। लगातार नोटिस के बाद भी ब्योरा नहीं देने वाले एनजीओ व संगठनों का निबंधन रद्द करते हुए उनके बैंक खाते व संपत्तियों को जब्त कर लिया जाएगा।

ब्योरा देने वाले संगठन की ही बचेगी मान्यता विभाग के मुताबिक सभी निबंधित संगठनों को हर साल संस्था की वार्षिक रिपोर्ट, ऑडिट रिपोर्ट, फॉर्म सी तथा विदेशी अंशदान (एफसीआरए) की प्राप्ति एवं उपयोगिता से संबंधित रिपोर्ट जमा कराना अनिवार्य है। पूर्व में रिपोर्ट जमा कराने का तरीका मैनुअल होने से अस्तित्वहीन या मृतप्राय संस्थाओं की पहचान संभव नहीं हो पा रही थी। कागज पर संगठन चलाने वाले लोग इसका फायदा उठा रहे थे। इसको देखते हुए निबंधन विभाग ने सभी संगठनों का ब्योरा विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करते हुए संचालकों को 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के साथ ही पिछले पांच साल का ब्योरा अपलोड करने का निर्देश दिया है। ऐसा नहीं करने वाली संस्थाओं को अस्तित्वहीन मानते हुए उनको रद्द करने की कार्रवाई की जा रही है। वेबसाइट पर लॉगिन बना कर अपलोड की सुविधा निबंधन विभाग के मुताबिक किसी भी व्यक्ति को संस्था से जुड़े कागजातों को जमा करने के लिए कार्यालय आने की जरूरत नहीं है। विभाग की वेबसाइट https://nibandhan.bihar.gov.in/Home पर वार्षिक प्रतिवेदन अपलोड कराने को लेकर लिंक उपलब्ध कराया गया है। संस्था के संचालक मोबाइल नंबर या ई-मेल आईडी की मदद से खुद का लॉगिन बनाने के बाद रजिस्ट्रेशन नंबर डाल कर संस्था से जुड़े तमाम कागजात स्वयं ही अपलोड कर सकते हैं। विभाग ने चेतावनी देते हुए कहा है कि एक बार निबंधन रद्द होने के बाद कोई पद धारक या सदस्य संस्था के नाम से कोई भी कार्रवाई संचालित नहीं कर सकेंगे। साथ ही संस्था से संबंधित किसी भी बैंक खाते का संचालन नहीं किया जा सकेगा। संस्था के नाम पर किसी चल-अचल संपत्ति की खरीद-बिक्री भी नहीं हो सकेगी।

## चार जून से होगी फार्मासिस्ट की परीक्षा

**पटना (नि.सं.)।** बिहार तकनीकी सेवा आयोग ने फार्मासिस्ट परीक्षा की संभावित तिथि एक बार फिर से घोषित कर दी है। आयोग के प्रभारी सचिव द्वारा जारी नोटिस के अनुसार फार्मासिस्ट की परीक्षा 4 जून से संभावित है। इसके साथ ही आयोग ने विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी (जेनरल सर्जन व फिजिशियन) पद के लिए होने वाली परीक्षा की संभावित तिथि 31 मई बताई है। दोनों परीक्षाओं के लिए एडमिट कार्ड आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जल्द अपलोड किए जाएंगे, जिसे अभ्यर्थी डाउनलोड कर सकेंगे। इससे पहले 3 मई को परीक्षा की तिथि घोषित की गई थी, लेकिन किसी कारणवश उसे स्थगित कर दिया गया था, जिससे अभ्यर्थियों में असमंजस की स्थिति बन गई थी। अब दोबारा संभावित तिथि जारी होने से छात्रों में उत्साह देखा जा रहा है।

## इमारत में आग लगने से 17 लोगों की दर्दनाक मौत

एजेंसी | हैदराबाद



चारमीनार के पास स्थित गुलजार हाउस की एक इमारत में रविवार सुबह भीषण आग लग गई, जिसमें अब तक 17 लोगों की दर्दनाक मौत हो चुकी है। इन मृतकों में 8 मासूम बच्चे भी शामिल हैं, जो इस घटना की गंभीरता को और बढ़ा देता है। आग लगने के समय इमारत में लगभग 30 से अधिक लोग मौजूद थे, जिनमें से करीब 15 से ज्यादा लोगों को समय रहते रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया है।

फायर ब्रिगेड की 11 दमकल गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और आग बुझाने के लिए दमकलकर्मियों ने करीब दो घंटे तक लगातार प्रयास किए। शुरुआती जांच के अनुसार, आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है। इस हादसे में संपत्ति का जो नुकसान हुआ है, उसका भी अभी तक सही अंदाजा नहीं लगाया जा सका है। फायर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सुबह 6:16 बजे आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके तुरंत बाद बचाव दल मौके पर पहुंच गया और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कई लोगों को बेहोशी की हालत में पाया गया और करीब 10 लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, इस इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर ज्वेलरी की दुकानें थीं, जबकि ऊपर के फ्लोर पर लोग रह रहे थे। आग सबसे पहले दुकानों में लगी और फिर तेजी से ऊपर के फ्लोर तक फैल गई। इमारत में केवल एक संकरी सीढ़ी थी, जिसके कारण लोग बाहर निकल नहीं पाए और घुटन से दम घुटने के कारण उनकी मौत हुई। यह घटना सुरक्षा और बचाव के इंतजामों की कमी को भी उजागर करती है, क्योंकि ऐसी स्थिति में पर्याप्त एग्जिट मार्ग और सुरक्षा उपाय होने चाहिए थे। पूरे शहर में इस दुखद हादसे को लेकर शोक का माहौल है और प्रशासन घटना की जांच में जुट गया है। मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करने की बात कही जा रही है। यह हादसा हमें आग जैसी आपदाओं से बचाव के लिए बेहतर इंतजाम करने और जागरूकता फैलाने की जरूरत को एक बार फिर से याद दिलाता है।

## सड़क हादसे में पूर्व उप मुखिया समेत तीन की मौत, दो घायल



निज संवाददाता | नवादा

नवादा जिले के नगर थाना क्षेत्र में कार और ट्रक के बीच हुयी टक्कर में पूर्व उप मुखिया समेत तीन बाराती की मौत हो गयी तथा दो अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया यह हादसा नगर थाना क्षेत्र के कोनिया पर मोड़ के पास हुआ, जहां एक कार और ट्रक के बीच सीधी टक्कर हो गई। मृतकों में नरहट थाना क्षेत्र के छोटी पाली गांव निवासी पूर्व उप मुखिया पंकज चंद्रवंशी, नथुन चंद्रवंशी और कारू चंद्रवंशी शामिल हैं। वहीं, दुर्गा चंद्रवंशी और जयनंदन कुशवाहा इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, छोटी पाली गांव से बारात रूपौ थाना क्षेत्र के धनवां गांव गई थी। शादी समारोह के बाद देर रात बाराती कार से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान कोनिया पर मोड़ के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक से उनकी कार की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर ही तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।

हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्थानीय थाना को सूचित किया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया और घायलों को अस्पताल भिजवाया। मृतकों की पहचान होते ही गांव में मातम पसर गया। तीनों मृतकों के परिजन हादसे की खबर सुनते ही बेसुध हो गए। गांव में एक साथ तीन अर्थियों की तैयारी से माहौल गमगीन हो गया है।

## 2025-26 में राज्य के 95 हजार छात्रों को मिलेगा शिक्षा लोन

**पटना (नि.सं.)।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में राज्य के 95 हजार 220 छात्र-छात्राओं को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ मिलेगा। इसमें सबसे अधिक पटना में 7840 छात्र-छात्राओं को शिक्षा ऋण दिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। सबसे कम शिवहर में 415 विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण दिलाने का लक्ष्य है। पिछले साल लक्ष्य से लगभग 12 प्रतिशत कम छात्र-छात्राओं को कम शिक्षा ऋण दिलाया जा सका था। शिक्षा विभाग 12वीं कक्षा में छात्र-छात्राओं की उत्तीर्णता के आधार पर लक्ष्य तय करता है। इस साल इंटरमीडिएट (12वीं कक्षा) उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या 11 लाख 7 हजार 330 है। जिस जिला में इंटरमीडिएट उत्तीर्ण करने वालों की संख्या अधिक है, वहां स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड का लक्ष्य भी अधिक रखा गया है। पिछले साल 85 हजार 85 हजार को शिक्षा ऋण देने का लक्ष्य रखा गया था। इसके लिए 90 हजार 335 आवेदन मिले, लेकिन अंतिम रूप से 75 हजार स्टूडेंट को पढ़ाई के लिए ऋण मिले। मान्यता प्राप्त सरकारी और निजी संस्थानों में नामांकित बिहार के छात्र-छात्राओं को कॉलेज फीस के लिए शिक्षा ऋण देने का प्रावधान है। इसके साथ लैपटॉप और हॉस्टल में रहने का खर्च सहित अधिकतम 4 लाख रुपए ऋण देने का प्रावधान है। सामान्य स्नातक, स्नातकोत्तर सहित इंजीनियरिंग और रोजगार परक कोर्स की पढ़ाई के लिए राज्य सरकार छात्र-छात्राओं को शिक्षा ऋण देती है। एक विद्यार्थी को अधिकतम 4 लाख रुपए तक का लोन मिलता है। छात्रों को 4 प्रतिशत ब्याज और छात्राओं, ट्रांसजेंडर और दिव्यांग छात्र-छात्राओं को एक प्रतिशत ब्याज पर ऋण देने का प्रावधान है। संबंधित विषय और कोर्स पूरा होने के एक साल बाद से आसान किस्तों में ऋण लौटाने का प्रावधान किया गया है। राज्य के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा की पढ़ाई के लिए शिक्षा ऋण देने की योजना 2 अक्टूबर 2016 में शुरू हुई थी। शुरुआत में राज्य सरकार गारंटर बन कर बैंकों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को शिक्षा ऋण दिलाती थी, लेकिन बैंकों से शिक्षा ऋण मिलने में आनाकानी और परेशानी के बाद राज्य सरकार ने शिक्षा वित्त निगम बना कर शिक्षा ऋण देना तय किया।

इसरो का सबसे भरोसेमंद रॉकेट हुआ फेल

## पीएसएलभी-सी61 मिशन के थर्ड स्टेज में आई खराबी

एजेंसी | नई दिल्ली



इसरो का पीएसएलभी-सी61 मिशन तकनीकी खराबी के कारण फेल हो गया। इस मिशन में ईओएस-09 अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट को 524 किलोमीटर की सन-सिंक्रोनस पोलर ऑर्बिट में स्थापित किया जाना था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी, इसरो का पीएसएलभी-सी61 मिशन तकनीकी खराबी के कारण फेल हो गया। इस मिशन में ईओएस-09 अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट को 524 किलोमीटर की सन-सिंक्रोनस पोलर ऑर्बिट में स्थापित किया जाना था। इसरो का यह 101वां लॉन्च मिशन था। इसरो ने मिशन फेल होने के कारणों का पता लगाने के लिए एक कमेटी बनाई है।

पीएसएलभी-सी61 का लॉन्च 18 मई को सुबह 5:59 बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से किया गया। पीएसएलभी-सी61 का लॉन्च 18 मई को सुबह 5:59 बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से किया गया। पीएसएलभी इसरो का एक भरोसेमंद रॉकेट है, जो सैटेलाइट्स को पृथ्वी की कक्षा, खासकर पोलर और सन-सिंक्रोनस ऑर्बिट (600-800 किमी) में लॉन्च करता है। यह चार स्टेज (सॉलिड और लिक्विड इंजन) वाला लॉन्च व्हीकल है, जो रिमोट सेंसिंग, कम्युनिकेशन और साइंटिफिक मिशन्स के लिए इस्तेमाल होता है। रॉकेट के एडिशनल बूस्टर इंजन होते हैं, जो लॉन्च के समय जमीन पर ही इग्नाइट होकर रॉकेट को शुरुआती थ्रस्ट देते हैं। ये पीएसएलभी जैसे रॉकेट के मुख्य कोर के साथ जुड़े होते हैं और लिफ्ट-ऑफ के लिए जरूरी ताकत देते हैं।

यह रॉकेट या सैटेलाइट पर लगे सेंसर और उपकरण हैं, जैसे एक्सलरोमीटर, गायरोस्कोप और इनर्शियल मेजरमेंट यूनिट (आईएमयू), जो रियल-टाइम में गति, दिशा, ऊंचाई और अन्य डेटा मापते हैं। यह डेटा टेलीमेट्री के जरिए ग्राउंड स्टेशन को भेजा जाता है, ताकि मिशन की स्थिति और ट्रैजेक्ट्री को मॉनिटर किया जा सके।


बिहार सरकार

बिहार सरकार
समाज कल्याण विभाग
समेकित बाल विकास सेवाएं (ICDS) निदेशालय

पूरक पोषाहार प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है-चेहरे का सत्यापन

राज्य के सभी आँगनबाड़ी केन्द्रों पर हर माह की 15 तारीख को पूरक पोषाहार (THR) का वितरण किया जाता है। इसके अंतर्गत लाभार्थियों को फोर्टिफाइड चावल, मूंग दाल, सोयाबीन, आयोडीन युक्त नमक, खाद्य तेल सामग्री दी जाती है।

चेहरे का पहचान सत्यापित : पूरक पोषाहार सुनिश्चित



अब आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पूरक पोषाहार का वितरण FRS (Face Recognition System) के माध्यम से

लाभार्थी समूह



गर्भवती महिलाएं | धात्री माताएं | 6 माह के बच्चे | 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चे

PR No.- 003622 (SW)D. 2025-26

पोषण लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया:

1. अपने नजदीकी आंगनवाड़ी केन्द्र जाएं।
2. सेविका दीदी से संपर्क करें।
3. पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से E- KYC एवं चेहरे का सत्यापन (Face Capture) कराएं।
4. पुष्टि के बाद पूरक पोषाहार प्राप्त करें।

14 से 18 वर्ष की किशोरियों के लिए यह योजना बिहार के 13 आकांक्षी जिलों

अररिया, औरंगाबाद, बांका, बेगूसराय, मुजफ्फरपुर, नवादा, पूर्णिया, सीतामढ़ी, शेखपुरा, जमुई, कटिहार, गया और खगड़िया में लागू है।

समेकित बाल विकास सेवाएं (ICDS) निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा जनहित में जारी

आई. सी. डी. एस निदेशालय, इंदिरा भवन, राम चरित्र सिंह पथ, पटना-800001 | वेबसाईट: icdsbih.gov.in

Follow us on: ICDSBR @IcdsDirectorate  icds_directorate

Watch us on www.youtube.com/@icdsdirectoratebihar

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 70 मरीजों ने लिया निःशुल्क परामर्श

**गया।** निर्वाणा क्लिनिक ने शनिवार को शहर के गोल पत्थर स्थित परिसर में निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में करीब 70 मरीजों ने भाग लिया। सभी को निःशुल्क परामर्श और मानसिक विकारों की स्क्रीनिंग दी गई। शिविर में अवसाद, चिंता और नशा जैसी समस्याओं पर विशेषज्ञों ने जानकारी दी। शिविर का नेतृत्व वरिष्ठ मनोचिकित्सकों की टीम ने किया। इसमें डॉ. मृदुल दीपांशु, डॉ. कृतिका अग्रवाल, डॉ. सी. एल. नारायण और डॉ. मृदुला नारायण शामिल रहे। मरीजों ने खुलकर अपनी समस्याएं साझा कीं। डॉक्टरों ने उन्हें समझाया कि समय पर इलाज से मानसिक स्थिति सुधर सकती है। डॉ. मृदुल दीपांशु ने कहा, यह शिविर सिर्फ इलाज नहीं, बल्कि जागरूकता और भरोसे की नींव रखने का प्रयास था। डॉ. कृतिका अग्रवाल ने कहा, आज भी कई लोग मानसिक समस्याओं को लेकर चुप रहते हैं। सही जानकारी और समय पर मदद से जीवन बेहतर हो सकता है।

### हड़ताल में शामिल नहीं होगा बीएमएस

**बिहारशरीफ।** भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री सुधीर पटेल ने बयान जारी कर कहा है कि 20 मई की हड़ताल में भारतीय मजदूर संघ भाग नहीं लेगा। उन्होंने कहा कि हड़ताल राजनैतिक दलों के ट्रेड यूनियन द्वारा बुलाई गई है, जो राजनीति से प्रेरित है। भारतीय मजदूर संघ अपने सभी ट्रेड यूनियनों से आग्रह करता है कि हड़ताल से दूरी बनाकर रखें।

### गया होंडा में साइन 100 का मना दूसरा वर्षगांठ

**गया।** शहर के स्टेशन रोड स्थित गया होंडा में साइन 100 का दूसरा वर्षगांठ शनिवार को भव्य समारोह के तहत मना। कार्यक्रम में बाइक के मौजूदा ग्राहकों ने इसकी खूबियां बताईं। कहा कि 100 सीसी की इस बाइक का कीमत में कोई मुकाबला नहीं। कंपनी ने 30 मई तक साइन 100 पर 5100 रुपए की छूट देने की घोषणा की। ग्राहक यह बाइक 5100 रुपए कम कीमत में खरीद सकते हैं। समारोह में बड़ी संख्या में ग्राहक पहुंचे। सभी ने साइन 100 की माइलेज और परफॉर्मेंस की तारीफ की।

### सुजान आईटीआई से 120 युवकों को मिली जॉब

**गया।** सुजान आईटीआई, रसलपुर में शनिवार को हायर इंडिया प्रा. लिमिटेड, पूना ने कैंपस सेलेक्शन आयोजित किया। कंपनी की एचआर टीम में निलेश शेलार और करण नाइक शामिल हुए। जॉब के लिए आयोजित इस कैंपस में कुल 137 अभ्यर्थी शामिल हुए। साक्षात्कार के बाद 120 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। सभी चयनित अभ्यर्थी मई 2025 के अंत तक हायर इंडिया प्रा. लिमिटेड, पूना में जॉइन करेंगे।

### सैनिक के परिजनों से मिले कांग्रेसी

**बिहारशरीफ।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला के नेतृत्व में पांच सदस्यीय दल बिंद प्रखंड प्रखंड के उतरथु गांव पहुंचा। टीम ने सेना के शहीद जवान सिकंदर राउत के शोक संतप्त परिवार से मिलकर सांत्वना दी। टीम में जिलाध्यक्ष के अलावा नंदू पासवान, राजीव कुमार मुन्ना, संजू पांडे, सरफराज मलिक, राणा अजय सिंह और महिला पर्यवेक्षक उषा चौबे शामिल थे। टीम के सदस्यों ने जवान के परिजन को केंद्र सरकार के अलावा राज्य सरकार से पर्याप्त मुआवजा देने की मांग की। साथ ही शहीद के दोनों छोटे बच्चों एवं पत्नी को सरकारी आवास तथा शिक्षा व्यवस्था सिमुलतला विद्यालय में करने की मांग की। उन्होंने भारत सरकार से भी मांग किया है कि ऐसे शहीदों के नाम पर बिंद में चौक का नाम सिकंदर चौक रखा जाए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सिकंदर रावत का शहादत नालंदा के गौरव गाथाओं को लिखना है। इसके पूर्व भी यहां के संतानों ने कारगिल युद्ध में भी अपनी शहादत दी थी।

### पावर ग्रिड बिहारशरीफ उपकेंद्र ने चलाया स्वच्छता अभियान

**बिहारशरीफ।** स्वच्छता पखवाड़ा के मौके पर पावर ग्रिड बिहारशरीफ उपकेंद्र द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कार्यालय परिसर व उपकेंद्र के आसपास साफ-सफाई की गई। उपकेंद्र के पदाधिकारियों व कर्मियों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली पावर ग्रिड से पावापुरी रेलवे स्टेशन तक गई। रेलवे स्टेशन परिसर में साफ-सफाई की गई। अभियान में रेलवे के स्टेशन मास्टर के साथ रेलवे के कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर पावर ग्रिड बिहारशरीफ उपकेंद्र के प्रभारी सह उप महाप्रबंधक मो. माज आलम ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति का अपने काम पर अमल करते हुए कर्तव्य और निष्ठा पूर्वक करने की जरूरत है। इस मौके पर पावर ग्रिड के पदाधिकारी अनुप्रिया, अमित कुमार चंचल, मो. अकबर इमाम, राजीव कुमार, आलोक कुमार, नीरज कुमार उपाध्याय, शिवशंकर आदि उपस्थित थे। बताते चलें कि 21 मई तक पावर ग्रिड बिहारशरीफ उपकेंद्र में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

### रसोइया संघ का 9 जुलाई से बेमियादी हड़ताल की घोषणा

**बिहारशरीफ।** विद्यालय रसोइयों की 20 मई को सांकेतिक हड़ताल और 9 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल होगी। संघ की राज्य महासचिव सरोज चौबे ने कहा है कि सरकार के खिलाफ आर पार की लड़ाई लड़ने का समय आ गया है । रसोईया को मात्र 1650 और वह भी 10 महीने काम लेने के बाद भुगतान किया जाता है। संघ के जिला संरक्षक पाल बिहारी लाल ने कहा कि राज्य द्वारा आहूत आन्दोलनात्मक गतिविधियों को नालंदा में मजबूती से लागू किया जाएगा। विद्यालय रसोइयों की सांकेतिक हड़ताल के दौरान मांगों से संबंधित ज्ञापन डीएम के माध्यम से सरकार को भेजा जाएगा। आगामी 9 जुलाई को केन्द्रीय ट्रेड यूनियन द्वारा आहूत आम हड़ताल के दिन से विद्यालय रसोइया अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

### कार क्षतिग्रस्त कर बदमाशों ने पिता व दो पुत्रों को पीटा

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना अंतर्गत महांदपुर गांव के पेट्रोल पंप के समीप शनिवार को बदमाशों ने पिता व दो पुत्रों को मारपीट कर जख्मी कर दिया। इसके बाद कार क्षतिग्रस्त कर बदमाशों ने हवाई फायरिंग कर, दहशत फैला दी। ग्रामीणों के सहयोग से जख्मी नवादा जिला के सिरदला निवासी व्यवसायी अशोक कुमार उनके पुत्र शुभम और राजकुमार को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जख्मी व्यवसायी ने बताया कि वे अपने दो पुत्रों के साथ कार पर सवार हो बिहारशरीफ से नवादा लौट रहे थे। महांदपुर गांव के पास स्थित पंप पर उन्होंने कार में पेट्रोल भराया। पंप से निकलने के दौरान एक युवक जानबूझकर कार से सटने का प्रयास किया। जिस पर उन्होंने कहा कि ठीक से चलिए। इसके बाद युवक आक्रोशित हो गाली-गलौज करने लगा और तीन सहयोगियों को बुला लिया। बदमाश उन्हें व उनके दो पुत्रों को ईंट से पीटने लगे। कार का भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद बदमाशों ने एक राउंड हवाई फायरिंग की। ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। प्रभारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

### पटना से राजगीर की दूरी 31 किमी होगी कम

**बिहारशरीफ।** सालेपुर-नरसंडा-तेलमर -करौटा पथ के 19 किलोमीटर के निर्माण पर 144 करोड़ रुपए खर्च कर निर्माण कार्य जारी है। शनिवार को सीएम ने इसका निरीक्षण किया। इसका निर्माण होने पटना से करौटा की दूरी 30 किमी,करौटा से जगदम्बा स्थान से तेलमर, नरसंडा, कचरा,भेड़िया,उतरा होते हुये सालेपुर की दूरी 19.43 किमी हो जाएगी। जबकि सालेपुर से राजगीर की दूरी करीब 26 किमी रह जाएगी। शनिवार को सीएम नीतीश कुमार ने सालेपुर-नरसंडा-तेलमर -करौटा पथ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएम ने निर्माण कार्य को लेकर अधिकारियों को कई दिशा निर्देश भी दिए।

# गया जिले में जमीन विवाद में पिता-पुत्र की हत्या

**निज संवाददाता। गया**



### ♦ भतीजे ने पहले चाचा, फिर भाई को मारा, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गया में शनिवार दोपहर जमीन विवाद में पिता और बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान अशोक सिंह और उनके बेटे कुणाल सिंह के तौर पर हुई है। परिवार का आरोप है कि अशोक सिंह के भतीजे नीतीश कुमार ने ही दोनों की हत्या की है। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी के पिता गुड्डू सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात के वक्त अशोक सिंह घर में अकेले थे। उन्हें गोली मारने के बाद आरोपी नीतीश गांव से भागने लगा। घटनास्थल से 500 मीटर दूर भागने के बाद आरोपी नीतीश को कुणाल मिला। नीतीश ने उसे भी गोली मार दी। घटना वजीरगंज थाना क्षेत्र के दखिनगांव की है।

**बेटा दिल्ली में पढ़ाई करता थाः** अशोक सिंह की पत्नी की कुछ दिन पहले मौत हो चुकी थी। बेटे कुणाल की अभी शादी नहीं हुई है। वो दिल्ली में रहकर पढ़ाई करता था। अभी वो घर आया हुआ था। शनिवार को ही उसे दिल्ली जाना था। एक बहन है उसकी शादी हो चुकी है। वो अपने ससुराल में रहती है।

**भाई से जमीन का विवाद चल रहा थाः** ग्रामीणों ने बताया कि अशोक सिंह 5 भाई है। भाइयों के बीच जमीन का विवाद चल रहा था। कुछ दिन पहले पैर का ऑपरेशन कराया था। वे बेड पर ही रहते थे। शनिवार को भतीजा नीतीश उनके घर पहुंचा था। जमीन को लेकर बहस करने लगा। इस बीच नीतीश वहां से हटकर थोड़ी दूर चला गया। बहस के दौरान नीतीश ने चाचा को गोली मार दी। गोली मारने के बाद वह खेत की ओर भाग रहा था। लेकिन रास्ते में कुणाल मिल गया। उसे भी गोली मार दिया। कुणाल के साथ चाचा भुट्टा सिंह भी थे। उन्होंने रोकने की कोशिश कि, लेकिन वो भाग निकला।

**आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारीः** घटना की सूचना पर एसएसपी वजीरगंज और थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद एसएसपी आनंद कुमार भी पहुंचे। ग्रामीणों से जानकारी ली। इनपुट के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी नीतीश के पिता गुड्डू सिंह को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## अत्यधिक नमक का सेवन सेहत के लिए घातक : डॉ. एमई हक




**निज संवाददाता। गया**

विश्व हाइपरटेंशन डे के उपलक्ष्य में शहर के जयप्रकाश नारायण सदर अस्पताल में जागरूकता रैली निकाली गयी। इस रैली के दौरान जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ एमई हक ने लोगों को हाइपरटेंशन के कारणों, लक्षण तथा बचाव के बारे में जागरूक किया। मौके पर बताया गया कि उच्च रक्तचाप साइलेंट किलर है। लंबे समय तक लोगों को हाइपरटेंशन होने का पता नहीं चल पाता है। युवा तथा बच्चे भी हाइपरटेंशन के शिकार हो रहे हैं। गलत जीवनशैली और सही खानपान नहीं होने के कारण इसका बड़ा असर लोगों पर हाइपरटेंशन के रूप में पड़ रहा है। तीस वर्ष की उम्र से अधिक लोगों को नियमित ब्लड प्रेशर की जांच करानी जरूरी है। हाई बीपी की वजह से ब्रेन हैम्रेज, दिल की बीमारी, लकवा व गुर्दे की समस्या सहित विकलांगता का जोखिम होता है। अत्यधिक नमक का सेवन, शराब व तंबाकू का सेवन सहित सही प्रकार से नींद नहीं लेना भी उच्च रक्तचाप का कारण बनता है। बताया कि उच्च रक्तचाप दिवस को लेकर 17 मई से 23 मई तक सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क जांच सह चिकित्सा परामर्श शिविर लगाये जायेंगे। शिविर में लोग आकर अपने रक्तचाप की जांच जरूर करायें।

## 'ब्रेस्ट फीडिंग सेंटर' के नाम पर 6 लाख का गबन

**निज संवाददाता। गया**



गया में 'ब्रेस्ट फीडिंग सेंटर' बनाने के नाम पर 6 लाख रुपए के गबन का मामला सामने आया है। इस संबंध में जिला परिषद अध्यक्ष नैना देवी और उपाध्यक्ष शीतल यादव ने मगध क्षेत्र के कमिश्नर से जांच की मांग की है। नैना देवी ने कहा कि बिहार सरकार की ओर से 24 स्वास्थ्य केंद्रों और 5 उप स्वास्थ्य केंद्रों पर ब्रेस्ट फीडिंग सेंटर खोले जाने थे। इसके लिए एल्युमिनियम से 10 बाय 10 फीट के कमरे बनाए जाने का आदेश जारी किया गया था। अब तक किसी भी स्थान पर कमरे का निर्माण नहीं हुआ है। जबकि मार्च महीने में ही निर्माण शुरू होने से पहले करीब 6 लाख रुपए की राशि निकाल ली गई।

**किस आधार पर सरकारी राशि का भुगतान किया गयाः** वहीं, जिला परिषद उपाध्यक्ष ने कहा कि जांच में यह सामने आया कि किसी भी अस्पताल में इस तरह का निर्माण कार्य नहीं हुआ है। जब जिला परिषद सदस्य अस्पतालों में जांच के लिए पहुंचे, तो स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। कुछ अस्पतालों में ठेकेदार द्वारा निर्माण सामग्री रखवाना शुरू कर दिया गया। पूरे मामले की शिकायत लिखित रूप से कमिश्नर और जिलाधिकारी से की है। अगर जांच नहीं की गई तो सरकार से सीधे हस्तक्षेप की मांग करेंगे। आखिर बिना काम पूरा हुए ठेकेदार को सरकारी धन का भुगतान कैसे कर दिया गया।

## बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल का पर्यावरण मंत्री ने किया निरीक्षण

**निज संवाददाता। नालंदा**



### ♦ डॉक्टर को लगाई फटकार, कहा- मरीजों को निजी क्लिनिक में भेजने की मिली शिकायत

पर्यावरण, जल परिवर्तन एवं वन विभाग के मंत्री डॉ. सुनील कुमार अचानक निरीक्षण करने रविवार को बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल पहुंचे। बिना किसी पूर्व सूचना के पहुंचे मंत्री ने अस्पताल व्यवस्था की कमियों को उजागर करते हुए डॉक्टर और अधिकारियों को फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अस्पताल प्रशासन की लापरवाही पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लगातार मुझे शिकायतें मिल रही थी कि यहां के डॉक्टर नियमित रूप से उपलब्ध नहीं रहते। अपने निर्धारित ड्यूटी समय में भी गैरमौजूद रहते हैं और मरीजों को अपने निजी क्लिनिक में भेजने का प्रयास करते हैं। डॉ. कुमार ने दावा किया कि उनके पास इसके प्रमाण स्वरूप कई वीडियो मौजूद हैं। "मेरे पास ऐसे वीडियो हैं जिनमें रात के समय इलाज के लिए आए मरीजों से डॉक्टरों ने कमरे से बाहर निकले बिना ही अपनी बीमारी बताने को कहा। गार्ड के माध्यम से दवा लिखकर भेजना क्या डॉक्टर का काम है? इन सभी घटनाओं की तारीख और समय का रिकॉर्ड मेरे पास मौजूद है।

**ड्यूटी पूरी करने में असमर्थ होने पर दें इस्तीफाः** स्वयं एक डॉक्टर होने के नाते, डॉ. कुमार ने अस्पताल के डॉक्टरों से सीधे संवाद करने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि मैं डॉक्टरों को समझाना चाहता हूं कि अगर वे अपनी ड्यूटी पूरी करने में असमर्थ हैं तो इस्तीफा दे दें, अन्यथा पूरी प्रतिबद्धता से मरीजों की सेवा करें। निरीक्षण के बाद, मंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि वे हर सप्ताह अस्पताल का निरीक्षण करें ताकि सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने अपने साथ आए चिकित्सा विशेषज्ञों से भी अस्पताल के डॉक्टरों के साथ बैठक आयोजित करने का आग्रह किया। मौके पर मॉडल अस्पताल के डीएस, एकाउंटेंट, मैनेजर और अस्पताल के डॉक्टर मौजूद रहें।

## रोड प्रोजेक्ट के निरीक्षण के लिए पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश

**निज संवाददाता। नालंदा**




### ♦ निर्माणाधीन सड़क से राजगीर जाना होगा आसान, फोर लेन में डेवलप करने का निर्णय

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को नालंदा जिले में महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सालेपुर-नरसंडा-तेलमर-करौटा पथ और प्रस्तावित सालेपुर से राजगीर बुद्ध सर्किट फोर लेन पथ निर्माण के एलाइनमेंट का गहन अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री की ओर से जिन सड़क परियोजनाओं का निरीक्षण किया गया, उनमें सालेपुर-नरसंडा-तेलमर-करौटा पथ, स्टेट हाइवे-78 (बिहटा सरमेरा) पथ से प्रारंभ होकर नेशनल हाइवे-30 (पटना-मोकामा के जगदंबा स्थान मोड़) पर समाप्त होता है। ये सड़क राजगीर जाने के लिए एक ऑप्शनल रास्ता होगा। मुख्यमंत्री ने इस सड़क को फोर लेन में विकसित करने का निर्णय लिया है, जिससे राजगीर जाने वाले पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों को न केवल सुविधा मिलेगी बल्कि यात्रा समय में भी कमी आएगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित सालेपुर से राजगीर बुद्ध सर्किट फोर लेन पथ के निर्माण में रेलवे लाइन के ऊपर एक एलिवेटेड पथ का निर्माण किया जाएगा। वर्तमान में जो सालेपुर से राजगीर तक दो लेन का मार्ग है, उसे चार लेन में विकसित किया जाएगा। इससे पटना से राजगीर की यात्रा न केवल सुगम होगी बल्कि यात्रा समय में भी कमी आएगी। मुख्यमंत्री ने अपने निरीक्षण के दौरान सालेपुर मोड़ के अतिरिक्त चौहान मोड़, बेलदारीपर और नूरसराय का भी स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को परियोजनाओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के लिए निर्देश दिए। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार और कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह, नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## नालंदा जिले में मां-पिता ने नाबालिग बेटी का किया मर्डर

**निज संवाददाता। नालंदा**



### ♦ साड़ी से बांध कर नदी में फेंकी लाश, अपनी पसंद से शादी करना चाहती थी लड़की

नालंदा में 17 साल की लड़की का मर्डर 8 दिन पहले उसके परिजनों ने कर दिया। फिर साड़ी में शव को लपेट कर पंचाने नदी में फेंक दिया। 6 दिन पहले पुलिस ने लाश बरामद की। कल लाश की पहचान हुई। लड़की अपने पसंद से शादी करना चाहती थी। जिसका विरोध उसके घर वाले कर रहे थे। पिछले कुछ समय से इस बात को लेकर हमेशा घर में झगड़ा हो रहा था। पिता चाहते थे कि जमीन बेचकर बेटी की शादी कर दें। जबकि जमीन बेचने का विरोध दोनों भाई करते थे। 2 दिन पहले रहुई पुलिस को साड़ी में लिपटा शव मिला था। पुलिस को आसपास के गांव में पूछताछ और सोर्सेस से पता चला कि महुआबाग खरथुआ निवासी विनोद यादव की बेटी स्वेती कुमारी (17) लापता है। स्वेती पांच भाई-बहनों में सबसे छोटी थी। पुलिस जांच में यह बात सामने आई की स्वेती की हत्या 9 मई को ही हुई थी। मारपीट और गला दबाकर मां-पिता, भाई व भाभियों ने मिलकर मर्डर किया था। शव को घर से करीब 200 मीटर दूर पंचाने नदी में साड़ी में लपेट कर फेंक दिया गया। इन्होंने लाश को साड़ी से बांधा था। जिसका टुकड़ा पुलिस को घर में भी मिला।

**चरवाहों की लाश पर पड़ी थी नजरः** हत्या के करीब 6 दिन बाद मवेशी पालकों की नजर शव पर पड़ी, जब कुछ चरवाहे मवेशी लेकर नदी किनारे गए हुए थे। तब उन्हें तेज दुर्गंध आ रही थी। पास जाकर देखा तो साड़ी में लिपटा हुआ एक शव पड़ा हुआ था। गोकुलपुर पुलिस को इस बात की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची गोकुलपुर पुलिस ने रहुई पुलिस को थाना क्षेत्र के नदी में शव होने की जानकारी दी। मौके पर पहुंची रहुई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम व पहचान के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस विनोद यादव के घर पहुंची। जहां घर में कोई भी पुरुष मौजूद नहीं था। पुलिस ने श्राद्ध कर्म से संबंधित घर में कुछ वस्तुएं देखी। घर की महिलाओं से पूछताछ पर पता चला कि पुरुष शादी में शामिल होने के लिए गए हैं।

**तबीयत खराब होने की सुनाई झूठी कहानीः** लड़की के बारे में घर की महिलाओं से पूछा गया तो उन लोगों ने बताया कि बच्ची की तबीयत खराब हो गई थी। इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। इसके बाद उसे गंगा में ले जाकर प्रवाह कर दिया गया है। जब प्रवाह किए जाने के स्थान के बारे में पूछा तो महिलाएं हिचकने लगीं। पुलिस ने हत्या के आरोप में स्वेती की मां शाकुन देवी और उसकी दो भाभियां बबिता देवी और संगीता देवी को गिरफ्तार किया। जबकि, विनोद यादव और उसके दोनों बेटे धनंजय कुमार और अजय कुमार की तलाश कर रही है। चौकीदार के बयान पर 15 मई को रहुई थाना में मामला दर्ज किया गया था।

## नालंदा में निशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन

**निज संवाददाता। नालंदा**



### ♦ फिजियोथेरेपी और होम्योपैथिक डॉक्टर भी मौजूद रहेंगे, डायबिटीज की जांच भी की जाएगी

नालंदा में आज भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। साप्ताहिक स्वास्थ्य शिविर बिहार शरीफ स्थित भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी भवन में सुबह 7:30 से 9 बजे तक संचालित होगा। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी और डॉ. विपिन कुमार वर्मा मौजूद रहेंगे। जो बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान करेंगे। इसके अलावा हड्डी एवं नस के मरीजों के लिए डॉ. सुमित राज, आंतरिक रोगों के लिए फिजिशियन डॉ. उमेश कुमार सिंह, डॉ. अखिलेश कुमार, आंखों की समस्याओं के लिए डॉ. देवेंद्र प्रसाद और दांतों के इलाज के लिए डॉ. रवि कुमार परामर्श देंगे।

**होम्योपैथिक डॉक्टर भी मौजूद रहेंगेः** पहली बार फिजियोथेरेपी सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। जिसके लिए डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम मौजूद रहेंगे। साथ ही होम्योपैथिक डॉक्टर की सुविधा भी रहेगी। जिसके लिए डॉ. गौतम कुमार अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। मधुमेह की जांच भी की जाएगी। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव ने बताया कि हमारा उद्देश्य समाज के सभी वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। इस साप्ताहिक शिविर के माध्यम से हम नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व को बढ़ावा दे रहे हैं। हमारा मानना है कि रोग का निदान समय पर होने से इलाज आसान हो जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार के टाइगर रिजर्व में शराब पार्टी, चार वनपाल समेत 11 अरेस्ट, हड़कंप



**पश्चिम चंपारण, एजेंसी।** शराबबंदी वाले राज्य बिहार में शराब पीते कई बार लोग पकड़े जाते हैं। इस बार एक टाइगर रिजर्व में बियर पार्टी करते जंगल के रक्षक ही पकड़े गए हैं। पश्चिम चंपारण में स्थित वाल्मिकी टाइगर रिजर्व बीयर पार्टी करते चार वनपाल समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक, बगहा के नौरंगिया में एसडीपीओ की छापेमारी में शराब पीते चार वनपाल समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की टीम ने मौके से आठ बियर की बोतलों को भी जब्त किया है। इस कार्रवाई के बाद से यहां हड़कंप मचा हुआ है। शनिवार की रात यहां शराब पार्टी चल रही थी। इधर अपनी गुप्त सूचना पर एसडीपीओ वहां छापेमारी करने पहुंच गए। जिसके बाद जंगल में बीयर पार्टी का भेद खुल गया। शराब पीने के मामले में वनपालों के गिरफ्तार होने से वन विभाग सकते में है।

### संजय चौधरी हत्याकांड : पीड़ित परिवार से मिले डिप्टी सीएम

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** संजय चौधरी हत्याकांड मामले में शनिवार को डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को फटकार भी लगाई। उन्होंने कहा कि सदर थाना के पताही से भगवानपुर के बीच आपराधिक घटना बढ़ गई है। जल्द से इसे ठीक करने की उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को चेतावनी दी। इस दौरान डिप्टी सीएम के साथ पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक कुमार, हरिमोहन चौधरी और स्थानीय मुखिया संजय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे। पीड़ित परिवार ने डिप्टी सीएम से जल्द से जल्द घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर के जरिए सेनाओं ने शौर्य को दुनिया को दिखाया : दिलीप जायसवाल

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल शनिवार को मुजफ्फरपुर पहुंचे। यहां उन्होंने भारतीय सेना के शौर्य और सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा में भाग लिया। तिरंगा यात्रा के दौरान गगनभेदी नारों से पूरा शहर गूंजता रहा। तिरंगा यात्रा में भाजपा के कार्यकर्ताओं के अलावा सभी धर्म व समाज के लोगों की सहभागिता रही। डॉ. जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सेना ने पाकिस्तान में दाखिल होकर दुश्मनों से बदला लिया। भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और अदम्य साहस पर संपूर्ण देश को गर्व है। 'ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दुनिया के सामने हमारी सेनाओं ने अदम्य साहस और शौर्य का प्रमाण दिया है।

# राज्यपाल बोले -भारत के लोगों का संवाद की शक्ति में विश्वास

### विश्व संवाद केंद्र . आद्य पत्रकार देवर्षि नारद स्मृति कार्यक्रम का आयोजन

**पटना, एजेंसी।** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा कि भारत के लोग संवाद की शक्ति में विश्वास रखते हैं। लेकिन, जिनके लिए संवाद की शक्ति अर्थहीन है, उनके लिए शक्ति के संवाद की आवश्यकता है। इस बात को हमारे ऋषियों ने हजारों साल पहले अग्रतः सकलं शास्त्रं, पृष्ठतः सशरं धनु..के रूप में स्थापित किया था। इसका अर्थ यह हुआ कि शांति को अपना परम धर्म मानते हैं, परंतु हम कायर नहीं हैं।

वे शनिवार को बीआईए सभागार में विश्व संवाद केंद्र द्वारा आयोजित आद्य पत्रकार देवर्षि नारद स्मृति कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रीय अस्मिता और समकालीन चुनौतियां विषयक संगोष्ठी में तपः स्वाध्याय निरतं तपस्वी वाग्विदां वरम् का उल्लेख करते हुए उन्होंने स्वामी रंगनाथ का जिक्र किया और कहा कि ज्ञान



को अर्जित करने के बाद उसे समाज में वितरित और विस्तारित करना ही मां सरस्वती के प्रति सच्ची श्रद्धा है।

बीच के कालखंड में हमने अपने लोगों के बीच अर्जित ज्ञान का वितरण बंद कर दिया था, इस कारण बाहरी आक्रमणकारियों द्वारा शासित होना पड़ा। हालांकि, विगत कुछ वर्षों से हमलोग अपनी मौलिक चीजों को पुनः स्थापित करने को लेकर प्रयासरत हैं।

उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का मानना था कि हमारे ज्ञान का उद्देश्य सुख की प्राप्ति नहीं, बल्कि अपने अंदर यह क्षमता विकसित करना है कि हमारे आसपास व्याप्त विविधताओं और विभिन्नताओं के पीछे छिपे एकात्मक भाव को देख सकें।

उन्होंने स्वामी विवेकानंद की पुस्तक कोलंबो से अल्मोड़ा तक का अध्ययन करने की सलाह दी। अनिल विभाकर को डॉ. राजेंद्र प्रसाद पत्रकारिता शिखर सम्मान मिला विश्व संवाद केंद्र न्यास द्वारा बिहार के तीन पत्रकारों को सम्मानित किया गया। डॉ. राजेंद्र प्रसाद पत्रकारिता शिखर सम्मान अनिल विभाकर को प्रदान किया गया। उत्कृष्ट रिपोर्टिंग के लिए पं. केशवराम भट्ट पत्रकारिता सम्मान नवादा के पत्रकार विशाल कुमार और रचनात्मक पत्रकारिता के लिए बाबूराव पटेल रचनाधर्मिता सम्मान प्रसिद्ध छाया पत्रकार सचिन कुमार को प्रदान किया गया। इस दौरान विश्व संवाद केंद्र की वार्षिक स्मारिका प्रत्यंचा का भी विमोचन हुआ। मंच संचालन विश्व संवाद केंद्र के संपादक संजीव कुमार और धन्यवाद ज्ञापन न्यास के सचिव डॉ. संजीव चौरसिया ने किया। हमारा संतुलन में विश्वास : नंदकिशोर विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि भारत के लोग संतुलन में विश्वास रखते हैं। हम दैहिक, दैविक और भौतिक तीनों प्रकार की उन्नति में विश्वास रखते हैं। आज दुनिया जिस समस्या को लेकर चिंतित है, उसका चिंतन हमारे ऋषि-मुनियों ने वर्षों पहले कर लिया था। उसी का परिणाम है कि पेड़-पौधों को पानी, पशु पक्षियों को दाना देने को हम धार्मिक कृत्य मानते हैं।



### बिहार में टीचरों की छुट्टी के लिए नई गाइडलाइन, स्कूल में छात्रों को अब रंगीन बेंच-डेस्क

**पटना, एजेंसी।** बिहार के स्कूलों में छोटे बच्चों को अब रंगीन बेंच-डेस्क दिए जाएंगे। यह छोटा भी होगा। इसी साल से इस योजना पर अमल हो जाएगा। एक से पांच तक बच्चों को किताब से पढ़ाया जाएगा। छठे क्लास से स्मार्ट बोर्ड पर पढ़ाई की सुविधा इसी साल से उपलब्ध हो जाएगी। शिक्षा की बात हर शनिवार कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने शिक्षकों से कहा कि वे ग्रिवांस पोर्टल पर शिकायत करें। व्यक्तिगत मोबाइल नंबर पर कोई समस्या भेजने के बजाए शिक्षक पोर्टल पर अपनी बात कहें। विभाग के अन्य अधिकारी भी उसे देखते हैं। उन्होंने कहा कि लड़कियों के लिए सैनिटरी पैड खरीदने को 300 रुपये दिए जाते हैं। शिक्षक अगर अपने काम को बोझ न समझें तो उन्हें बर्नआउट की स्थिति का सामना नहीं करना होगा। राज्यभर के स्कूलों का रेवेन्यू रिकॉर्ड होगा। स्कूलों में कितनी जमीन है, कितना अतिक्रमण है, इसका ब्योरा रहेगा। इसके लिए भू-संपदा व सहायक भू-संपदा पदाधिकारी बहाल किए जाएंगे, जो रेवेन्यू रिकॉर्ड का रखरखाव (मेंटेन) करेंगे। शिक्षकों की छुट्टी के लिए गाइडलाइन बनकर तैयार हो गई है। शिक्षकों को सीएल की छुट्टी एक दिन में मंजूर होगी।

## कंकड़बाग से दीघा तक रिपेयर होंगी 18 टूटी सड़कें:दरोगा राय पथ से लेकर मलाही पकड़ी तक खोदे हुए रोड बनेंगे

### आरसीडी को सौंपी गई लिस्ट



**पटना, एजेंसी।** पटना की सड़कों को बड़े स्तर पर खोदकर पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा है। जिन मेन रोड में काम पूरा हो गया है, वहां सड़कों की मरम्मत नहीं हुई है। बारिश में खुले मेनहोल, टूटी सड़कों की काफी समस्या होती है। जिन सड़कों पर सीवरेज नेटवर्क का काम पूरा कर लिया गया है, वहां का काम बुडको ने किया है। उन सड़कों की फिर से मरम्मती के लिए 18 सड़कों की लिस्ट पथ निर्माण विभाग (आरसीडी) को सौंपी गई है। मानसून से पहले ही बुडको एमडी अनिमेष कुमार पराशर द्वारा नमामि गंगे प्रोजेक्ट में लगी निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिया है कि खोदी गई सड़कों का काम पूरा होने के साथ ही रिस्टोर करें।

### 30 मई तक टूटी सड़कों की मरम्मत का दिया था निर्देश

तीन दिन पहले ही पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने 30 मई तक हर हाल में टूटी सड़कों की मरम्मति का आदेश दिया था। उन्होंने सभी एजेंसियों को निर्देशित किया कि निर्माण स्थलों पर सभी खुले मैनहोल को ढकने के साथ ही सभी गड्ढों को भी बिना कोई देरी भरना सुनिश्चित किया जाए। नई राजधानी पथ प्रमंडल, पटना में अब तक 12.787 किलोमीटर सड़क की मरम्मति पूरी कर ली गई है। पटना पश्चिम पथ प्रमंडल में 2.705 किलोमीटर में से 1.755 किलोमीटर पर काम पूरा हुआ है।

### 3642 मीटर सड़कों की होगी मरम्मती

नमामि गंगे प्रोजेक्ट में लगी एजेंसियों के अनुबंध में ही खोदी गई सड़कों को रिस्टोर करने का नियम है। काम के साथ ही सड़कों को पुराने स्वरूप में निर्माण किया जा रहा है। पथ निर्माण विभाग के सड़कों का रिस्टोरेशन उनके द्वारा ही किया जाता है। जबकि पटना नगर निगम की सड़कों की मरम्मती का काम बुडको की एजेंसी द्वारा किया जाता है। कुल 18 सड़क जिसकी लंबाई 3642 मीटर है, सीवेज पाइप बिछाने के बाद सड़कों को फिर से बनाने के लिए लिस्ट सौंपी गई है।

## बिहार के क्रिकेटर मुकेश कुमार इंडिया-ए टीम में शामिल:इंग्लैंड दौरे पर जाएगी टीम

### प्रदेश के तीन खिलाड़ियों को मिला मौका



**गोपालगंज, एजेंसी।** बीसीसीआई ने इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया-ए टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम में बिहार के तीन खिलाड़ियों को एक साथ शामिल किया गया है। इनमें गोपालगंज के सदर प्रखंड काकड़कुंड गांव के मुकेश कुमार भी शामिल हैं। बता दें कि मुकेश दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने 2001 में जिले के मिंज स्टेडियम से क्रिकेट की शुरुआत की। 2005-06 में प्रतिभा की तलाश क्रिकेट प्रतियोगिता में उनकी प्रतिभा को पहचाना गया। 2010-11 में एक दुर्घटना के बाद मुकेश कोलकाता चले गए। वहीं से उनके क्रिकेट करियर को नई दिशा मिली। 2014 में वे बंगाल टीम में शामिल हुए। 2015 में रणजी ट्रॉफी में हरियाणा के लाली ग्राउंड पर उन्होंने वीरेंद्र सहवाग का विकेट लिया।

### साइकिल से 15-20 दूर खेलने जाते थे

बता दें कि मुकेश काशीनाथ सिंह के सबसे छोटे बेटे हैं। वे दो भाई और चार बहनों में सबसे छोटे हैं। उन्होंने स्नातक तक की पढ़ाई पूरी की है। अपने शुरुआती दिनों में वे साइकिल से 15-20 किलोमीटर तक क्रिकेट खेलने जाते थे। खाने-पीने की चिंता किए बिना सिर्फ क्रिकेट पर ध्यान देते थे। वर्ष 2009- 10 में बिहार अंडर 19 टीम में बीसीसीआई के बनाये गए कमेटी में खिलाड़ी भी रहे। बिहार की मान्यता नहीं रहने के कारण बंगाल से ही क्रिकेट खेलने का मन बना लिया। मुकेश ने अलग-अलग समय में टीम इंडिया में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। अब वे इंडिया-ए की तरफ से इंग्लैंड में खेलते नजर आएंगे। उनके चयन से गांव में खुशी का माहौल है। भाई डीएन सिंह ने बताया कि मुकेश बचपन से ही क्रिकेट के प्रति काफी लगाव रखता था। उसमें कभी हार नहीं मानने की जिद और अथक परिश्रम के बदौलत उसने खुद से अपनी मेहनत कर जगह बनाई है। विभिन्न जगह क्रिकेट मैच खेलकर कई ट्रॉफी भी जीती है। उसकी क्रिकेट के प्रति इतनी लगाव थी कि वह सुबह से लेकर शाम तक क्रिकेट ही खेलते रहता था। कई बार परिजन उसे उसकी यह लगाव देख कर डांट-फटकार भी लगाया करते थे। इसके बावजूद परिजनों से छिपकर वह क्रिकेट खेलने निकल जाता था। बताया जाता है कि मुकेश की%पूर्व में माली हालत अच्छी नहीं थी जिसके कारण वे चाह कर भी आगे की पढ़ाई नहीं कर पाए किसी तरह स्नातक तक की पढ़ाई पूरी की। इसी बीच वह कोलकाता चले गए जहां उनके पिता टैक्सी चलाते थे। वहीं पर रहकर क्रिकेट खेलने लगे और आज उनकी सफलता सब के सामने है। बता दें कि भारतीय क्रिकेट टीम को अगले महीने इंग्लैंड का दौरा करना है। जहां पर उसे मेजबान टीम के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। 2023 में वेस्टइंडीज दौरे के दौरान पहली बार मुकेश कुमार को टीम इंडिया में मौका मिला था। उन्होंने टेस्ट, वनडे और टी-20 तीनों फॉर्मेट में अपना डेब्यू किया है।

**भारत ए टीम इस प्रकार है :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल (उपकप्तान, विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन (विकेटकीपर), मानव सुथार, तनुष कोटियन, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, खलील अहमद, रुतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे।

## बाढ़ की समस्या के समाधान और सिंचाई पर 4415 करोड़ होंगे खर्च



**पटना, एजेंसी।** राज्य में बाढ़ की समस्या से समाधान और सिंचाई के आधुनिक प्रबंधन पर 4415 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसकी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। जल संसाधन विभाग ने राज्य में प्रभावी सिंचाई प्रबंधन और प्रभावी बाढ़ जोखिम प्रबंधन के लिए विश्व बैंक की सहायता से बिहार जल सुरक्षा एवं सिंचाई आधुनिकीकरण परियोजना तैयार की है। इसका 30 प्रतिशत यानी 1324.50 करोड़ राशि राज्य सरकार देगी। शेष 70 प्रतिशत यानी 3090.50 करोड़ रुपये विश्व बैंक से लोन लिया जाएगा। इसमें जलवायु अनुकुल सिंचाई पर 2487.00 करोड़, बाढ़ जोखिम न्यूनीकरण पर 1525.00 करोड़, जल शासन पर 243.00 करोड़ और परियोजना प्रबंधन पर 160.00 करोड़ खर्च होंगे। इसके तहत होने वाले कार्यों का नोडल विभाग जल संसाधन विभाग है। इसमें कार्य ग्रामीण विकास विभाग और कृषि विभाग भी करेगा। परियोजना का कार्य अगले सात वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य है। सोन, गंडक एवं कोसी बैराजों की पुनर्स्थापन, सोन पश्चिमी मुख्य नहर का आधुनिकीकरण, पश्चिमी कोसी सिंचाई योजनाओं की पुनर्स्थापन व आधुनिकीकरण, झंझारपुर शाखा नहर की पुनर्स्थापन व आधुनिकीकरण, सारण मुख्य नहर का नवीकरण व लाइनिंग शामिल हैं।

## छात्रावास आंवटित ही नहीं तो ताला कैसे खुला

### बीएन कॉलेज में स्थिति देख राज्यपाल हैरान; छात्र की मौत पर मांगी रिपोर्ट

**पटना, एजेंसी।** पटना स्थित बीएन कॉलेज में मंगलवार को हुई बमबाजी में छात्र सुधीर कुमार की मौत से आहत राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां शनिवार को खुद कॉलेज कैंपस पहुंच गए। घटनास्थल पर लगभग एक घंटे तक उन्होंने पुलिस प्रशासन और पटना विश्वविद्यालय प्रशासन के पदाधिकारियों से हर पहलू पर जानकारी ली। साथ ही इस मामले की रिपोर्ट मांगी। राज्यपाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मैं राजभवन में बैठकर फैसला नहीं करूंगा। जहां समस्याएं होंगी, वहां जाकर निर्णय लूंगा। कैंपस में निर्दोष छात्र की हत्या बहुद ही दुखद है। कुलाधपति ने पटना विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों और पुलिस पदाधकारियों से जल्द रिपोर्ट मांगी तथा दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कुलपति प्रो. अजय कुमार सिंह से जल्द पूरे घटनाक्रम की एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है।



घटना के चार दिन गुजर जाने के बाद भी बीएन कॉलेज कैंपस में नहीं आने पर विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने विवि के पदाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को राजभवन भी बुलाया।

**छात्रावास में कमरे खुले होने पर जताई नाराजगी :** बीएन कॉलेज कैंपस से पैदल ही कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां एन कॉलेज छात्रावास चले गए। छात्रावास की स्थिति देखकर आश्चर्यचकित रह गए। पूछा कि जब छात्रावास आवांटित ही नहीं हुआ तो ताला कैसा खुला हुआ है। कुछ कमरों का ताला टूटा भी है। जब राजभवन के आदेश से छात्रावास बंद कराया गया था तो बिना आदेश का छात्रावास कैसे खोल दिया गया। इसकी रिपोर्ट विश्वविद्यालय जल्द दें। कुलाधिपति ने कहा कि छात्रावास में अवैध तरीके से रहने वाले छात्रों को हटाने की जबावदेही सिर्फ शिक्षकों की नहीं है।

छात्र प्रतिनिधियों को भी जिम्मेदारी लेनी होगी। ऐसी परिस्थिति में छात्रावासों को खोलना उचित नहीं है। कुलाधिपति ने खासकर छात्रों से अनुशासन में रहने की अपील की और कहा कि शिक्षकों का सम्मान करें। उनसे अभद्र व्यवहार न करें। कोई समस्या हो हमारे पास आएं। कैंपस में बेहतर माहौल बनाने की जिम्मेदारी सभी की है। वहीं मौजूद प्राचार्य कॉलेज के प्रो. राजकिशोर प्रसाद ने बताया सुबह में पुलिस ने छापेमारी की थी। इसमें कुछ लोगों को पकड़ा भी गया है।

# 24 विभागों में काम कर रहीं महिलाओं को अधिक मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा

**पटना, एजेंसी।** महिलाओं को सरकारी 24 विभागों में सबसे अधिक कठिनाई है। महिला संवाद में सामने आई समस्याओं की रिपोर्ट यह बताती है। स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, समाज कल्याण विभाग से अधिक शिकायतें महिलाओं को हैं। ये बातें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदेश पर राज्य भर में चल रहे महिला संवाद के दौरान सामने आई हैं। कुल मिलाकर 24 विभागों में काम कर रहीं महिलाओं को अधिक मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। आधी आबादी ने अबतक अलग-अलग विभागों में अटके हुए




काम, समस्याओं को महिला संवाद में दर्ज कराया, जिसे विभागवार अलग-अलग किया गया। इन संबंधित विभागों को इसपर कार्रवाई का जिम्मा दिया गया है। जिले में चिन्हित 18 हजार शिकायतों में 9 हजार पर ही अबतक कार्रवाई हुई है। इसमें भी ग्रामीण विकास विभाग के पास सबसे अधिक 2427 शिकायतें पेंडिंग हैं। दूसरे नंबर पर स्वास्थ्य विभाग है, जहां एक हजार से अधिक मामले पेडिंग हैं। सबसे कम शिकायतें आपदा प्रबंधन, अजा-अजजा विभाग से हैं।

**विभागवार आये मामले और निदान के आंकड़े :** महिलाओं ने शिक्षा विभाग से संबंधित जो समस्याएं बताईं, उनमें 1375 मामलों का निष्पादन हो चुका है और 567 अब भी पेंडिंग है। अजा-अजजा विभाग के 3 मामलों का निष्पादन हुआ और 9 लंबित हैं। सामाजिक कल्याण विभाग के 1158 मामले में कार्रवाई हुई जबकि 715 लंबित है। योजना एवं विकास विभाग से 20 मामलों का निपटारा हुआ है और एक पेंडिंग है। खाद्य विभाग से संबंधित 41 मामलों का समाधान हुआ जबकि 136 लंबित है। को-ऑपरेटिव से 3 मामलों का समाधान और 72 पेंडिंग है। श्रम विभाग से 51 पर कार्रवाई हुई, 184 लंबित है। पंचायती राज विभाग से संबंधित 559 अब भी लंबित हैं। महिलाओं ने कहा कि अपर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रेबिज समेत अन्य टीका उपलब्ध नहीं होता है।

## बेकाबू ऑटो साइकिल को रौंदते हुए पलटा, छह शिक्षिकाएं घायल

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर-दरभंगा पुराने रोड पर गरहां में शनिवार की सुबह बेकाबू ऑटो साइकिल को रौंदते हुए दीवार से टकराकर पलट गया। इसमें आधा दर्जन शिक्षिकाएं और साइकिल सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। ऑटो शहर से सभी शिक्षिकाओं को लेकर शर्फुद्दीनपुर की ओर जा रहा था। हादसे के बाद चालक भाग गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 व गरहां पुलिस ने घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से बोचहां अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से गंभीर हालत में शिक्षिका उत्तरप्रदेश के हरदोई जिले के पुरबावां भल्लावां निवासी रूबी बानो को एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया। वहीं, घायल साइकिल सवार पतिराम भगत को परिजन निजी क्लीनिक ले गये।

ग्राम कचहरी सचिव उमेश रजक व गरहां के सुरेश राय ने बताया कि गरहां में शहर की ओर से आ रहे पतिराम भगत रोड किनारे स्थित अपने दरवाजे पर जाने के लिए दायीं ओर मुड़े। इसी दौरान बेकाबू ऑटो ने ठोकर मार दी। मध्य विद्यालय बोचहां के शिक्षक जाहिद हुसैन ने बताया कि टीआरई 3 में चयनित उत्तरप्रदेश की शिक्षिका रूबी बानो शुक्रवार को स्कूल में योगदान किया था। थानाध्यक्ष आशीष कुमार ठाकुर ने बताया कि ऑटो व साइकिल को जब्त कर लिया गया है। आवेदन मिलने पर छानबीन की जाएगी।

**हादसे में ये हुए हैं घायल :** श्री पारसनाथ राजकीय मध्य विद्यालय बोचहां में कार्यरत उत्तरप्रदेश के हरदोई जिले के पुरबावां भल्लावां निवासी रूबी बानो (37), उत्तरप्रदेश के मेरठ निवासी सुखपाल सिंह की पत्नी स्वर्णा कुमारी, बल्थीरसूलपुर पंचायत के मध्य विद्यालय रोशी में कार्यरत शिक्षिका रोशी निवासी सरोज कुमार झा की पत्नी रानी कुमारी, पश्चिम चंपारण के सिठ्ठी गौनाहा निवासी प्रिंस कुमार की पत्नी मनीषा कुमारी, मध्य विद्यालय देवगन में कार्यरत शिक्षिका रेखा कुमारी, मवि ककड़ाचक पश्चिमी में कार्यरत शिक्षिका कटरा धनौर निवासी देवेंद्र पंडित की पुत्री सिमरन कुमारी व साइकिल सवार गरहां निवासी स्व. गुलाम भगत के पुत्र पतिराम भगत (37) शामिल हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### "खेलो इंडिया यूथ गेम्स' में तिलौथू के योगा खिलाड़ियों का अद्वितीय प्रदर्शन, मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



**तिलौथू, रोहतासः** बिहार के गौरवपूर्ण इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। "खेलो इंडिया यूथ गेम्स" में योगासना स्पर्धा के तहत तिलौथू, रोहतास की टीम ने कोच सावली सिन्हा के कुशल नेतृत्व में अद्भुत प्रदर्शन किया। भले ही टीम को पदक न मिला हो, लेकिन उनके योग कौशल, अनुशासन और समर्पण ने पूरे प्रदेश का मान गर्व से ऊँचा कर दिया। विशेष गौरव की बात यह रही कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने स्वयं अमलतास निकेतन, तिलौथू की छात्रा – कक्षा 5 में अध्ययनरत सावली कुमारी, पिता सत्येंद्र कुमार से भेंट कर उसे आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री की यह आत्मीय पहल न केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने वाली रही, बल्कि यह भी दर्शाता है कि बिहार सरकार योग और पारंपरिक खेलों को कितनी गंभीरता से प्रोत्साहित कर रही है। इस प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया है कि तिलौथू जैसे ग्रामीण क्षेत्र से भी प्रतिभाएं राष्ट्रीय मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकती हैं, बशर्ते उन्हें सही दिशा और प्रशिक्षण मिले। यह सफलता उन सभी युवाओं के लिए एक प्रेरणा है जो योग, खेल और आत्मविकास की राह पर अग्रसर हैं। प्रदेश की इस उपलब्धि पर कोच सावली सिन्हा समेत समस्त टीम और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई। राज्य में योग और खेलों के उज्ज्वल भविष्य के लिए यह क्षण मील का पत्थर साबित होगा।

### अमझोर पुलिस का बड़ा अभियानः सोन टीला पर 3000 लीटर महुआ शराब किया गया नष्ट

**तिलौथू (अमझोर)।** अपराध और शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान को तेज करते हुए अमझोर थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। शनिवार को कमजोर थाना अंतर्गत बिशनपुर घाट स्थित सोन टीला इलाके में पुलिस ने छापेमारी कर 3000 लीटर महुआ शराब जब्त कर उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया। थाना अध्यक्ष श्याम कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण एवं तस्करी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लगातार शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और उनके हर ठिकाने को ध्वस्त किया जाएगा। पुलिस की इस त्वरित और साहसी कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। आम जनता ने भी पुलिस की तत्परता की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि ऐसे ही अभियान चलाकर समाज को नशामुक्त बनाया जा सकता है। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शराब माफियाओं की अब खैर नहीं। हर गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। यह अभियान न केवल कानून का सख्त पालन सुनिश्चित करता है, बल्कि समाज को सुरक्षित और नशामुक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### तिलौथू की मुर्गा गली का होगा कायाकल्प, जल्द मिलेगा जाम, गंदगी और प्रदूषण से निजात

**तिलौथू (रोहतास)।** दो दशकों से जाम, गंदगी, प्रदूषण और जर्जर सड़क की समस्या झेल रहे मुर्गा गली के लोगों को अब बड़ी राहत मिलने जा रही है। जिला परिषद सदस्य विमल कुंवर एवं समाजसेवी डोमा साह की पहल पर तिलौथू थाना से मुर्गा मार्केट होते हुए देहाती किराना स्टोर तक पीसीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा। सड़क के दोनों ओर नाली भी बनाई जाएगी, जिस पर ढक्कन लगाए जाएंगे ताकि जलजमाव और गंदगी की समस्या न रहे। इस महत्वपूर्ण परियोजना से गांव देहात से तिलौथू सब्जी मार्केट तक आवागमन सुगम होगा और मेन रोड पर यातायात का दबाव भी घटेगा। स्थानीय लोगों को न केवल सफर में आसानी होगी, बल्कि प्रदूषण और स्वास्थ्य समस्याओं से भी राहत मिलेगी। स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिला परिषद सदस्य विमल कुंवर के साथ उनके पिता एवं वरिष्ठ समाजसेवी डोमा साह, जिला परिषद प्रतिनिधि शिव गुप्ता, जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि हीरालाल सहित अन्य सहयोगी भी मौजूद थे। मौके पर उपस्थित प्रतिनिधियों ने स्थानीय जनता को भरोसा दिलाया कि सड़क निर्माण कार्य बहुत जल्द प्रारंभ किया जाएगा और इसे गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण किया जाएगा।

### शराब तस्करी रोकने को लेकर बैठक

**आरा**| विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर मद्य निषेध विभाग सतर्क हो गया है। भोजपुर जिले के आरा मद्यनिषेध कार्यालय में बलिया उत्तर प्रदेश, भोजपुर, बक्सर और सारण के मद्यनिषेध व आबकारी पदाधिकारियों की समन्वय बैठक हुई। बैठक में सीमावर्ती इलाकों में शराब की बिक्री पर नियंत्रण, अवैध भंडारण और निर्माण पर कार्रवाई को लेकर रणनीति बनी। बैठक में तय हुआ कि सीमा पर स्थित सभी शराब दुकानों की मासिक बिक्री का प्रतिवेदन, पिछले वर्ष की बिक्री सहित, उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में बलिया उत्तर प्रदेश के जिला आबकारी पदाधिकारी विजय कुमार सिन्हा, आरा के सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश कुमार, सारण के केशव कुमार झा, बक्सर के असरफ आलम, बलिया के दिनेश कुमार, जगदीशपुर के निरीक्षक मद्यनिषेध अजीत कुमार और आरा सदर के सहायक अवर निरीक्षक रविन्द्र कुमार यादव शामिल हुए।

### संस्कृति को किया गया सम्मानित

**बक्सर**| जिले में डीएवी पब्लिक स्कूल, डुमरांव की छात्रा संस्कृति सिंह ने सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा में 97.8% अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित कर उसे सम्मानित किया गया। उसने अंग्रेजी में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। उसने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, केवल कठिन परिश्रम ही इसका रास्ता है। संस्कृति की इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता अखिलेश्वर सिंह और अर्चना सिंह ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य सीके पाठक ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। मौके पर दीपक सिंह, मुकेश सिंह, राकेश पांडेय, प्रसून राय, लाल बहादुर सिंह, ज्योति सिंह, नीतीश कुमार आदि मौजूद थे।

### फर्जी सर्टिफिकेट पर नौकरी करने के आरोप में प्राथमिकी

**आरा**| 15 वर्षों से फर्जी सर्टिफिकेट दिखाकर शिक्षा विभाग में नौकरी करने वाले शिक्षकों को निगरानी विभाग, पटना ने पकड़ा है। उन शिक्षकों पर धारा-420/467/468/471 /120 बी के तहत संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना पुलिस निरीक्षक-सह-सहायक जांचकर्ता अरुण पासवान ने शाहपुर प्रखंड के इंदिरा आवास प्राथमिक विद्यालय करजा में कार्यरत शिक्षक रणधीर यादव पर एफआईआर दर्ज करने के लिए बहोरनपुर थाना को पत्र भेजा है। शिक्षक का नियोजन वर्ष-2010 है। निगरानी से मिली जानकारी के अनुसार नियोजन के समय शिक्षक ने जो प्रमाण-पत्र दिए थे। वह जांच के क्रम में फर्जी पाया गया है।

### हथियार तस्कर व दो नाबालिग गिरफ्तार

**आरा।** आरा शुक्रवार रात टाउन थाना पुलिस और एसटीएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के मझौवा बांध के पास से हथियार तस्कर श्रवण कुमार को गिरफ्तार किया। श्रवण कुमार हथियार तस्करी गिरोह का मुख्य सरगना है। उसके पास से एक पिस्टल और 5 कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में सरवन ने गैंग में शामिल दो नाबालिगों के नाम बताए। दोनों को पुलिस ने निरुद्ध किया।

# सत्यम गोलीकांड में आरोपी को पुलिस ने रिमांड पर लिया

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस ने सत्यम गोलीकांड में जेल में बंद आरोपी अभिषेक कुमार को रिमांड पर लिया है। करीब 12 घंटे तक पूछताछ की है। वारदात में इस्तेमाल हथियार कहां से लाया था। इसका पता लगाया जा रहा है। नवादा थाना क्षेत्र के केजी रोड में 5 मार्च केस उठाने से मना करने पर अपराधियों ने सत्यम को गोली मार दिया था। गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस मामले में घायल ने पड़ोसी विजयंत सिंह और अभिषेक कुमार के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस दबिश के चलते अभिषेक ने कुछ दिन पहले



सरेंडर कर दिया था।

**चाचा को मारा था गोलीः** बता दें, नामजद आरोपियों ने 28 जनवरी को कृष्णागढ़ थाना के सोहरा इलाके में सत्यम के चाचा सुमित सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। सत्यम ने बताया कि घटना वाले दिन

♦ **करीब 12 घंटे तक हुई पूछताछ, भोजपुर में केस नहीं उठाने पर अपराधियों ने मारी थी गोली**

मेरे पापा और चाचा आपस में लड़ाई कर रहे थे। इस दौरान नशे की हालत विजयंत सिंह और अभिषेक कुमार वहां पहुंचा और कहा कि इनलोगों को मारो। इतने में एक ने पिस्तौल निकालकर चाचा को मार दिया। इसके बाद से ही विवाद चल रहा है। केस उठाने की धमकी देता है।

## भोजपुर में सड़क हादसे में छात्र की मौत



निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सदर अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में मौत हो गई। मृतक की पहचान उदवंतनगर के खजुआता निवासी शत्रुघ्न प्रसाद के पुत्र सूरज कुमार(15) के तौर पर हुई है। इंटर में पढ़ता था। मां को चाचा के घर पर छोड़ने जा रहा था।

**मां को छोड़कर घर लौट रहा थाः** परिजनों ने बताया कि शनिवार को सूरज के चचेरी बहन सविता कुमारी की शादी थी। शादी समारोह में शामिल होने के लिए मां को लेकर चाचा के

♦ **मां को छोड़कर घर लौट रहा था, तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर**

घर अगिआंव गया था। वहां से लौटते समय पीछे से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। परिवार में मां अनिता देवी, भाई विशाल और बहन रानी है। मौत के बाद सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## 30 कंपनियां देंगी 1000 युवाओं को नौकरी

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के डुमरांव स्थित राज +2 उच्च विद्यालय में 21 मई 2025 को एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन-सह-व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला आयोजित किया जाएगा। श्रम संसाधन विभाग और जिला नियोजनालय की ओर से आयोजित इस मेले में 30 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी।

**मेले में कई क्षेत्र की कंपनियां होंगी शामिलः** मेले में आईटी, ऑटोमोबाइल, होटल, मॉल, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र की कंपनियां शामिल होंगी। इन कंपनियों द्वारा 1000 से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। मेला पूर्णतः निःशुल्क है। मेला सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगी।

**यह दस्तावेज लाने होंगेः** प्रतिभागी युवाओं को अपना बायोडाटा, योग्यता प्रमाण पत्र की छायाप्रति और पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना होगा। मेले में एनसीएस पोर्टल पर पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

**विभिन्न योजनाओं की मिलेगी जानकारीः** श्रम संसाधन



♦ **बक्सर के राज +2 स्कूल में 21 मई को रोजगार मेला, कई क्षेत्र की कंपनियां मेले में होंगी शामिल**

विभाग, उद्योग विभाग, जीविका और आरसेटी जैसी संस्थाएं भी अपने स्टॉल लगाएंगी। यहां विभिन्न योजनाओं की जानकारी और कैरियर संबंधी मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिला नियोजन पदाधिकारी ने क्षेत्र के निजी संस्थानों से रिक्तियों की जानकारी साझा करने का अनुरोध किया है। जिला प्रशासन ने बक्सर और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# बक्सर में एसडीएम ने ट्रक चालक को मारा थप्पड़

♦ **बालू लदे ट्रक के ग्रामीण सड़क पर परिचालन का सवाल, चालक बोला- "मेरे सभी कागजात वैध"**

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के डुमरांव अनुमंडल के एसडीएम राकेश कुमार का एक ट्रक ड्राइवर को थप्पड़ मारने का वीडियो सामने आया है। यह घटना 17 मई की दोपहर भोजपुर से सिमरी जाने वाली ग्रामीण सड़क पर हुई। बताया गया कि बक्सर के जिलाधिकारी सिमरी प्रखंड में तटबंध और पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान एसडीएम राकेश कुमार की नजर एक बालू लदे ट्रक पर पड़ी। ट्रक को रुकवाकर चालक से कागजात की जांच की गई। बाताया जा रहा है कि इसी दौरान विवाद होने पर एसडीएम ने हाथ चलाई थी।

**चालक का दावा- "सभी कागजात वैध":** ट्रक चालक शिव जी यादव ने बताया कि वह बिहटा (दानापुर) से देवरिया के लिए



बालू लेकर जा रहा था और उसके पास वैध चालान और दस्तावेज थे। उसने कहा कि ट्रक अंडरलोड था और बालू नियाजयपुर में मालिक के पास गिराना था। चालक के अनुसार, वह नियमों के तहत ही बालू ढो रहा था।

**एसडीएम ने बदतमीजी का लगाया आरोपः** एसडीएम राकेश कुमार का कहना है कि ट्रक चालक ने यूपी के तीन चालान दिखाए। वह नेशनल हाइवे छोड़कर ग्रामीण सड़क का उपयोग कर रहा था, जिससे सड़क को नुकसान पहुंच रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि कागजात दिखाने को कहने पर चालक ने बदतमीजी की, जिसके बाद उसे डराने के लिए थप्पड़ मारा गया।

**वीडियो आया सामने, प्रशासन ने साधी चुप्पीः** घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है, जिसमें एसडीएम द्वारा चालक को थप्पड़ मारते हुए देखा जा सकता है। हालांकि, जिला प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। अधिकारियों ने ट्रक के कागजात जब्त कर लिए हैं और आगे की जांच की बात कही है।

# सपा प्रत्याशी को 2135 मतों से हरा बुचिया देवी बनीं अध्यक्ष , धनवती देवी हुईं पराजित

निज संवाददाता। बक्सर

उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के बांसडीह तहसील क्षेत्र स्थित मनियर नगर पंचायत के उपचुनाव में भाजपा नेता कुंवर कमलेश सिंह के समर्थन से चुनाव मैदान में उतरीं बुचिया देवी ने निर्णायक जीत दर्ज की है। उन्होंने समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार धनवती देवी को 2135 मतों के भारी अंतर से पराजित कर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। इस ऐतिहासिक जीत की खुशी में शनिवार को बक्सर जिला मुख्यालय स्थित चरित्रवन परिसर की रानी कोठी में विजय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर के प्रबुद्ध जनों, समाजसेवियों और राजनीतिक नेताओं ने भाग लिया और भाजपा नेता कुंवर कमलेश सिंह को मिठाई खिलाकर बधाई दी। समारोह में रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. श्रवण तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उमा पांडेय, डॉ. शशांक शेखर, सिधेश्वरानंद बक्सरी, राजद जिलाध्यक्ष शेषनाथ सिंह यादव, एमएलसी प्रतिनिधि संजय सिंह, अति पिछड़ा वर्ग के नेता सरोज राजभर, समाजसेवी संतोष चौबे, सतेंद्र उपाध्याय सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे। विजयी प्रत्याशी बुचिया देवी का शपथ ग्रहण समारोह बलिया जिले के मनियर



इंटर कॉलेज के सभागार में उत्सवी वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समारोह की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर दीप प्रज्वलन कर की गई। बांसडीह के अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक प्रियदर्शी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह का संचालन जिला सहकारी बैंक बांसडीह के चेयरमैन कुंवर विजय सिंह उर्फ पप्पू जी ने किया। जानकारी देते हुए भाजपा नेता कमलेश सिंह ने बताया कि बुचिया देवी मनियर नगर पंचायत की 12वीं अध्यक्ष बनी हैं और उन्हें अभूतपूर्व जनसमर्थन प्राप्त हुआ है। शपथ ग्रहण समारोह में बांसडीह विधायक केतकी सिंह, पूर्व विधायक संजय यादव, पूर्व सांसद सुरेंद्र सिंह, शिवशंकर चौहान, छट्ठू राम, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद शंकर दूबे तथा सुभासपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील सिंह आदि थे।

## तिरंगा यात्रा निकाल सेना का किया गौरव गान



निज संवाददाता। बक्सर

पहलगाम में 26 सैलानियों का धर्म पूछकर उनकी बर्बर हत्या ने देश को झकझोर दिया था। आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग का जवाब भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिन्दूर से दिया। भारतीय वायुसेना ने दुश्मन के घर में घुसकर भारत की ताकत से परिचित कराने के साथ सख्त संदेश दिया की नहीं सुधरे तो घर में घुसकर मारेंगे। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय जनता पार्टी देशभर में सेना के सम्मान में 13 मई से 23 मई तक तिरंगा यात्रा अभियान चला रही है। इसी कड़ी में शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने किला मैदान से तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाला। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन कर रहे थे। 10 दिन से चलने वाली इस राष्ट्रव्यापी यात्रा का मकसद हाल ही में सफल रहे ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धियां को तथा हमारे सेना के जवानों के शौर्य को हर नागरिक तक पहुंचना है। इस सम्मान शौर्य यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शम्भू सिद्धार्थ भी शामिल रहे। तिरंगा यात्रा में आमजन, मातृशक्ति, पूर्व सैनिक, युवा वर्ग ने तिरंगे के साथ पद यात्रा में हिस्सा लिया।

# वीर कुंवर सिंह विवि में तकनीक पर 200 से ज्यादा रिसर्च पेपर पढ़े गए

निज संवाददाता। आरा

आरा/बक्सर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पीजी मनोविज्ञान विभाग में राष्ट्रीय सेमिनार के दूसरे दिन दो सत्र हुए। पहले सत्र में बीएचयू के प्रोफेसर ओपी मिश्रा ने कहा कि बच्चों को दूध पिलाते या खाना खिलाते समय स्क्रीन दिखाना उनके मानसिक विकास पर बुरा असर डालता है। कानपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अरविंद पांडे ने कहा कि तकनीक को सिर्फ मोबाइल तक सीमित करना सही नहीं है। तकनीक से देश का हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। यह मानव कल्याण के लिए लाभकारी है। दक्षिण भारत से आए इंजीनियर मयंक प्रकाश ने कहा कि आज तकनीक के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। बीएचयू के प्रोफेसर सत्यगोपाल ने बताया कि डिजिटल तकनीक ध्यान, स्मृति और सीखने की क्षमता को प्रभावित करती है। दूसरे सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर लतिका वर्मा और प्रोफेसर यशवंत कुमार ने की। इस सत्र में पैनल डिस्कशन भी हुआ। दो दिनों में कुल दो सौ से अधिक रिसर्च पेपर पढ़े गए। इनमें तीस पेपर ऑनलाइन प्रस्तुत किए गए। आज ही बेस्ट पेपर का



अवॉर्ड भी दिया गया।सेमिनार का संचालन प्रीतिका कुमारी ने किया। डॉ. वाचस्पति दुबे ने सेमिनार का सार प्रस्तुत किया। प्रोफेसर यशवंत कुमार ने राष्ट्रीय सेमिनार को समृद्ध मंच देने में अहम भूमिका निभाई। विभागाध्यक्ष और संयोजक प्रोफेसर लतिका वर्मा ने देशभर से आए विद्वानों और मीडिया का आभार जताया। विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर लाल बाबू सिंह ने सेमिनार के प्रबंधन में बड़ी भूमिका निभाई। आयोजन में अभिषेक तिवारी उर्फ गोलू को उत्कृष्ट कार्य के लिए एक्सीलेंस अवॉर्ड दिया गया। समन्वयक डॉ. वाचस्पति दुबे को आईपीए की ओर से गोल्ड मेडल मिला। छात्र नेता सुशील टाइगर ने भी आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# बिहार की टीम पहुंची फाइनल में

निज संवाददाता। आरा

स्थानीय मैना सुंदर धर्मशाला में चल रही तीन दिवसीय द्वितीय सब जूनियर और जूनियर बालक-बालिका राष्ट्रीय गो प्रतियोगिता के दूसरे दिन सभी वर्गों के सेमीफाइनल मुकाबले हुए। बिहार की बालक और बालिका टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली। सब जूनियर बालक वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में बिहार ने आंध्र प्रदेश को 16-09 से हराया। तेलंगाना ने ओडिशा को 64-18 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सब जूनियर बालिका वर्ग में आंध्र प्रदेश ने उत्तर प्रदेश को 16-02 से हराया। जूनियर बालिका वर्ग में आंध्र प्रदेश ने उत्तर प्रदेश को 18-09 से हराया। तमिलनाडु ने बिहार को 02-01 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। जूनियर



बालक वर्ग में तमिलनाडु ने महाराष्ट्र को 43-01 से हराया। तेलंगाना ने आंध्र प्रदेश को 11 के मुकाबले 03 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में आंध्र प्रदेश की कप्तान निहिता, ओडिशा के शिवाशीष मोहंती, तेलंगाना के मोहम्मद रेयान आजम, तमिलनाडु के संजय, बिहार की बालिका टीम की कप्तान अन्विता सिंह, गोवा से निखिल, चंडीगढ़ से सतपाल सहि, पंजाब के सुखपाल सिंह, पांडचिरी के राज और वेस्ट बंगाल से एमडी राजा शामिल हैं। आयोजन सचिव डॉ. विजयेश ने बताया कि देर रात तक पेयर इवेंट के सभी मुकाबलों के नतीजे आ जाएंगे। मौके पर कुमार वैभव, अमृता सिसोदिया, शिवानी रॉय, चंदन पांडेय, प्रीयता प्रसाद, अरुण कुमार बाला, डॉ. शकील अहमद, अब्दुल्ला सिद्दीकी आदि थे।

## संक्षिप्त समाचार

### शहरी विकास के लिए 77 परियोजना में 33 का टेंडर

**भागलपुर।** शहरी क्षेत्र के विकास के लिए श्रम संसाधन विभाग सह भागलपुर के प्रभारी मंत्री ने शनिवार को बैठक कर मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजनाओं पर चर्चा की गई। सीएम नीतीश कुमार ने पिछले वित्तीय वर्ष में इस योजना को शुरू की है। इस योजना के तहत 77 परियोजनाएं शामिल हैं। इनमें 33 का टेंडर हो गया है। भागलपुर नगर निगम क्षेत्र की सड़क, पार्क, जलाशय और घाटों के विकास के लिए 12.71 करोड़ रुपए मिले हैं। 2011 की आबादी के हिसाब से क्षेत्र को ये राशि आवंटित हुई। इसी तरह नवगछिया नगर परिषद को 1.72 करोड़, सुल्तानगंज नगर परिषद को 1.82 करोड़, कहलगांव नगर पंचायत को 1.07 करोड़, पीरपैंती नगर पंचायत को 46.78 लाख, अकबरनगर 43.30 लाख, सबौर नगर पंचायत को 39.96 लाख, हबीबपुर नगर पंचायत को 38.33 लाख रुपए मिले हैं। डीआरडीए निदेशक दुर्गा शंकर ने कहा कि योजना में तय राशि से तीन गुनी राशि की ली जाती है। योजनाओं पर विधायक व एमएलसी के बताए काम शामिल होते हैं। प्रभारी मंत्री ने विधायकों से मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए कराए जाने वाले कार्यों की सूची मुहैया कराने का आग्रह किया। बैठक का शुभारंभ डीडीसी प्रदीप कुमार सिंह, विधायक पवन कुमार यादव, ललन कुमार ने प्रभारी मंत्री के साथ दीप प्रज्वलित कर किया।

### नाथनगर, गोराडीह, सन्हौला और रंगरा में बनेंगे स्टेडियम

**भागलपुर।** जिले के चार प्रखंडों में आउटडोर स्टेडियम बनेंगे। खेल विभाग की राज्य में खेलों के विकास और खिलाड़ियों को आधुनिक खेल संरचना उपलब्ध कराए जाने से जुड़ी मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत स्टेडियम बनाए जाएंगे। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में खेल विभाग ने स्वीकृति दी है। डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी के निर्देश पर जिला खेल पदाधिकारी जयनारायण कुमार ने इन जगहों पर स्टेडियम निर्माण का प्रस्ताव विभाग को भेजा था। विभाग ने इन चारों जगहों पर दो करोड़ से ज्यादा की लागत से स्टेडियम निर्माण की योजना को स्वीकृति दी है। इसके पूर्व सबौर के उच्च विद्यालय बहादुरपुर, सुल्तानगंज के मुरारका कॉलेज मैदान व उधाडीह फुटबॉल मैदान और शाहकुंड के उच्च विद्यालय अंबा के खेल मैदान, पीरपैंती के उच्च विद्यालय मलिकपुर व उच्च विद्यालय खवासपुर के मैदान, कहलगांव के उच्च विद्यालय मथुरापुर, नवगछिया के साहू उच्च विद्यालय साहू परबत्ता, गोपालपुर के सैदपुर हाई स्कूल, जगदीशपुर के लोकनाथ उच्च विद्यालय जगदीशपुर के खेल मैदान में स्टेडियम का निर्माण पूरा हो गया है। नारायणपुर के नगर उच्च विद्यालय, खरीक के हाई स्कूल खरीक और इस्माइलपुर के परबत्ता के खेल मैदान पर नए स्टेडियम निर्माण का प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है। यहां स्टेडियम निर्माण की दी गई है स्वीकृति नाथनगर के हाई स्कूल शाहपुर, गोराडीह के उच्च विद्यालय विरनौध, रंगरा चौक के साधुआ चापर प्राथमिक विद्यालय में 200 मीटर ट्रैक युक्त फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण होगा। जबकि सन्हौला के ताड़र कॉलेज में 200 मीटर ट्रैक युक्त स्टेडियम का निर्माण होगा।

### आउटसोर्सिंग कर्मियों की हड़ताल से परीक्षा फॉर्म भरना टला

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय ने स्नातक पार्ट-III सत्र 2022-25 के साथ-साथ बैकलॉग सत्र 2021-24, 2020-23 और 2019-22 के छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया स्थगित कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह निर्णय आउटसोर्सिंग कर्मियों की हड़ताल के कारण लिया है। परीक्षा विभाग की ओर से शनिवार को जारी सूचना में कहा गया है कि अगली तिथि की जानकारी बाद में दी जाएगी। यह आदेश कुलपति के निर्देश पर जारी किया गया है। परीक्षा नियंत्रक ने यह सूचना जारी की है। छात्रों को सलाह दी गई है कि वे विश्वविद्यालय की अगली सूचना का इंतजार करें।

### महिला संवाद का कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**मुंगेर।** महिला संवाद में महिलाओं ने खुलकर अपने-अपने क्षेत्र की आकांक्षा व मुद्दा को रखा। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के रूप में शनिवार को जिले के 12 स्थानों पर महिला संवाद का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धरहरा प्रखंड के बहा चौकी पंचायत में पलक जीविका महिला ग्राम संगठन के क्षेत्र में महिला संवाद कार्यक्रम किया गया। संवाद रथ के माध्यम से बिहार सरकार की सभी योजनाओं के बारे में महिलाओं को बताया गया। बहाचौकी पंचायत के सभी वार्ड के लिए स्वरोजगार की मांग सरकार से किया गया। पलक ग्राम संगठन की अध्यक्ष रिंकू देवी ने बहाचौकी पंचायत में एक कस्तूरबा विद्यालय निर्माण की मांग की। वहीं संग्रामपुर प्रखंड के बढ़ोनिया पंचायत में सर्व शक्ति जीविका महिला ग्राम संगठन के क्षेत्र में महिला संवाद किया।

### जुलाई से शुरू होगा नया सीटी स्कैन सेंटर

**भागलपुर।** मायागंज अस्पताल में जुलाई के पहले सप्ताह से नया सीटी स्कैन सेंटर शुरू होगा। इसका मकसद रेडियोलॉजी विभाग की पुरानी और जर्जर मशीन पर बढ़ते दबाव को कम करना है। अस्पताल प्रशासन ने इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है।अस्पताल अधीक्षक डॉ. हेमशंकर शर्मा ने बताया कि नया सेंटर आउटसोर्सिंग एजेंसी के जरिए संचालित होगा। इसके लिए जल्द ही टेंडर निकाला जाएगा। टेंडर प्रक्रिया में सफल एजेंसी को अपनी सीटी स्कैन मशीन लगानी होगी। टेक्नीशियन और रिपोर्टिंग रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती भी एजेंसी को करनी होगी। जांच की दर निजी सेंटर जैसी नहीं होगी। एजेंसी को सीजीएचएस यानी सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम के तहत तय दर पर ही जांच करनी होगी। यह दर निजी जांच सेंटर की तुलना में 60 प्रतिशत तक कम होगी, जिससे मरीजों को राहत मिलेगी। एजेंसी के चयन को लेकर राज्य के एसीएस हेल्थ को पत्र भेजा गया है। उनसे मार्गदर्शन मांगा गया है।

### अनुकंपा आश्रितों के परिवार से मिले कुलपति

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में शनिवार को तीन कॉलेजों के अनुकंपा आश्रितों के परिवार से कुलपति प्रो. संजय कुमार ने मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान आश्रितों के परिवार से जरूरी पूछताछ भी की। कुलपति कार्यालय के बाहर मिलने की बारी का इंतजार कर रहे आश्रित ने बताया कि केएमडी कॉलेज परबत्ता, कोशी कॉलेज खगड़िया और महिला कॉलेज खगड़िया के अनुकंपा आश्रितों के परिवार से कुलपति मिले। जिनसे आवश्यक जानकारी ली गई। बता दें कि मुंगेर विवि में करीब 30 अनुकंपा आश्रित नियुक्ति का शिद्दत से इंतजार कर रहे हैं।

### अतिथि शिक्षकों की कमेटी का एप्रुवल नहीं

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में कार्यरत 100 से अधिक अतिथि शिक्षकों का भविष्य इस समय अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। उन्हें करीब पांच महीने से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। करीब 100 अतिथि शिक्षकों को सेवा विस्तार तो मिला, मगर सेलेक्शन कमेटी से इसका एप्रुवल नहीं लिया गया। जिससे यह संकट उत्पन्न हो गया है। अतिथि शिक्षक संघ के डॉ. यादवेंद्र रंधीर ने बताया कि जनवरी 2025 से उनके रिन्युअल (नवीनीकरण) की प्रक्रिया अधूरी है। इस लापरवाही का सीधा असर इन शिक्षकों के मानदेय भुगतान पर पड़ा है। बिहार सरकार द्वारा विश्वविद्यालय को अतिथि शिक्षकों के मानदेय की राशि पहले ही प्रदान की जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक किसी भी शिक्षक को एक भी माह का मानदेय नहीं मिल पाया है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए अतिथि शिक्षक संघ ने रिन्युअल प्रक्रिया और मानदेय भुगतान को शीघ्र पूरा करने की मांग की है। वे लोग कुलपति से भी मिल चुके हैं।

### जमीन विवादों को लेकर जनता दरबार

**टेटिया बंबर।** भूमि विवाद संबंधित मामले के निपटारे को लेकर शनिवार को टेटिया और गंगटा थाना में थाना अध्यक्ष की मौजूदगी में जनता दरबार लगाया गया। राजस्व पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि टेटिया थाना में बड़ी छाता गांव से जमीन विवाद का मामला आया। ब्रह्मदेव यादव ने आवेदन दिया। दूसरे पक्ष को नोटिस भेजा गया है। अगले शनिवार को दोनों पक्षों को बुलाकर सुलह की कोशिश की जाएगी। एक पुराने मामले का भी निपटारा किया गया। गंगटा थाना में भूमि विवाद से जुड़े दो नए मामले सामने आए। राय टोला निवासी अवध कुमार राय और बासुदेवपुर निवासी अवधेश यादव ने आवेदन दिया। दोनों मामलों में दूसरे पक्ष को नोटिस भेजा गया है। अगले शनिवार को सुनवाई होगी। समाधान की कोशिश की जाएगी।

---

### जमीन बंटवारे के विवाद में भाई पर जानलेवा हमला

# छोटे भाई ने लाठी-डंडों से पीटा, बेटा भी जख्मी, दोनों हॉस्पिटल में एडमिट

**निज संवाददाता। भागलपुर**




भागलपुर के परबत्ता थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव में पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर भाई-भाई के बीच विवाद चल रहा है। इस विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। रविवार सुबह 10 बजे छोटे भाई सुनील यादव ने बड़े भाई अनिल यादव पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अनिल यादव के सिर में गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने आए उनका बेटा भी इस हमले में घायल हो गया। दोनों को नवगछिया अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, अनिल यादव को खून की आवश्यकता है।

**जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहा विवाद:** पीड़ित अनिल यादव ने बताया कि उनके पिता मैनेजर यादव की मौत हो चुकी है। वे कुल तीन भाई हैं। पिछले कई महीनों से जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। कई बार पंचायत और पारिवारिक स्तर पर समझौते की कोशिश की गई। लेकिन सुनील यादव हर बार विवाद खड़ा कर देता था। अनिल यादव ने परबत्ता थाना में छोटे भाई सुनील यादव के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद पीड़ित अनिल यादव ने परबत्ता थाना में आरोपी भाई सुनील यादव के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनके पिता का देहांत हो चुका है। वे कुल तीन भाई हैं। कई बार आपसी सहमति से जमीन का बंटवारा करने की कोशिश की गई, लेकिन सुनील यादव हर बार विवाद खड़ा कर देता था। घटना के बाद से आरोपी सुनील यादव मौके से फरार है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी गई है। परबत्ता थाना प्रभारी सुबोध पास वान ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना से गांव में तनाव का माहौल है और लोग आपसी रंजिश की इस भयावह परिणति को लेकर स्तब्ध हैं। एक तरफ जहां रिश्तों की मर्यादा तार-तार हो रही है। कानून व्यवस्था की परीक्षा भी है कि दोषी को कब तक सजा मिलती है।

# स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर, 2 युवकों की मौत

### 2 घायल, प्रत्यक्षदर्शी बोले- ड्राइवर नशे में था



**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर के कजरैली थाना क्षेत्र में देर रात स्कॉर्पियो ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अनीष सिंह मुंगेर का रहने वाला था। बीज कंपनी में काम करता था। दूसरे की पहचान नहीं हो सकी है।

**जांच में जुटी पुलिस:** प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्कॉर्पियो ओवर स्पीड थी। गाड़ी में 4 लोग बैठे थे। 2 घायल हुए हैं। ड्राइवर समेत सभी नशे में लग रहे थे। गाड़ी कजरैली निवासी दिलीप चौधरी की है। हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

उन्होंने बताया कि स्कॉर्पियो सवार लोग शराब के नशे में थे या नहीं, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। सड़क से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटा दिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# मुख्य बाजार में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, वसूला 6 हजार

**निज संवाददाता। तारापुर**



नगर पंचायत तारापुर ने शनिवार को मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। कार्यपालक पदाधिकारी नितेश कुमार के निर्देश पर यह कार्रवाई हुई। अभियान का नेतृत्व नगर प्रबंधक रोहित कुमार, थानाध्यक्ष राज कुमार और स्वच्छता पदाधिकारी कोमल कुमारी ने किया। शहीद स्मारक चौक से मोहनगंज मोड़ और खड़गपुर तारापुर पथ तक सड़क के दोनों किनारों से अतिक्रमण हटाया गया। फुटपाथ पर मुर्गा, फल, सब्जी और अन्य सामान बेचने वाले अवैध दुकानदारों को हटाया गया। कई दुकानदारों के सामान जब्त किए गए। अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों से 6 हजार रुपए जुर्माना भी वसूला गया। अभियान में एएसआई इरफान खान, सुपरवाइजर जीवन राजहंस, मो. सज्जाद, अमित कुमार, सोनू कुमार, आशु भारद्वाज, राजा सिंह, धर्मेंद्र मंडल और सफाईकर्मी शामिल रहे। अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही कई दुकानदारों ने खुद से अतिक्रमण हटा लिया था। नगर प्रबंधक रोहित कुमार ने बताया कि मुख्य बाजार में अतिक्रमण की शिकायतें लगातार मिल रही थी। कई दुकानदारों को चेतावनी देकर छोड़ा गया है। दोबारा अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्वच्छता पदाधिकारी ने बताया कि एसएच 22 सुल्तानगंज देवघर रोड और तारापुर खड़गपुर रोड पर थोड़े से अतिक्रमण से भी जाम लग जाता है।

# डॉक्टर-नर्स पर लापरवाही का आरोप, अस्पताल में प्रेग्नेंट महिला की मौत पर एफआईआर दर्ज

♦ पति बोला- पीएचसी में मौत के बाद जबरन मायागंज भेज दिया

**निज संवाददाता। भागलपुर**





भागलपुर के नारायणपुर सीएचसी में शुक्रवार देर रात डिलीवरी के लिए भर्ती महिला की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने जमकर बवाल काटा। मृतका के पति श्रवण शाह ने डॉक्टर और नर्स पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। भवानीपुर थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।। श्रवण शाह ने बताया कि रात 9 बजे के करीब नारायणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पत्नी निशा देवी को भर्ती कराया था। नर्स ने उसे गलत इंजेक्शन लगा दिया। हालत बिगड़ने के बाद जबरदस्ती एंबुलेंस से मायागंज अस्पताल भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में एक महिला स्टाफ थी। उसने इंजेक्शन लगाने से मना किया था, लेकिन डॉक्टर और नर्स नहीं माने। दावे के साथ कह सकता हूं कि मौत के बाद सीएचसी से रेफर किया था।

**गलत इंजेक्शन लगाने से गई जान:** श्रवण शाह ने बताया कि भर्ती से पहले मेरी पत्नी पूरी तरह से स्वस्थ थी। सिर्फ पेट में दर्द था। इंजेक्शन देने के कुछ देर बाद ही उसकी हालत बिगड़ गई।

नर्स की लापरवाही और गलत इंजेक्शन के कारण जान गई है। इलाज के दौरान मरीज से मिलने तक नहीं दिया गया।

**चमकी बीमारी से हुई मौत:** वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि इलाज में लापरवाही नहीं हुई है। महिला की मौत चमकी बीमारी के कारण हुई है। परिजनों को समझा-बुझाकर शांत करा दिया गया है। जांच की जा रही है।

# जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर अंडरपास का हो रहा निर्माण



**निज संवाददाता। मुंगेर**

जमालपुर-भागलपुर रेलखंड के रतनपुर रेलवे स्टेशन के पास लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 16 पर सबवे का निर्माण कार्य चल रहा है। इस कारण सुबह 9:35 से शाम 4:30 बजे तक 7 घंटे का ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया गया है। इस दौरान जमालपुर से होकर गुजरने वाली 20 ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। कार्यकारी एजेंसी मैनेजर पवन मिश्रा ने बताया कि निर्माण कार्य के लिए 450 टन के दो क्रेन और 250 टन का एक क्रेन लगाया गया है। यह तीसरा मेगा ब्लॉक है। इससे पहले सुल्तानगंज-अकबरनगर के बीच और अभयपुर स्टेशन के पास ब्लॉक लिया गया था। अंडरपास बनने से ग्रामीणों को सुविधा होगी।

**ये ट्रेनें रहेंगी प्रभावित:** मेगा ब्लॉक के दौरान कई ट्रेनें कैंसिल की गई हैं। इनमें जमालपुर-भागलपुर पैसेंजर, भागलपुर-जमालपुर पैसेंजर, जमालपुर-क्यूल पैसेंजर और क्यूल-जमालपुर पैसेंजर शामिल हैं। मालदा टाउन-किऊल इंटरसिटी एक्सप्रेस भागलपुर तक ही जाएगी। गोड्डा-राजेंद्र नगर एक्सप्रेस किऊल से ही वापस होगी। वहीं साहिबगंज-जमालपुर-साहिबगंज मेमू ट्रेन भागलपुर तक ही चलेगी। रामपुरहाट-गया पैसेंजर 30 मिनट के कंट्रोल के साथ चलाई जाएगी। मौके पर मालदा डिविजन के डिविजनल इंजीनियर राजेश कुमार, सीनियर एअयन समर गर्ग सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालत में महिला की मौत ससुराल पक्ष पर जहर देने का आरोप

**निज संवाददाता। भागलपुर**



भागलपुर के नवगछिया में एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए जहर खिलाकर मारने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर पुलिस छानबीन में जुट गई है। घटना रंगरा थाना क्षेत्र के साधोपुर गांव की है।

**दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे:** मृतका की पहचान गुड़िया उर्फ छोटी कुमारी के तौर पर हुई है। पिता चंद्रदेव हरिजन ने बताया कि छह साह पहले बेटी की शादी हुई थी। 2 बच्चे हैं। ससुराल वाले मेरी बेटी को दहेज के लिए परेशान करते थे। लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। शनिवार को पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद गुड़िया को जहर खिला दिया। पहले नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल लेकर गए। वहां से डॉक्टरों ने मायागंज रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान बेटी की मौत हो गई। प्लानिंग करके मारा है। वहीं, ससुराल पक्ष का कहना है कि घरेलू विवाद में महिला ने खुद जहर खाया है।

**जांच में जुटी पुलिस:** मामले की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दहेज प्रताड़ना और हत्या के आरोप सिद्ध होने पर आरोपियों पर धारा 498A और 304B के तहत कार्रवाई हो सकती है।

### गर्लफ्रेंड से मिलने गया लड़का, करा दी गई शादी

# बॉयफ्रेंड को मिलने के लिए लड़की ने बुलाया था, घर वालों ने पकड़ लिया

**निज संवाददाता। भागलपुर**



भागलपुर में प्रेमिका से मिलने आए प्रेमी की शादी करवा दी गई। प्रेमिका ने लड़के को मिलने के लिए बुलाया था। लड़की घर में अकेली थी। इसी दौरान प्रेमी बांका के रजौन थाना क्षेत्र निवासी कमल पासवान का बेटा आलोक कुमार (20) अपनी प्रेमिका के घर सन्हौल थाना क्षेत्र पहुंचा। इसी दौरान लड़की के घर वालों ने लड़के को पकड़ लिया। मामला सन्हौल थाना क्षेत्र का है। प्रेमी आलोक ने बताया कि वह अपने मन से शादी की है, किसी का कोई जवाब नहीं है। घर वालों को भी पता था अगर लड़की को कुछ होता है तो उसका जिम्मेदार मैं और मेरा परिवार होगा। वहीं, लड़की ने कहा कि आलोक पर मुझे भरोसा है कि वह मुझे जिंदगी भर साथ रख पाएंगे।

**एक साल से दोनों के बीच चल रहा था अफेयर:** दोनों प्रेमी जोड़े का अफेयर 1 साल से चल रहा था। दोनों एक शादी समारोह में शामिल हुए थे। वहीं दोनों की मुलाकात हुई। एक-दूसरे ने दोनों को मोबाइल नंबर दिया। दोनों के बीच फोन पर बातचीत की शुरुआत हो गई। धीरे-धीरे मामला प्यार में बदल गया। लड़का ओडिसा सीलिंग का काम कर ता है।

बिहार सरकार
**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**
आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.
Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in
विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2025/06 दिनांक- 18.05.2025

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2025**
**Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2025**

**Online आवेदन-पत्र भरने से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2025 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2025/05 दिनांक- 25.04.2025 के अनुसार ITICAT-2025 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये Online आवेदन प्राप्त करने हेतु Registration/ Payment करने की अंतिम तिथि 18.05.2025 निर्धारित है। छात्रहित में ITICAT-2025 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;

(i) Online Registration Closing Date : 24.05.2025
(ii) Last date of payment through Net Banking/ Debit Card/ Credit Card/ UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate : 25.05.2025
(iii) Online Editing of Application Form : 26.05.2025 to 27.05.2025
(iv) Uploading of Online Admit Card : 07.06.2025
(v) Proposed Date of Examination : 15.06.2025

(2) दिनांक 26.05.2025 तक पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन में यदि किसी अभ्यर्थी के आवेदन के डाटा में कोई त्रुटि रह जाती है तो वे अपने भरे हुए Data को दिये गये उपरोक्त कार्यक्रम अनुसार Edit कर त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इसके बाद त्रुटि सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।
(3) उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापनों की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्तें यथावत रहेंगी।
(4) सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के website bceceboard.bihar.gov.in के सम्पर्क में रहें।

परीक्षा नियंत्रक

## संक्षिप्त समाचार



### हमारे 4 में से केवल 1 ही नाम को चुना, भड़की कांग्रेस; किसी नेता को विदेश जाने से नहीं रोकेगी पार्टी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी ने रविवार को केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। मामला उन सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों से जुड़ा है जिन्हें पाकिस्तान के आतंकवाद से संबंध और ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े तथ्यों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर करने के लिए विदेश भेजा जा रहा है। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार ने उसके द्वारा सुझाए गए चार नेताओं में से केवल एक को ही प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया।

कांग्रेस ने बताया कि केंद्र सरकार ने पार्टी से चार सांसदों के नाम मांगे थे, जिसके जवाब में पार्टी ने आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन और अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के नाम भेजे थे। लेकिन, अंतिम सूची में सिर्फ आनंद शर्मा को ही शामिल किया गया, जबकि बाकी तीन नामों को नजरअंदाज कर दिया गया।

इसके विपरीत, सरकार ने कांग्रेस के शशि थरूर, मनीष तिवारी, अमर सिंह और सलमान खुर्शीद को प्रतिनिधिमंडलों में शामिल किया है। ये उन नामों में शामिल नहीं थे जिन्हें कांग्रेस ने सुझाया था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार देर रात जारी एक बयान में कहा, 16 मई की सुबह, मोदी सरकार ने कांग्रेस पार्टी से चार सांसदों/नेताओं के नाम मांगे, जिन्हें पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत की स्थिति को दुनिया के सामने रखने के लिए विदेश भेजे जा रहे प्रतिनिधिमंडलों में शामिल किया जाना था। कांग्रेस संसदीय दल की ओर से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने 16 मई को दोपहर 12 बजे तक चार नाम संसदीय कार्य मंत्री को लिखित रूप में भेज दिया था।

उन्होंने कहा कि आज देर रात (17 मई) इन सभी प्रतिनिधिमंडलों की आधिकारिक सूची जारी कर दी गई है। अत्यंत खेदजनक है कि कांग्रेस नेतृत्व द्वारा सुझाए गए चार नामों में से केवल एक को ही शामिल किया गया है। रमेश ने आरोप लगाया कि यह मोदी सरकार की पूरी तरह से असंवेदनशील और असत्यनिष्ठ राजनीतिक सोच को उजागर करता है, और यह दर्शाता है कि किस तरह वह गंभीर राष्ट्रीय मुद्दों पर भी घटिया राजनीतिक खेल खेलती है।

इससे पहले खबरें आईं थीं कि कांग्रेस उन नेताओं पर ऐक्शन ले सकती है जो बिना उसकी इजाजत के सरकारी प्रतिनिधिमंडलों के साथ विदेश जाएंगे। इनमें शशि थरूर का नाम भी शामिल है। क्योंकि कांग्रेस ने जो लिस्ट सरकार को दी उसमें थरूर का नाम शामिल नहीं था, फिर भी सरकार ने उन्हें लिस्ट में शामिल किया है। हालांकि अब कांग्रेस पार्टी ने साफ कर दिया है कि भले ही उसके दिए नामों में से नेताओं को नहीं चुना गया हो, फिर भी वह किसी को विदेश जाने से नहीं रोकेगी।

### सरकार से मदद में मिले आवासों को बनाया कमाई का जरिया, 219 को भेजा जाएगा नोटिस



**प्रयागराज, एजेंसी।** यूपी के प्रयागराज में देवघाट झलवा की कांशीराम आवास योजना में सरकार ने गरीबों को सिर छिपाने के लिए रियायती दरों पर आवास तो दिया, लेकिन मदद में मिली इस छतको आवंटियों ने कमाई का जरिया बना लिया। यहां ब्लॉक एक से 33 तक के 528 घरों की जांच की गई तो 326 घर ऐसे मिले जहां या तो ताला बंद था या फिर लोगों नेइसे किराए पर उठा दिया था। अब इन घरों को खाली कराया जाएगा। इसमें मूल आवंटियों को बसाया जाएगा या फिर दूसरे गरीबों को इसे नए सिरे से दिया जाएगा। रिपोर्ट में कई आवासों को बेचने की भी बात कही गई है।

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ की जनसुनवाई में प्रतिदिन ऐसे लोग आते हैं, जिनके पास न तो जमीन है और न ही आवास। उनकी स्थिति को देखकर जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर अभिषेक कुमार सिंह को राजस्व टीम के साथ कांशीराम आवास योजना का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा था।

# पाकिस्तान पर एक और हमले के लिए तैयार था भारत, भीख मांगने लगा पड़ोसी





**नई दिल्ली, एजेंसी।** 7 मई को हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत द्वारा आतंकवादी ढांचों को ध्वस्त करने के बाद 10 मई की सुबह भारतीय मिसाइलों ने पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस को निशाना बनाया। इसके तुरंत बाद पाकिस्तान में हड़कंप मच गया और इस्लामाबाद ने अमेरिका से तत्काल हस्तक्षेप की भीख मांगी। भारतीय नौसेना द्वारा कराची नौसैनिक अड्डे पर संभावित हमले की खबरों ने पाकिस्तान की सैन्य व्यवस्था को पूरी तरह झकझोर दिया। इसके बाद अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने 10 मई की सुबह भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से संपर्क करने के लिए आपात प्रयास किए।

अमेरिकी सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान ने अमेरिका को बताया कि वह तत्काल युद्धविराम चाहता है, हालांकि भारत की ओर से साफ कर दिया गया कि किसी भी सैन्य कार्रवाई का निर्णय डीजीएमओ चैनल से ही होगा क्योंकि इस समय सेना ही पूरे अभियान का नेतृत्व कर रही है।

पाकिस्तान के महानिदेशक सैन्य संचालन काशिफ अब्दुल्ला ने सुबह 10:38 बजे भारत के डीजीएमओ को फोन कर कराची पोर्ट पर संभावित ब्रह्मोस मिसाइल हमले की बात कही और प्रतिघात की धमकी दी। हालांकि, भारतीय पक्ष पूरी तरह तैयार था और किसी प्रकार के दबाव में नहीं आया।

भारत की ओर से किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया में संयम और आत्मविश्वास दोनों स्पष्ट नजर आए। पाकिस्तान के विदेश मंत्री और पारंपरिक सहयोगियों द्वारा बार-बार किए गए फोन कॉल्स को भारत ने अनदेखा कर दिया। भारत का साफ मानना था कि अब कोई भी रणनीतिक बातचीत सिर्फ सैन्य माध्यमों से ही होगी।

10 मई के मिसाइल हमले के बाद पाकिस्तान की 11 वायुसेनाओं के ठिकाने निष्क्रिय हो चुके थे और हवाई सुरक्षा प्रणाली पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी थी। भारत की वायुसेना के राफेल विमानों, ब्रह्मोस मिसाइलों, ड्रोन और लूटरिंग म्यूनिशन ने असाधारण प्रदर्शन किया। यहां तक कि चीन से प्राप्त एयर डिफेंस सिस्टम भी या तो नष्ट हो गए या इलेक्ट्रॉनिक जामिंग के कारण निष्क्रिय हो गए।

#### भारत ने संघर्षविराम क्यों स्वीकारा ?

भारतीय रणनीतिकारों ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत ने संघर्षविराम को इसलिए स्वीकार किया क्योंकि मिशन के लक्ष्य पूर्ण रूप से प्राप्त हो चुके थे। पाकिस्तान की ओर से कोई और प्रभावी सैन्य प्रतिक्रिया अब संभव नहीं थी। इसके अलावा, भारत नहीं चाहता था कि पाकिस्तान पश्चिमी देशों के समक्ष पीड़ित देश के रूप में प्रस्तुत हो।

#### चीनी और तुर्की को लेकर भारत सतर्क

रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान की वायु रणनीति में चीनी और तुर्की सैन्य सलाहकारों की भूमिका रही। इस पर भारत ने संकेत दिए हैं कि भविष्य में ऐसे आतंक समर्थक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई संभव है। भारत अब पारंपरिक युद्ध की जगह स्टैंड-ऑफ वेपंस और ड्रोन युद्ध प्रणाली पर अधिक ध्यान दे रहा है। वर्ष 2028 तक भारत में 31 अमेरिकी 'प्रिडेटर' सशस्त्र ड्रोन आने वाले हैं, साथ ही कम लागत वाले स्वार्म ड्रोन और हाई-एल्टीट्यूड अटैक ड्रोन के स्वदेशी विकास पर तेजी से काम चल रहा है।

#### सिंधु जल संधि की समाप्ति

अगले महीने भारत के सिंधु जल संधि को निलंबित करने की योजना पाकिस्तान के लिए एक और झटका साबित हो सकती है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंक के खिलाफ लड़ाई में अब आत्मनिर्भरता और निर्णायक सैन्य क्षमता ही उसका मार्गदर्शक सिद्धांत होगा।

### विश्व कल्याण के लिए शक्ति आवश्यक, भारत का कर्तव्य धर्म सिखाना : मोहन भागवत




**जयपुर, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि दुनिया तभी आपकी बात सुनती है, जब आपके पास शक्ति हो। उन्होंने देश को विश्व का सबसे प्राचीन देश बताते हुए कहा कि भारत की भूमिका बड़े भाई की तरह है, जो विश्व में शांति और सौहार्द स्थापित करने के लिए कार्य कर रहा है। डॉ. भागवत जयपुर के हरमाडा स्थित रविनाथ आश्रम में संत रविनाथ महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने संत तुकाराम के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि हम बैकुंठ के वासी हैं और इस धरती पर इसलिए आए हैं ताकि संत-महात्माओं के उपदेशों को व्यवहार में लाकर दिखाएं। आज के समय में यह व्यवहार करना हमारी जिम्मेदारी है। समाज को समरस और शक्ति संपन्न जीवन जीने की आवश्यकता है, क्योंकि कमजोर कुछ नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि समाज शक्ति की पूजा करता है, इसलिए साधना के साथ शक्तिशाली जीवन जीना जरूरी है। कार्यक्रम में विनम्रता दिखाते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि वे न तो सम्मान के अधिकारी हैं और न ही भाषण देने के। उन्होंने कहा कि आरएसएस की 100 साल पुरानी परंपरा में लाखों कार्यकर्ताओं का परिश्रम शामिल है। अगर यह परंपरा सम्मान योग्य है, तो यह उन कार्यकर्ताओं का सम्मान है। संतों की आज्ञा के कारण ही वे यह सम्मान ग्रहण कर रहे हैं। इस दौरान भावनाथ महाराज ने डॉ. भागवत को सम्मानित किया।

### मंगलसूत्र बांधते ही दूल्हे को आया हार्ट अटैक, तुरंत हो गई मौत; मातम में बदला शादी समारोह

**बागलकोट , एजेंसी।** कर्नाटक के बागलकोट जिले में शनिवार को शादी समारोह के दौरान बेहद दुखद घटना घटी। 25 वर्षीय दूल्हे प्रवीण ने अभी अपनी दुल्हन के गले में मंगलसूत्र बांधकर विवाह की रस्म पूरी की ही थी, अचानक उसके सीने में दर्द होने लगा। इस बारे में शिकायत के तुरंत बाद वह बेहोश होकर गिर पड़ा। यह देखकर उसके परिवार वाले और दोस्त हैरान रह गए। यह घटना बागलकोट के जमखंडी कस्बे की है। शादी समारोह में मौजूद लोगों ने बताया, मंगलसूत्र बांधने के बाद प्रवीण को असहज महसूस हुआ और कुछ ही देर में वह जमीन पर गिर गया। आनन-फानन में उसे नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रवीण की मृत्यु का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। फिलहाल, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। इस घटना के चलते पूरे समुदाय के लोग शोक में डुब गए और नवविवाहित दुल्हन के लिए यह पल भारी दुख में बदल गया। गौरतलब है कि यह कोई पहली घटना नहीं है जब ऐसी त्रासदी हुई। जब उत्सव का माहौल मातम में बदल गया। इसी साल फरवरी में मध्य प्रदेश में संगीत समारोह के दौरान ऐसी घटना हुई।

### अगर नरक और पाकिस्तान में चुनना हो तो, नरक जाना ज्यादा बेहतर हैं: जावेद अख्तर



#### भारत-पाक युद्ध के दौरान चर्चा में रहे जावेद

जावेद अख्तर ने कहा कि हुआ यह कि मैं सिर्फ साढ़े उन्नीस साल का था जब मुंबई आया था, आज जो कुछ बना, जो कुछ मुझे मिला, जहां भी पहुंचा, यह सब मुंबई की, महाष्ट्र की कर्मभूमि है। बता दें कि भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान जावेद अख्तर के बयान काफी चर्चा में रहे थे। सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाले जावेद अख्तर राजनैतिक और समसामयिक मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखते हैं।

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के दिग्गज लिरिक्स और स्क्रिप्ट राइटर जावेद अख्तर ने एक बुक लॉन्च इवेंट में कहा कि अगर उनके पास पाकिस्तान और जहन्नम (नरक) में किसी एक जगह जाने की चॉइस हो तो वह जहन्नम जाना ज्यादा बेहतर समझेंगे।

जावेद अख्तर शनिवार को मुंबई में आयोजित एक बुक लॉन्च इवेंट में बोल रहे थे जहां उन्होंने बताया कि उन्हें भारत और पाकिस्तान दोनों तरफ से गालियां पड़ती हैं। जावेद अख्तर ने कहा कि उन्हें जो कुछ मिला है वो यहीं से ही मिला है और मुंबई, महाराष्ट्र की कर्मभूमि है जिसने उन्हें आज इतना कुछ दिया है।

**जावेद बोले- मुझे दोनों तरफ से गालियां आती हैं:** जावेद अख्तर ने इस बुक लॉन्च इवेंट में कहा, तो नतीजा क्या होता है कि अगर आप एक तरफ से बात कर रहे हैं तो आप कुछ लोगों को नाखुश करेंगे, लेकिन अगर हर तरफ से बात कर रहे हैं तो बहुत ज्यादा लोगों को नाखुश करेंगे।

कभी आप मिलिएगा अलग तो मैं आपको दिखाऊंगा अपना ट्विटर, अपना व्हाट्सऐप... जिसमें मुझे दोनों तरफ से गालियां आती हैं। ऐसा नहीं है कि मैं बहुत थैंकलेस हूं। बहुत से लोग तारीफ भी करते हैं, बहुत से लोग हिम्मत भी बढ़ाते हैं, तारीफ भी करते हैं।

**यही चॉइस है तो नरक ही जाना पसंद करूंगा:** जावेद अख्तर ने कहा, लेकिन यह भी सच है कि मुझे इधर का एक्सट्रीमर भी गाली देता है और उधर का एक्सट्रीमर भी गाली देता है। यही सही है, अगर इनमें से एक ने गाली देना बंद कर दिया तो मुझे परेशानी हो जाएगी कि मैं क्या गड़बड़ कर रहा हूं। तो ये कहते हैं कि तू तो काफिर है, और जहन्नुम में जाएगा। वो कहते हैं कि जिहादी.. पाकिस्तान चला जा। अब अगर मेरे पास चॉइस सिर्फ पाकिस्तान और जहन्नुम, यानि नरक की है। तो मैं नरक ही जाना पसंद करूंगा। अगर यही बस चॉइस है।

### छत्तीसगढ़ में पहचान छुपा रह रहा था बांग्लादेशी कपल; 5 साल पहले भी पकड़ाया, पुलिस ने नहीं भेजा वापस

**दुर्ग, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ जारी अभियान के तहत दुर्ग पुलिस ने राज्य में पिछले 8 साल से अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी दंपति को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दोनों आरोपियों ने भारत में रहने के दौरान दो बार फर्जी आधार और पैन कार्ड बनवा लिए थे। पुलिस के मुताबिक आरोपी दंपति को इससे पहले साल 2020 में भी इसी आरोप में गिरफ्तार किया गया था, हालांकि मामला अदालत में होने की वजह से दोनों को वापस बांग्लादेश नहीं भेजा गया था।

कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार 16 मई को पुलिस को जानकारी मिली कि सुपेला थाना क्षेत्र के एक मकान में एक संदिग्ध बांग्लादेशी महिला और उसका पति अपनी मूल पहचान छिपाते हुए गलत नाम से रह रहे हैं। इसके बाद जब पुलिस दल ने आरोपी दंपति से पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम ज्योति और रासेल शेख बताया। दोनों ने बताया कि वह पश्चिम बंगाल के उत्तर-24 परगना जिले के निवासी हैं। पूछताछ के दौरान दंपति ने जानकारी दी कि वह 2009 से 2017 तक नवी मुंबई ठाणे में रहते थे तथा 2017 से वह दुर्ग जिले के भिलाई में रह रहे हैं। इसके बाद जांच के दौरान जब आरोपी दंपति ने अपना आधार कार्ड दिखाया तो पुलिस को वह संदेहास्पद लगा। फिर जब उनसे सख्ती से पूछताछ की गई तो उन्होंने खुद के बांग्लादेशी होने की बात मान ली। इस दौरान महिला ने अपना असली नाम शाहिदा खातून (35) और उसके पति ने अपना नाम मोहम्मद रासेल शेख (36) बताया। साथ ही कहा कि वे बांग्लादेश के जेस्सोर जिले के निवासी हैं।

भारत में घुसने के बारे में बताते हुए शाहिदा खातून ने कहा कि उसने साल 2009 में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय बोंगा बॉर्डर के जरिए अवैध तरीके से पश्चिम बंगाल में प्रवेश किया था, इसके बाद वह वहां से हावड़ा होते हुए मुंबई पहुंच गई और वहां मजदूरी करने लगी। उसने बताया कि मुंबई में उसका परिचय बांग्लादेश के ही रहने वाले मोहम्मद रासेल से हुआ और फिर दोनों मुंबई से वापस बांग्लादेश चले गए। बांग्लादेश पहुंचने के बाद शाहिदा खातून ने अपना नाम बदलकर ज्योति रख लिया और रासेल से शादी कर ली। शादी के बाद दोनों ने 2017 में पासपोर्ट और भारतीय वीजा पर भारत में प्रवेश किया। हालांकि इनमें से ज्योति रासेल शेख की वीजा अवधि 13 सितंबर 2018 में तथा रासेल शेख की वीजा अवधि 12 अप्रैल 2020 में खत्म हो गई। अधिकारियों ने बताया कि दोनों बांग्लादेशी नागरिकों ने ठाणे में रहने के दौरान फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर जन्मतिथि और अपने वास्तविक नाम को छिपाते हुए ज्योति रासेल शेख और रासेल शेख के नाम से फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड तैयार कर लिए। बाद में वह भिलाई में आकर रहने लगे।

पुलिस ने बताया कि साल 2020 में बगैर कानूनी दस्तावेज के भारत में रहते हुए पाए जाने के बाद पुलिस ने महिला और उसके पति के खिलाफ मामला दर्ज किया था। हालांकि यह मामला अदालत में चल रहा है इसलिए दोनों को वापस बांग्लादेश नहीं भेजा गया था।

उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भिलाई में फर्जी पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र बनवाया और विभिन्न बैंकों में खाता भी खुलवाया। साल 2018 में रासेल शेख के खिलाफ जिले के छावनी थाना क्षेत्र में लूट का मामला भी दर्ज किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अवैध रूप से भारत में रहने तथा बांग्लादेशी नागरिक की मूल पहचान को छिपाते हुए स्वयं को भारतीय नागरिक सिद्ध करने के आरोप में विदेशी विषयक अधिनियम 1946, पासपोर्ट अधिनियम 1967, पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1920 और भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

### हनुमान बेनीवाल के बयान पर भड़की करणी सेना

**नागौर, एजेंसी।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी सुप्रीमो व राजस्थान की नागौर लोकसभा सीट से सांसद हनुमान बेनीवाल के दिए एक बयान को लेकर करणी सेना भड़क गई है। जिसके बाद नाराज करणी सेना ने सांसद को आक्रामक जवाब देने की धमकी देते हुए इसके लिए करणी सैनिकों को तैयार रहने के लिए कहा है। दरअसल बेनीवाल ने हाल ही में मीडिया से बात करते हुए राजस्थान के राजा-रजवाड़ों को लेकर कुछ आपत्तिजनक बातें कही थीं। उन्होंने कहा था कि एक-दो राजाओं को छोड़कर राजस्थान के किसी राजा ने मुगलों से लड़ाई नहीं लड़ी, बल्कि वे तो युद्ध क्षेत्र से 70 किलोमीटर पहले ही अपनी बेटी लेकर पहुंच जाते थे और उनके सामने पेश कर देते थे। इसी बयान को लेकर करणी सेना भड़क गई है।



बेनीवाल के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए क्षत्रिय करणी सेना के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राज शेखावत ने कहा, हमारे पूर्वजों एवं क्षत्राणियों पर एकबार फिर अभद्र टिप्पणी की गई है, और वह भी जननायक द्वारा। राजस्थान के सांसद हनुमान बेनीवाल द्वारा यह अभद्र टिप्पणी की गई है, शीघ्र ही घोषणा की जाएगी इसका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए। सभी करणी सैनिक तैयार रहें, जय क्षात्र धर्म। इससे पहले अपने जवाब की शुरुआत उन्होंने जय क्षात्र धर्म, वीर भोग्या वसुंधरा और धर्मो रक्षति रक्षित: जैसे वाक्यों के साथ की।

इस बारे में वीडियो जारी करते हुए राज शेखावत ने सोशल मीडिया पर लिखा, जल्द ही राजस्थान सांसद हनुमान बेनीवाल को आक्रामक जवाब दिया जाएगा। तारीख, समय और स्थल घोषित किया जाएगा। सभी करणी सैनिक तैयार रहें। जय क्षात्र धर्म।

राजे-रजवाड़ों पर क्या बोले हनुमान बेनीवाल

### श्रीनगर में आतंकियों के सहयोगियों पर एक्शन, 23 के खिलाफ पीएसए के तहत केस दर्ज

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर में आतंकवादियों के 23 सहयोगियों और उपद्रवियों पर बड़ा ऐक्शन लिया है। इनके खिलाफ कड़े सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों को हिरासत में लेकर पुंछ, उधमपुर के जिला कारागार और जम्मू की कोट भलवाल जेल में रखा गया है। उन्होंने कहा, राष्ट्र की सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए नुकसानदेह व आपराधिक तत्वों के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की गई। इसके तहत, श्रीनगर पुलिस ने विध्वंसक गतिविधियों में शामिल प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के 23 सहयोगियों और सार्वजनिक अशांति में शामिल बदमाशों के खिलाफ पीएसए के तहत मामला दर्ज किया। श्रीनगर पुलिस की ओर से तैयार किए गए दस्तावेज के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय से हिरासत का आदेश मिलने के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि इन व्यक्तियों के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज किए गए है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा, उन्होंने अदालतों से जमानत मिलने के बाद भी अपने तरीके नहीं सुधारे। वे सार्वजनिक व्यवस्था को भंग करने, आपराधिक और राष्ट्र के खिलाफ विध्वंसक गतिविधियों में बेशर्मी से शामिल थे। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर शहर में ऐसे राष्ट्र-विरोधी और असामाजिक गुटों को निशाना बनाया है। उन्हें ध्वस्त करके इन तत्वों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### मैं पाकिस्तान का दुल्हा भाई बन गया हूं, असदुद्दीन ओवैसी बोले- उसके दिमाग में भूसा भरा है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कश्मीर में पहलगाम हमले के बाद एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी लगातार पाकिस्तान को लताड़ रहे हैं। उन्होंने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर का भी खुलकर समर्थन किया। वहीं पाकिस्तान के समर्थकों की तरफ से उनपर हो रहे अटैक को लेकर जब सवाल किया गया तो ओवैसी ने कहा, हम पाकिस्तान के दुल्हे भाई हो गए हैं आजकल। अब कोई नहीं रहा वहां पर। हम ही रह गए हैं। इतना बेबाक और हैंडसम कोई रह ही नहीं गया। अब हम ही रह गए हैं। देखते रहो प्यारे मेरे को। थोड़ा सुनते रहो, इससे ज्ञान बढ़ेगा। तुम्हारे दिमाग में जो भूसा भरा हुआ है वह साफ हो जाएगा।

असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, भारतीय सेना को धन्यवाद कहता हूं कि उन्होंने पहलगाम के हमले के बाद आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूत कर दिया गया। उन्होंने विदेश जाने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को लेकर कहा, यह हमारे लिए अच्छी बात है कि हमारे मुल्क में जो आतंकवादी वाकयात हो रहे हैं, उनके बारे में सभी देशों को बताना पड़ेगा। भारत का स्टैंड हमेशा आतंकवाद के खिलाफ रहा है। खास तौर पर पड़ोसी मुल्क बार-बार हमारे देश में दहशतगर्दी को प्रमोट करता है। इसलिए दुनिया के सामने बेनकाब करना महत्वपूर्ण काम है।



ओवैसी ने कहा, अटल बिहारी वाजपेयी के जमाने में भी एक डेलिगेशन गया था। इसके बाद 2008 में 26/11 हमले के बाद भी डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार ने एक डेलिगेशन भिजवाया था। उन्होंने कहा, पाकिस्तान झूठ की बुनियाद पर बना है। वे झूठ बोलेंगे डराने की कोशिश करेंगे कि हमारे पास न्यूक्लियर बम है। ईरान और इजरायल के पास भी न्यूक्लियर बम है तो क्या वे लोग रुक रहे हैं। एक दूसरे को मार रहे हैं।

औवैसी ने कहा, हम लोग अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। हम किसी पार्टी से हैं जरूर लेकिन हम अपने मुल्क के लिए काम कर रहे हैं। सांसद दूसरे देशों में जाकर बताएंगे कि पाकिस्तान किस तरह से इस देश को परेशान करना चाहता है। पूरी दुनिया को देखना है कि हमारी पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अगर यहां पर कोई भी डिस्टर्ब होगा तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर असर पड़ेगा। भारत कोई मामूली देश तो है नहीं। उन्होंने कहा, पुंछ में छोटे चार मासूम बच्चे मर गए। इसमें दो जुड़वा थे। आर्मी के पांच लोग मारे गए। 21 आम लोग मारे गए। घरों को नुकसान हुआ। ये सारी बातें दुनिया के सामने रखनी हैं। हम बोलेंगे कि क्या ये ठीक है।

ओवैसी ने कहा, ईरान में जो पोर्ट बन रहा है इससे हम पाकिस्तान को बाइपास करके अफगानिस्तान जाएंगे। तालिबान ने तुरंत पहलगाम की निंदा की। ओवैसी ने कहा, टर्की को समझना चाहिए कि उसके देश में भारत के कितने ऑफिस हैं। टर्की को समझना चाहिए कि भारत में करोड़ों मुसलमान रहते हैं। टर्की खुद आतंकवाद का भुक्तभोगी रहा है। उसे आतंकवाद की समस्या को समझना चाहिए।

सीजफायर के ऐलान को लेकर ओवैसी ने कहा कि युद्धविराम का ऐलान हमारे देश के प्रधानमंत्री को करना चाहिए था। किसी और देश को राष्ट्रपति को नहीं करना चाहिए था। वह (ट्रंप) बार-बार कह रहे हैं कि ट्रेड कर लेंगे, ट्रेड कर लेंगे। पाकिस्तान से यूएस का केवल 10 बिलियन का ट्रेड होता है। भारत का यूएस से ट्रेड 150 बिलियन से ज्यादा होता है। क्या मजाक है यह। क्या हम ट्रेड के लिए खामोश बैठ जाएंगे। क्या अमेरिका गारंटी ले रहा है कि पाकिस्तान फिर आतंकी हमले नहीं करेगा। पाकिस्तान की सेना हमेशा हमें तंग करने वाली है। हमें अपनी सरकार से मतलब है। किसी दूसरी सरकार से मतलब नहीं है। पाकिस्तान के लोग भिखमंगे हैं। अभी वे 2 बिलियन डॉलर आईएमएफ से लेकर आए हैं। वे क्या ट्रेड करेंगे। यूएस को टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित करना चाहिए। हमारी सरकार को भी अमेरिका को यह बात बतानी चाहिए। टीआरएफ पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी संगठन है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# भरोसा बढ़ेगा

सुप्रीम कोर्ट के नवनियुक्त चीफ जस्टिस बीआर गवई और निवर्तमान सीजेआई संजीव खन्ना ने यह कहकर न्यायपालिका की गरिमा और विश्वसनीयता बढ़ाई है कि वे रिटायरमेंट के बाद कोई पद स्वीकार नहीं करेंगे। दोनों ने पूरे सिस्टम के लिए नजीर पेश की है। जस्टिस खन्ना का कार्यकाल बहुत छोटा रहा, लेकिन इसी दरम्यान उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में आम लोगों का भरोसा बढ़ाने वाले कई कदम उठाए। जस्टिस यशवंत वर्मा कैश कांड उनके लिए एक परीक्षा की तरह था। लोगों के मन में तमाम सवाल उठ रहे थे। सीजेआई खन्ना ने न केवल उस मामले को तार्किक परिणति तक पहुंचाया, बल्कि उन्हीं की पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक कर स्ट्रॉन्ग पॉजिटिव मेसेज दिया। इसी तरह, जस्टिस खन्ना के ही दौर में कलीजियम सिस्टम पर उठ रहे संदेहों को दूर करने का प्रयास भी किया गया था। इस सिस्टम पर भाई-भतीजावाद के आरोप लग रहे थे। ऐसे में जस्टिस खन्ना ने पिछले करीब तीन साल में कलीजियम में जितने भी प्रस्ताव आए थे, उन सभी को सार्वजनिक कर दिया। कौन रिकमेंड हुआ, किस आधार पर हुआ और किनको नियुक्ति मिली- इन सवालों के जवाब मिले तो संदेह के बादल भी छंट गए। करीब तीन साल में 221 नाम भेजे गए थे, जिसमें से केवल 14 किसी जज या पूर्व न्यायाधीश के रिश्तेदार थे। नए सीजेआई गवई ने पद संभालने से पहले एक और महत्वपूर्ण बात कही थी। न्यायपालिका और विधायिका में कौन बड़ा - के सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि देश में संविधान की सर्वोच्चता है। पिछले दिनों चली बहस के संदर्भ में यह बात महत्वपूर्ण है। हालांकि नए सीजेआई के सामने कई चुनौतियां हैं। न्यायपालिका पर लंबित मुकदमों का बोझ बढ़ता जा रहा है और इसका उन्होंने जिक्र भी किया। देश की अदालतों में पांच करोड़ से ज्यादा केस पेंडिंग हैं। ये आंकड़े न्याय मिलने की रफ्तार को धीमा करते हैं। भरोसा और पारदर्शिता बढ़ाने के साथ न्याय मिलने की रफ्तार में भी तेजी लाने की कोशिश होनी चाहिए। लोकतंत्र मजबूत तभी है।

# दुनिया को समझना होगा, भारत का 'न्यू नॉर्मल'

(डॉ. आशीष वशिष्ठ)

*भारत की रणनीतिक आत्मनिर्भरता का स्पष्ट संकेत है, यानी अब हम दूसरों की सहमति या सहायता पर नहीं, अपनी सोच, शक्ति, सामर्थ्य और साधनों पर विश्वास करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य ना राष्ट्र पर आधिपत्य की कामना थी, ना किसी सरकार गिराने या परिवर्तन की।*

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी पाकिस्तान को प्रत्युत्तर में एयर स्ट्राइक से अधिक की उम्मीद नहीं थी। उसे लग रहा था भारत की सत्ता संभालने वालों में बड़े, प्रभावशाली और कठोर निर्णय लेने का राजनीतिक साहस नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुद्ध पूर्णिमा दिन राष्ट्र के नाम अपने 22 मिनट के संबोधन में पाकिस्तान को स्पष्टत~ चेता दिया कि अगर हमारे भारत की ओर आँख उठाकर भी देखा तो वो हश्र होगा कि? दुनिया याद करेगी। राष्ट्र के नाम संदेश के अगले दिन पीएम ने आदमपुर एयरबेस पहुंचकर जवानों का उत्साह और मनोबल बढ़ाया। आदमपुर में प्रधानमंत्री के साथ समवेत स्वर में जब जवानों ने भारत माता की जय का उद्घोष किया तो उस निनाद की गूंज और प्रतिध्वनि पाकिस्तान ही नहीं अखिल विश्व ने स्पष्ट तौर पर सुनी। पीएम ने अपने संबोधन में जितनी स्पष्टवादिता, दृढ़ता और विश्वास के साथ सधे और नपे-तुले शब्दों में अपनी बात विश्व के समक्ष रखी है, ऐसा साहस उनका कोई पूर्ववर्ती दिखा नही सका। पाकिस्तान के साथ अब तक हुए चार युद्ध, बालाकोट और उरी स्ट्राइक में उसे इतने गहरे घाव नहीं लगे, जितने ऑपरेशन सिंदूर ने उसे दिये। अपने स्वभाव से विवश पाकिस्तान पहलगाम आतंकी घटना के बाद इसी सोच के साथ रहा होगा, भारत प्रत्युत्तर में अधिक से अधिक एयर स्ट्राइक या उरी जैसा आक्रमण करेगा। लेकिन उसके अनुमान और विचार धरे के धरे रह गए। और भारत ने जो विध्वंस ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से मचाया, उसकी कल्पना भी आतंकियों और उनके जन्मदाताओं एवं शरणदाताओं की कल्पना से भी परे थी। भारत ने लड़ाई के मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि सिंधु जल संधि को स्थगित करने जैसा ऐतिहासिक और साहसी कदम भी उठाया। 1965, 1971 और 1999 कारगिल युद्ध और तमाम छोटी-बड़ी आतंकी घटनाओं में पाकिस्तान की स्पष्ट भूमिका के उपरांत सिंधु जल संधि स्थगित करने का साहस भारत दिखा नहीं पाया। बालाकोट और उसी स्ट्राइक, जम्मू कश्मीर में धारा 370 को खत्म करने जैसे बड़े कदम उठाने के बाद भी पाकिस्तान भारत को हल्के में लेता रहा। वास्तव में त्रुटि पाकिस्तान की नहीं, हमारी ही रही। हमारे देश के भीतर एक ऐसी मंडली हैं, जिनके हृदय में भारत से अधिक पाकिस्तान के लिये प्रेम, पक्षपात और दया भावना उछाल मारती है। यही मंडली हर आतंकी घटना के बाद भारत पाकिस्तान के विरुद्ध कड़े कदम उठाने का प्रपंच और स्वांग रचती है। प्रोपेगेंडा करने और नैरेटिव गढ़ने में इस मंडली को महारत प्राप्त है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी ये मंडली सक्रिय हो गई थी। वो अलग बात है कि इस बार यह अपना एजेंडा चलाने में सफल नहीं हुई। वहीं पाकिस्तान को सख्त सबक सिखाने की बजाय जुबानी जमा खर्च ज्यादा करने की जो परंपरा नेहरू-इंदिरा के शासन में फली फूली, 2014 में मोदी सरकार के गठन से पूर्व तक भारत उसी नीति का सिर झुकाकर अनुसरण करता रहा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी पाकिस्तान को प्रत्युत्तर में एयर स्ट्राइक से अधिक की उम्मीद नहीं थी। उसे लग रहा था भारत की सत्ता संभालने वालों में बड़े, प्रभावशाली और कठोर निर्णय लेने का राजनीतिक साहस नहीं है। लेकिन पाकिस्तान पता नहीं यह कैसे भूल गया कि पीएम मोदी खतरे उठाने और साहसी निर्णय लेने के लिए जाने जाते हैं। उनकी प्रसिद्धि, साख और लोकप्रियता की यूएसपी जोखिम उठाना ही तो है। पीएम मोदी की दृढ राजनीतिक इच्छा शक्ति का समर्थन पाकर हमारे वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने पाकिस्तान को उदाहरण के साथ अच्छे से समझा दिया है कि अब खेल बदल चुका है। खेल के खिलाड़ी बदल चुके हैं। भारत की सत्ता जिनके हाथों में हैं, उनका नारा नेशन फर्स्ट का है। ऑपरेशन सिंदूर के रूप में भारत ने न केवल आतंक के पोषक और जनक पाकिस्तान को करारा उत्तर दिया, बल्कि एक नया सैन्य और रणनीतिक सिद्धांत स्थापित कर दिया। 7 से 10 मई के बीच चार दिनों तक चले इस सीमित, लेकिन तीव्र सैन्य अभियान ने न केवल पाकिस्तान को सैन्य रूप से झकझोर कर रख दिया, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की साख, क्षमता और इच्छाशक्ति का ऐसा प्रदर्शन किया जो दशकों में पहली बार देखा गया। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि आतंक के विरूद्ध अब वह चुप नहीं बैठेगा, घर के भीतर घुसकर मारेगा। पहलगाम घटना के बाद भारत ने बातें नहीं की, डोजियर सौंपने की तैयार नहीं की, सीधे घर में घुसकर मारा, सीधे एक्शन लिया। पाकिस्तान के अंदर घुसकर 15 से अधिक आतंकियों और सेना से जुड़े ठिकानों को नष्ट भ्रष्ट कर दिया। भारत ने केवल आतंकी ठिकानों पर नहीं, उनके ड्रोन कंट्रोल सेंटर और एयरबेस तक को निशाना बनाया। ये दिखाने के लिए कि अगर आवश्यकता पड़ी, तो भारत सीधे उनके सीने तक पहुंच सकता है। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य बहुत स्पष्ट था- आतंक का ढांचा तोड़ना, अपनी सैन्य ताकत दिखाना, शत्रु को पुन~ सोचने के लिए विवश करना और विश्व को यह बताना कि यह परिवर्तित भारत है। और यह परिवर्तित भारत अब नई सुरक्षा नीति पर चल रहा है। यह बदला हुआ भारत है, भारत के इस बदले हुए मिजाज और कड़े निर्णय लेने के साहस को पाकिस्तान समझने से चूक गया। जिसका परिणाम अखिल विश्व के समक्ष है। भारत ने घर में घुसकर जब चाहा, जहां चाहा, वहां हमला किया। आतंकी खत्म किये, आतंक के ठिकाने ध्वस्त किये और पाकिस्तान के सैन्य हमलों को अपाहिज और पंगु बना डाला। भारतीय सेना और हमारे डिफेंस सिस्टम की श्रेष्ठता और सटीकता ने पाकिस्तान ही नहीं उसके सहयोगियों और हितैषी अमेरिका, चीन और तुर्की के जेट फाइटर, ड्रोन्स, एयर डिफेंस सिस्टम और आयुध की निम्न गुणवत्ता को अनावृत कर डाला। पाकिस्तान में फलने फूलने वाले आतंकियों को कड़ी सीख देने के लिए अच्छी तरह चिंतन-मंथन के बाद ऑपरेशन सिंदूर संचालित हुआ। इसे स्वैच्छिक युद्ध में परिवर्तित नहीं होने दिया गया, लेकिन आतंक को कठोर उत्तर भी दे दिया गया। भारत ने ये दिखा दिया कि अब युद्ध का अर्थ केवल बम-विस्फोट और सीमा लांघना नहीं होता। अब लड़ाई सोच-समझकर, सीमित परिधि में और स्पष्ट उद्देश्य के साथ लड़ी जाती है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम ने विश्व समुदाय को स्पष्ट तौर पर बता दिया है कि अब हम किसी और के आश्रित नहीं है। ना अमेरिका की ओर देखा, ना रूस से पूछा और ना ही संयुक्त राष्ट्र से कोई सहायता मांगी। जो करना था, स्वयं उसकी कार्य योजना बनाई, और स्वयं ही उसे धरती पर उतारा। ये वही भारत है जो कभी हमलों के बाद बयान देता था और अंतरराष्ट्रीय सहायता की प्रतीक्षा करता था। लेकिन इस बार भारत ने ये दिखा दिया।

# सेना में महिलाओं की संख्या पर हमेशा से उठते रहे हैं सवाल

सेना में स्त्री-पुरुष समानता सुनिश्चित करने में भारत की प्रगति धीमी रही है। बावजूद इसके, महिलाएं तमाम चुनौतियों को पार करते हुए सेना के तीनों अंगों में अपनी जगह बना रही हैं और धीरे-धीरे अग्रणी भूमिका में भी दिखने लगी हैं। मगर यह संख्या अब भी संतोषजनक नहीं है। पुरुषों के मुकाबले जिस अनुपात में महिलाओं को सेना में अवसर मिलना चाहिए, उस पर प्राय~ सवाल उठते रहे हैं। कोई दोराय नहीं कि जब जीवन के हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के कंधे से कंधा मिला कर चल रही हैं, तो सैन्य बलों में उनकी प्रतिभागिता पर्याप्त रूप से क्यों नहीं बढ़ाई जानी चाहिए? अभी सेना में महिलाओं की उपस्थिति कोई बहुत उत्साहवर्धक नहीं है। शीर्ष न्यायालय ने उचित ही सवाल किया है कि जब महिलाएं रफाल उड़ा सकती हैं, तो सेना की कानूनी शाखा में उनकी संख्या सीमित क्यों है। वे शीर्ष पदों पर क्यों नहीं नियुक्त हो सकतीं। स्थायी कमीशन के लिए भी सेना में कार्यरत महिलाओं को लंबा संघर्ष करना पड़ा था। अपने अधिकारों के लिए उन्हें कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी थी। तब शीर्ष न्यायालय के एक महत्त्वपूर्ण फैसले के बाद सेना में उच्च पद पर उनके पहुंचने का रास्ता खुला था। स्त्री-पुरुष समानता के सवाल पर अदालतें सरकार को अपनी मानसिकता बदलने की नसीहत देती रही हैं। महिलाओं को स्थायी कमीशन देने का फैसला सुनाते समय भी जब अदालत ने सरकार को टोका था, तो उसका कहना था कि रक्षा बलों में पुरुष अभी महिला अधिकारियों की कमान स्वीकार करने के लिए मानसिक रूप से प्रशिक्षित नहीं हो पाए हैं। मगर अब तो अग्रिम मोर्चे में महिलाएं कई अहम भूमिकाएं निभाने लगी हैं। सीमित संख्या में ही सही, अगर महिलाएं युद्धक विमान उड़ाने के काबिल हो गई हैं, तो क्या पुरुष वर्चस्व की मानसिकता नहीं बदलनी चाहिए। सेना की विभिन्न शाखाओं में महिलाओं की संख्या बढ़ाने के साथ उन्हें युद्ध क्षेत्र में क्यों नहीं तैनात किया जाना चाहिए।

# मानव सभ्यता का शिखर एवं रिश्तों का स्वर्ग है परिवार

(ललित गर्ग)

परिवार एक संसाधन की तरह होता है। फिर क्या कारण है कि आज किसी भी घर-परिवार के वातायन से झांककर देख लें-दुख, चिंता, कलह, ईर्ष्या, घृणा, पक्षपात, विवाद, विरोध, विद्रोह के साये चलते हुए दीखेंगे। अपनों के बीच भी परायेपन का अहसास पसरा हुआ होगा। वैश्विक परिवार दिवस दुनिया भर के लोगों में प्यार, सद्भाव, एकता को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित विश्व उत्सव है। संयुक्त राष्ट्र ने परिवारों के महत्व और उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस दिन की स्थापना की। परिवार हमें एकसूत्रता में बांधता है, रिश्तों की अहमियत को गहराई से समझाता है, सभी पारिवारिकजनों में प्यार बढ़ाता है। हमें एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने और हमारे भावनात्मक संबंधों को मजबूत करते हुए बेहतर इंसान बनाने में करता है। संयुक्त राष्ट्र ने माना कि बदलती आर्थिक और सामाजिक संरचनाएं दुनियाभर में पारिवारिक इकाइयों को प्रभावित कर रही हैं, इसलिए, 1993 में इसने आधिकारिक तौर पर 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के रूप में घोषित किया। जैसाकि दुनिया दोहा, कतर में 4-6 नवंबर 2025 में सामाजिक विकास के लिए दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन की तैयारी कर रही है, तब अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस सतत विकास को आगे बढ़ाने में परिवार-उन्मुख नीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालेगा, जो गरीबी उन्मूलन, सभ्य कार्य और सामाजिक समावेशन के प्रति प्रतिबद्धताओं को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। 'सतत विकास के लिए परिवार-उन्मुख नीतियांः सामाजिक विकास के लिए दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन की ओर' थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पहलों से महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि को उजागर किया जाएगा, जिसमें सतत विकास के लिए प्रौद्योगिकीय परिवर्तन, जनसांख्यिकीय बदलाव, शहरीकरण, प्रवासन और जलवायु परिवर्तन जैसी बड़ी प्रवृत्तियों से निपटने के लिए राष्ट्रीय विकास एजेंडा में परिवार-केंद्रित नीतियों को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया जाएगा। परिवार में रिश्तों की एक मज़बूत डोर होती है, सहयोग के अटूट बंधन होते हैं, एक-दूसरे की सुरक्षा के वादे और इरादे होते हैं। हमारा यह फ़र्ज़ है कि इस रिश्ते की गरिमा को बनाए रखें। हमारी संस्कृति एवं परंपरा में पारिवारिक एकता पर हमेशा से बल दिया जाता रहा है। प्राणी जगत एवं सामाजिक संगठन में परिवार सबसे छोटी इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज के संचालन की कल्पना भी दुष्कर है, प्रत्येक व्यक्ति किसी-न-किसी परिवार का सदस्य होकर ही अपनी जीवन यात्रा को सुखद, समृद्ध, विकासोन्मुख बना पाता है। उससे अलग होकर उसके अस्तित्व को सोचा नहीं जा सकता है। हमारी संस्कृति और सभ्यता अनेक परिवर्तनों से गुजर कर अपने को परिष्कृत करती रही है, लेकिन परिवार संस्था के अस्तित्व पर कोई भी आंच नहीं आई। वह बने और बन कर भले टूटे हों लेकिन उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि एवं जीवन की परिपूर्णता-सार्थकता अनुभव करते हैं। परिवार का महत्व न केवल भारत में बल्कि दुनिया में सर्वत्र है। आधुनिक समाज में परिवार का विघटन आम बात हो चुकी है। ऐसे में परिवार न टूटे इस मिशन एवं विजन के साथ अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। परिवार के बीच में रहने से आप तनावमुक्त व प्रसन्नचित्त रहते हैं, साथ ही आप अकेलेपन या डिप्रेशन के शिकार भी नहीं होते, यही नहीं परिवार के साथ रहने से आप कई सामाजिक बुराइयों से अछूते भी रहते हैं। परिवार दो प्रकार के होते हैं- एक एकल परिवार और दूसरा संयुक्त परिवार। एकल परिवार में पापा-मम्मी और बच्चे रहते हैं। संयुक्त परिवार में पापा-मम्मी, बच्चे, दादा दादी, चाचा, चाची, बड़े पापा, बड़ी मम्मी, बुआ इत्यादि रहते हैं।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5735

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | | 6 | | 1 |
| | | 7 | 2 | | | | 8 | |
| | | 9 | 3 | | | | | 2 |
| | | | 1 | | | | | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | | | | | 4 | | | |
| 4 | | | | | 3 | 5 | | |
| | 3 | | | | 2 | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | | 3 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5734

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 9 | 6 | 1 | 7 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 |
| 3 | 7 | 6 | 8 | 4 | 2 | 9 | 5 | 1 |
| 4 | 9 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 3 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 7 | 1 | 5 | 9 | 3 | 4 | 6 | 2 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 7 | 6 |
| 9 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 |
| 1 | 6 | 4 | 5 | 7 | 3 | 2 | 8 | 9 |

## वर्ग पहेली 5735



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. विश्व का एक मात्र देश जिससे होकर भूमध्यरेखा और मकर रेखा दोनों ही गुजरती है (3)
4. तरल पदार्थ, निर्यास, जूस, द्रव (2)
6. हाथी के समान शक्ति या ताकत (4)
8. देश-प्रदेश में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए बनाए गए नियम (3)
9. टेड़ा, कुटिल, कोणाकार, मोड़दार (2)
10. रिपोर्ट का अपभ्रंश, फिसलन, ढलान (3)
12. समाचार पत्र को यह भी कहते है (3)
15. अगल-बगल, पास-पडौस, मुहम्मद रफी ने अंतिम गीत इस फिल्म के लिए गाया था (1980)(4)
17. अंतवर्ण, अछूत, चुतर्थ वर्ण (2)
18. विमान दौड़ पट्टी, धावन पट्टी (3)
20. प्राचीन काल की दो पहिए या चार पहिए वाली गाड़ी जिसे घोड़े खींचते थे (2)
21. रूबल मुद्रा का प्रचलन इस देश में है (2)

**ऊपर से नीचे**

1. प्रसाण होना (5)
2. प्रेम संबंध को यह भी कहते है (5)
3. तरकारी, सब्जी-भाजी (2)
4. प्रभु, परमेश्वर (पंजाबी)(2)
5. शिकन, सिकुडन, वलय, गुजल्क (4)
7. अंतरकण, अंतरात्मा, कानशंस (3)
11. सन कपड़ा, अलसी, कालशाक (4)
13. महाभारत के अनुसार दुर्योधन का बहनोई जो दुःशला का पति था (4)
14. महीन कंटक, खपची, अवरोध, उलझन (2)
15. इज्जत, प्रतिष्ठा, इस्मत, नेकनामी, सतीत्व (3)
16. दूरस्थ तट, नितांत अंत, छोर (2)
17. वीर पुरूष, बहादुर, पराक्रमी (2)
19. फूलों की घनी गुथी छोटी माला जिससे स्त्रियों बालों को श्रृंगारित करती है (2)

### वर्ग पहेली 5734 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | र | वे | ज | मु | श | र्र | फ |
| र | ज | त | प | ट | | | की |
| शु | | न | | री | ति | का | र |
| रा | म | दा | स | | त | क | |
| म | म | ता | | बा | ली | | सं |
| | ता | | जू | ल | | दा | ता |
| का | म | ना | | कां | ति | मा | न |
| ज | य | | रो | ड | | द | |

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन कार्यक्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ने का है। नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिनका सही ढंग से निर्वहन करना आपको वरिष्ठों की दृष्टि में ऊंचा स्थान देगा। वित्तीय रूप से दिन संतुलित रहेगा, लेकिन कोई पुराना भुगतान अटक सकता है। निवेश के लिए दिन मध्यम है, परंतु रियल एस्टेट या कृषि से जुड़े क्षेत्रों में लाभ की संभावना बन सकती है।

### वृष
आज दिन आर्थिक दृष्टि से उन्नतिदायक है। शुक्र की शुभ स्थिति आय के नवीन स्त्रोत खोल सकती है, विशेषकर सौंदर्य, कला, फैशन, डिजाइनिंग व मीडिया से जुड़े व्यवसायों में लाभ का योग है। व्यापार में कोई पुराना साझेदार पुनः संपर्क कर सकता है जिससे नया विस्तार संभव है। नौकरी में पदोन्नति या प्रोत्साहन मिलने की प्रबल संभावना है। शेयर या म्युचुअल फंड में किया गया।

### मिथुन
आज दिन व्यस्तता और आर्थिक दबावों से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में प्रतियोगिता और प्रतिस्पर्धा तीव्र हो सकती है, जिससे तनाव महसूस होगा। लेकिन यदि आप संयमित ढंग से निर्णय लेंगे तो परिणाम आपके पक्ष में आएंगे। मीडिया, संचार, प्रिंटिंग व रियल एस्टेट से जुड़े जातकों को विशेष अवसर मिल सकता है।

### तुला
आज दिन आय-वृद्धि और करियर में अवसरों से भरपूर रहेगा। पारिवारिक व्यवसाय से जुड़े लोगों को कोई बड़ा आर्थिक लाभ मिल सकता है, विशेषकर यदि वह रियल एस्टेट या खाद्य व्यवसाय से संबंधित हो। नौकरी में वरिष्ठों से सहयोग मिलेगा,फ्रीलांसिंग, वर्क फ्रॉम होम करने वालों के लिए अतिरिक्त कमाई के अच्छे संकेत हैं।

### वृश्चिक
आज दिन आर्थिक योजनाओं को क्रियान्वित करने हेतु उपयुक्त है। कार्यस्थल में स्थानांतरण या विभागीय परिवर्तन की संभावना बन रही है जो आपके पक्ष में साबित हो सकता है। उच्च अधिकारियों से संबंधों में सुधार होगा और कोई नई जिम्मेदारी आपके करियर को नई दिशा दे सकती है। व्यवसाय में क्लाइंट बेस बढ़ेगा। आय वृद्धि के साथ ही खर्चों में भी वृद्धि हो सकती है।

### धनु
आज दिन धैर्य और विवेक के साथ निर्णय लेने का है। नौकरी में प्रतिस्पर्धा के बावजूद आपकी परिपक्व सोच आपको आगे बढ़ा सकती है। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से मतभेद हो सकते हैं, इसलिए शांत रहना लाभदायक रहेगा। आर्थिक रूप से दिन स्थिर है, लेकिन अचानक धन लाभ के योग बन रहे हैं, विशेषकर यदि आपने विदेशी बाजार या वाणिज्यिक क्षेत्रों में निवेश किया है।

### कर्क
आज दिन अत्यधिक व्यस्तता वाला हो सकता है, लेकिन मेहनत का फल भी मिलेगा। करियर में आगे बढ़ने के अवसर बनेंगे, विशेषकर इंजीनियरिंग, निर्माण, मैन्युफैक्चरिंग या प्रबंधन क्षेत्र में कार्यरत लोगों को लाभ होगा। लेकिन यह खर्च कार्यसिद्धि और निवेश में परिवर्तित हो सकता है। पुराने ऋण की अदायगी करने के लिए समय उपयुक्त है।

### सिंह
आज आपको अप्रत्याशित लाभ होने के आसार हैं। कल शनिदेव की कृपा से आपको मेहनत का पूरा लाभ मिलेगा। इच्छित सफलताएं मिलने से मन खुशी से झूम उठेगा। कल छोटे भाई बहनों और दोस्तों की मदद से आपकी कोई ऐसी परेशानी दूर होगी, जिसकी वजह से आप तनाव में चल रहे थे। नौकरीपेशा जातकों के लिए कल का दिन अच्छा रहने वाला है।

### कन्या
आज आज दांपत्य जीवन में खुशियां बनी रहेंगी। अविवाहित जातकों के लिए रिश्ता आ सकता है। परिवार में माहौल अनुकूल रहेगा। घर से दूर रहे किसी सदस्य का आज आगमन हो सकता है जिससे दिन हंसी खुशी बीतेगा। आज अपने काम ऑनलाइन माध्यम से पूरा करने की कोशिश करेंगे।

### मकर
आज दिन व्यापारिक निर्णयों के लिए अनुकूल है। साझेदारी में चल रहे व्यापार को विस्तार देने या किसी नए प्रॉजेक्ट की शुरुआत के लिए उत्तम समय है। बैंकिंग, अकाउंटिंग, परामर्श या लॉ से जुड़े जातकों को करियर में उन्नति मिलेगी। पुराने निवेश से लाभ संभव है नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन से संबंधित कोई शुभ सूचना मिल सकती है।

### कुंभ
आज आज का दिन व्यापार में रणनीतिक योजना के निर्माण और कार्यान्वयन के लिए श्रेष्ठ है। व्यापारियों के लिए डील फाइनल होने के योग हैं, विशेषकर यदि वह निर्माण, माइनिंग या टेक्निकल क्षेत्र से संबंधित हो। नौकरी में आपकी परफॉर्मेंस नोटिस में आएगी और आपके प्रयासों को मान्यता मिल सकती है। आय में वृद्धि के साथ-साथ किसी नयी जिम्मेदारी का भी प्रस्ताव मिलेगा।

### मीन
आज दिन विशेष आर्थिक लाभदायक साबित हो सकता है। पुराने संपर्कों से लाभ मिलने की संभावना है, विशेषकर व्यापार में। यदि आप स्टार्टअप चला रहे हैं तो कोई फंडिंग या निवेश का प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। नौकरी में आपका प्रभाव बढ़ेगा और आपको उच्च अधिकारियों की सराहना मिल सकती है। शिक्षा, धर्म, सरकारी सेवा व अध्यापन से जुड़े जातकों को विशेष सफलता मिलने के योग हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### मोरहाबादी में 22 करोड़ खर्च के बाद भी नहीं बना टाइम्स स्कायर, अब तोड़ा जा रहा स्टेज

**रांची, एजेंसी।** रांची के मोरहाबादी मैदान को न्यूयार्क के टाइम्स स्कायर की तर्ज पर विकसित करने पर 22 करोड़ रुपए खर्च किए गए। लेकिन पिछले सात सालों में यह टाइम्स स्कायर नहीं बन पाया। नगर विकास विभाग की एजेंसी जुडको ने मैदान में एक भव्य मंच और उसके ऊपर स्टील का टेनसाइल स्ट्रक्चर बनवाया था। इसमें करीब दो करोड़ रुपए खर्च हुए थे। इसके अलावा 11 एलईडी स्क्रीन, हाईमास्ट लाइट, 32 गोबो लाइट, डेकोरेटिव लाइट, कंट्रोल रूम, पैनल रूम, ट्रांसफार्मर और दो जनरेटर लगाए गए थे। लेकिन साल में दो से तीन बार ही एलईडी स्क्रीन का इस्तेमाल हुआ। आम लोगों को इससे कोई फायदा नहीं हुआ। मैदान में बने मंच का ही इस्तेमाल हो रहा था, लेकिन अब विधि-व्यवस्था का हवाला देकर उसे भी तोड़ा जा रहा है। मंच को तोड़कर मैदान को समतल किया जाएगा। लेकिन इसके लिए कहीं से भी एनओसी नहीं ली गई है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के निर्देश पर इतनी बड़ी संरचना का निर्माण हुआ था, लेकिन किसके निर्देश पर तोड़ा जा रहा है, इस पर अधिकारियों ने चुप्पी साध ली है। मालूम हो कि मोरहाबादी में स्थाई मंच बनने की वजह से टेंट हाउस वालों की दुकानदारी बंद हो गई थी। क्योंकि, जब भी कोई राजनीतिक या अन्य कार्यक्रम होते थे तो मंच बनाने की जरूरत नहीं पड़ती थी। मंच टूटने से एक बार फिर टेंट हाउस वालों की चांदी हो जाएगी।

### मंडल डैम से प्रभावित 780 परिवारों को गढ़वा जिले में बसाने की तैयारी, मुआवजे को लेकर भी आया अपडेट

**रांची, एजेंसी।** उत्तर कोयल नहर परियोजना यानि मंडल डैम के डूब प्रभावित क्षेत्र में आने वाले लोगों को पुनर्वासित करने की योजना जल्द ही पूरी होने वाली है। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने हाल ही में इस क्षेत्र का दौरा किया था और लोगों को सुविधायुक्त पुनर्वास का निर्देश दिया था। जानकारी के मुताबिक मंडल डैम से प्रभावित 780 परिवारों को 15-15 लाख रुपये और एक एकड़ जमीन दी जाएगी। गढ़वा जिले के रंका प्रखंड के विश्रामपुर में इन प्रभावित परिवारों को बसाने की तैयारी है। 1972 में बनी मंडल डैम योजना को अब तक पूरा नहीं किया जा सका है। जनवरी 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डैम के अधूरे काम को पूरा करने वाली योजना का शिलान्यास किया है। हालांकि, इसके बाद से अब तक कोई निर्माण इस क्षेत्र में नहीं हुआ है। यह ऐसा पहला प्रोजेक्ट है, जिसके पूरा होने के लिए केंद्रीय कैबिनेट की ओर से दो बार राशि निर्गत की गई है। मंडल डैम लगभग बनकर तैयार है। बिहार और झारखंड क्षेत्र में नहर का निर्माण भी हो चुका है, लेकिन डैम की मौजूदा 367 मीटर उंचाई को कम करने के लिए पलामू टाइगर रिजर्व प्रशासन की ओर से कहा गया है। उंचाई कम करने से हजारों की संख्या में पेड़ कटने से बच जाएंगे।

### विश्व बैंक, एएफडी, एनसीडीसी और झारखंड मत्स्य विभाग पहुंची तिलैया डैम

**हजारीबाग, एजेंसी।** जिले के बरही अनुमंडल अंतर्गत तिलैया जलाशय विश्व बैंक, एएफडी, एनसीडीसी और झारखंड राज्य मत्स्य विभाग की टीम पहुंची। तिलैया डैम स्थित बुंडू में संचालित केज कल्चर गतिविधियों का टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। टीम का नेतृत्व विश्व बैंक के वरिष्ठ मत्स्य उद्योग मानक विशेषज्ञ जूलियन मिलियन ने किया। एएफडी से मिस ऑर्फी सिलार्ड और निधि बत्रा, भारत सरकार से आईए सिद्दिकी और नेशनल फिशरीज डेवलपमेंट बोर्ड से मासूम वहीद शामिल थे। इस भ्रमण का उद्देश्य प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजना की प्रगति का मूल्यांकन करना और मत्स्य किसानों की आर्थिक स्थिति का आकलन करना था। यह गतिविधि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना और जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट योजना के अंतर्गत चिह्नित की गई है। जिसके माध्यम से स्थानीय मत्स्य कृषकों को आर्थिक रूप से सशक्त और तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जा रहा है। टीम ने जलाशय में लगे केजों की संरचना, प्रबंधन, उत्पादन प्रणाली और किसानों की भागीदारी का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मत्स्य कृषकों से सीधा संवाद भी किया। निरीक्षण टीम के सामने किसानों ने अपनी चुनौतियां साझा करते हुए राज्य में स्थानीय स्तर पर उन्नत मत्स्य बीज उत्पादन इकाई और हाईटेक फीड निर्माण इकाई की आवश्यकता पर बल दिया है।

# सीबीआई करेगी झारखंड शराब घोटाले की जांच

## छापामारी में जब्त सामान को लेकर भी आदेश जारी

**रांची, एजेंसी।** के उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के पूर्व अधिकारियों सहित अन्य के ठिकानों से जब्त आइफोन व अन्य दस्तावेज फिलहाल ईडी के कब्जे में ही रहेंगे। यह निर्देश नई दिल्ली स्थित ईडी की न्याय निर्णय प्राधिकरण (एडजुकेटिंग अथॉरिटी) का है।

एडजुकेटिंग अथॉरिटी ने ईडी की याचिका पर सुनवाई के बाद यह यह आदेश दिया है। शराब घोटाला मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच के दौरान ईडी ने यह जब्ती 29 अक्टूबर 2024 को की थी। तब ईडी ने शराब घोटाला मामले में झारखंड व छत्तीसगढ़ के अधिकारियों से जुड़े ठिकानों पर एक साथ छापामारी की थी। इस छापामारी में झारखंड की वर्तमान उत्पाद नीति (जनवरी 2022 में छत्तीसगढ़ राज्य विपणन निगम लिमिटेड के मॉडल आधारित) से जुड़े कागजात, प्रिज्म कंपनी के होलोग्राम के नमूने, दो आइफोन, अन्य मोबाइल आदि की बरामदगी हुई थी। उक्त साक्ष्य व दस्तावेज ईडी के कब्जे में रहे, इसके लिए ही ईडी ने एडजुकेटिंग अथॉरिटी में याचिका दाखिल कर रखी थी।



पूरा मामला झारखंड में 31 मार्च 2022 से लागू नई उत्पाद नीति से संबंधित है। आरोप है कि इसके लिए जनवरी 2022 में झारखंड में उत्पाद नीति को बदलने के लिए छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के साथ तत्कालीन उत्पाद सचिव व अन्य अधिकारियों ने प्लान किया और रायपुर में बैठक की थी।

यह भी आरोप है कि उत्पाद नीति लागू होने के बाद दो वर्षों तक झारखंड उत्पाद नीति में छत्तीसगढ़ की एजेंसियां कार्यरत रहीं। नकली होलोग्राम, अवैध शराब की सप्लाई कर झारखंड सरकार को करोड़ों की क्षति पहुंचाई गई। ईडी की जांच जारी है। झारखंड के तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे, संयुक्त आयुक्त उत्पाद गजेंद्र सिंह व अन्य के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की आर्थिक अपराध शाखा रायपुर में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर ही ईडी ने गत वर्ष अपने यहां ईसीआइआर दर्ज किया था। उक्त केस रांची के अरगोड़ा निवासी विकास सिंह की शिकायत पर दर्ज किया गया था।

विकास सिंह का आरोप था कि छत्तीसगढ़ के तत्कालीन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव अनिल टुटेजा, छत्तीसगढ़ राज्य मार्केटिंग कारपोरेशन लिमिटेड के तत्कालीन प्रबंध निदेशक अरुणपति त्रिपाठी, रायपुर के बैरन बाजार निवासी अनवर ढेबर व उनके सिंडिकेट ने झारखंड के अधिकारियों के साथ मिलकर साजिशपूर्वक झारखंड की आबकारी नीति में फेरबदल किया।

झारखंड में देशी व विदेशी शराब का ठेका सिंडिकेट के लोगों को दिलवाकर धोखाधड़ी की और झारखंड सरकार को करोड़ों का नुकसान पहुंचाया। इस सिंडिकेट में झारखंड में बेहिसाब नकली होलोग्राम लगी देशी शराब की बिक्री कर तथा विदेशी शराब की सप्लाई का काम दिलवाकर उन कंपनियों से करोड़ों रुपये का कमीशन लिया।

शराब घोटाला प्रकरण में रायपुर की आर्थिक अपराध इकाई (ईओडब्ल्यू) में दर्ज केस में जल्द ही सीबीआई की एंट्री होगी। ईओडब्ल्यू ने सीबीआई से इसकी अनुशंसा की थी और उक्त केस की जांच करने का आग्रह किया है।

इससे संबंधित दस्तावेज भी ईओडब्ल्यू ने सीबीआई मुख्यालय को भेजा था। बताया जा रहा है कि झारखंड में शराब घोटाला केस में सीबीआई जांच होगी। इसकी तैयारी चल रही है।

### हीट वेव की चपेट में खूंटी जिला, 15-20 हर रोज अस्पताल में हो रहे एडमिट!



**खूंटी, एजेंसी।** इन दिनों खूंटी और आसपास के क्षेत्रों के लोग गर्मी से परेशान हैं। जिला का तापमान लगातार बढ़ रहा है। चिलचिलाती गर्मी ने जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया है। इससे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर स्कूल आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं और रोजमर्रा की जिंदगी जीवन यापन करने वाले लोगों को ज्यादा परेशानी हो रही है।

हालांकि इस बीच अचानक मौसम बदलने व हवा चलने के कारण गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली। पिछले एक सप्ताह से जिला का तापमान लगातार बढ़ रहा है। जिसकी वजह से लोग बीमार पड़ रहे हैं, जिसमें ज्यादातर बच्चे शामिल है। सदर अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ी है।

**डॉक्टर ने दी गर्मी से बचने की सलाह:** खूंटी सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ। आनंद किशोर उरांव ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही मरीजों की संख्या बढ़ी है। पहले जहां दो ढाई सौ मरीज अस्पताल आते थे। वहीं अब इसकी संख्या बढ़कर तीन सौ पार हो गयी है। ज्यादातर मरीज बुखार, दस्त, डिहाइड्रेशन, सिर दर्द आदि शिकायत लेकर आ रहे है। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल में सभी तरह की इलाज की व्यवस्था है। सिविल सर्जन डॉ। नागेश्वर मांझी ने गर्मी से बेहाल लोगों को विशेष सलाह दी है। सीएस ने कहा कि लिक्विड पदार्थ का सेवन अधिक करें। बहुत जरूरी हो, तभी सिर में कपड़ा, टॉपी पहनकर ही घर से बाहर निकलें। खाली पेट बिल्कुल भी न रहें। हमेशा पानी पीते रहें। ज्यादा से ज्यादा लिक्विड पदार्थ का सेवन करें। संभव हो तो नॉन वेज का इस्तेमाल कम से कम करने का प्रयास करें।

### हज यात्रा की तैयारियों को लेकर मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने की समीक्षा बैठक

**रांची, एजेंसी।** हज यात्रा से जुड़ी तैयारियों की शुक्रवार को कडरू स्थित हज हाउस में विस्तृत समीक्षा हुई। हज-2025 की तैयारियों को लेकर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री एवं हज कमेटी के अध्यक्ष डॉ इरफान अंसारी ने समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि इस वर्ष हज यात्रा पर जाने वाले झारखंड के लगभग 1300 हज यात्रियों की सुविधाओं, सुरक्षा और संपूर्ण व्यवस्था को बेहतर बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा जाएगा।

**अधिकारियों को डॉ इरफान अंसारी का निर्देश :** डॉ। इरफान अंसारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी हज यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं जैसे आवास, स्वास्थ्य सेवा, परिवहन और उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर भोजन उपलब्ध हो इसकी व्यवस्था में अभी से लग जाएं।

उन्होंने कहा कि हज यात्रा को सरल, सुरक्षित और सुखद बनाने की दिशा में राज्य सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हज यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका पूरा ख्याल रखा जाएगा। सभी आवश्यक स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की जा चुकी है और मेडिकल टीमों को पूरी तरह से तैयार रखा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता पहुंचाई जा सके।

**जल्द शुरू होगी हजयात्रियों के टीकाकरण और अन्य प्रक्रिया :** डॉ।इरफान अंसारी ने यह भी जानकारी दी कि हज यात्रियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, दस्तावेज़ सत्यापन, टीकाकरण एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार राज्य के हज यात्रियों को हर संभव सुविधा देने हेतु संकल्पित है। राज्य हज कमेटी और संबंधित विभाग हज-2025 को सफल, सुव्यवस्थित और यात्री हित में सम्पन्न कराने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्यरत हैं।

# लरंगो में कोयल नदी से अवैध बालू का हो रहा उठाव

**सिसई, एजेंसी।** सिसई प्रखंड क्षेत्र के लरंगो गांव स्थित कोयल नदी में दर्जनों ट्रेक्टर लगाकर नदी का अंधाधुंध दोहन कर जीएसएमडीसी के भंडारण स्थल में भारी मात्रा में बालू भंडारण करने में जुट गए हैं। सभी नियम कानून को ताक पर रखकर 30 से 35 ट्रैक्टर से प्रतिदिन बालू उठाव कराया जा रहा है। जिसमे अधिकांश ट्रैक्टर बिना नम्बर का है, ग्रामीणों के अनुसार बंदोबस्त क्षेत्र से हटकर भी नदी से बालू का उठाव किया जा रहा है। जिससे लरंगो व बाला खटंगा के ग्रामीणों की जेएसएमडीसी के कर्मियों से आए दिन नोकझोंक होते रहती है। यह नोकझोंक किसी दिन मारपीट में तब्दील हो जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि जेएसएमडीसी के द्वारा सीमा क्षेत्र से बाहर अतिक्रमण कर बालू उठाव करने को लेकर पूर्व में दर्जनों बार कर्मियों व ग्रामीणों का टकराव हो चुका है। चार से पांच बार प्रशासन मापी कर सीमांकन भी कर चुका है। किन्तु जेएस एमडीसी के सीमांकन क्षेत्र में बालू नहीं होने के कारण अतिक्रमण कर घाघरा प्रखंड क्षेत्र से बालू का उठाव किया जाता रहा है। अवैध बालू उठाव को लेकर घाघरा प्रखण्ड के नवाडीह पंचायत की पूर्व मुखिया बांदों देवी करीब दो साल पहले जेएसएमडीसी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराई थी। कोर्ट के निर्देश पर उस समय प्रशासन ने जेएस एमडीसी का 8 से 9 लाख सीएफटी बालू भंडारण स्थल में जब्त किया है।



पिछले एक सप्ताह से जेएसएमडीसी के लोग उक्त जब्त बालू के चारो ओर बालू गिराकर दिया है, इससे उन लोगो की जब्त बालू को कब्जाने की मंशा साफ दिखाई देता है। जेएसएमडीसी के बंदोबस्त नदी क्षेत्र खेत मे परिवर्तित होते जा रहा है,नदी में घांस उग आए है। भंडारण का कही कोई बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। लंरगो पंचायत के मुखिया पति सह पूर्व मुखिया सुफल उरांव ने बताया कि वर्ष 2017 के पहले की तरह बालू घाटों की अब खुली नीलामी जिलों के द्वारा की जाएगी। बालू घाटों पर अब जेएसएमडीसी का अधिकार समाप्त हो गया है। जेएसएमडीसी के पास यह अधिकार अब 31 अगस्त 2025 तक ही है। झारखंड सरकार कैबिनेट की नौ मई को हुई बैठक में झारखंड सैंड माइनिंग रूल 2025 को अधिसूचित करने की स्वीकृति दी गई है।

लरंगो कोयल नदी घाट की बंदोबस्ती का सबसे अधिक लरंगो व नवाडीह पंचायत के लोगो को उठाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगो को सरकारी आवास,विकास योजना और निजी मकान बनाने वालों को भी जेएसएमडीसी के चलान से 3 हजार से 35 सौ तक चुकाकर लेना पड़ रहा है।

## मरने का नाटक कर अपराधी ने बचायी थी ग्रामीणों से जान, इलाज के बाद भेजा गया जेल

**धनबाद, एजेंसी।** बिराजपुर बाजार के सर्राफा कारोबारी सहदेव सोनार से लूटपाट के दौरान ग्रामीणों के हत्थे चढ़े कारू महतो को एसएनएमएमसीएच में इलाज के बाद बरवाअड्डा पुलिस ने गुरुवार को धनबाद जेल भेज दिया है।पुलिस पूछताछ में कारू ने बताया कि गिरोह का मुख्य सरगना दीपक दास (गिरिडीह) व पुनीत तुरी (नावाडीह-बोकारो) है।दीपक दास ने उसे बिराजपुर के एक सर्राफा कारोबारी को लूटने के लिए बरवाअड्डा बुलाया था।दीपक दास व पुनीत तुरी से दोस्ती तेनुघाट जेल में हुई थी।जेल से छूटने के बाद दीपक ने सर्राफा कारोबारी से लूटपाट की योजना बनायी।इसके बाद तीनों एक ही बाइक से शाम पांच बजे बिराजपुर बाजार पहुंचे।

यहां सर्राफा कारोबारी की दुकान का मुआयना किया।बाजार में भीड़भाड़ को देखते हुए तीनों बिराजपुर से पंजनिया, बेहराडीह होते हुए काडालगा-मरिचो चले गये।फिर रात आठ बजे बिराजपुर बाजार पहुंचे।वहां लोगों का अधिक आवागमन को देखते हुए योजना बदल दी।सड़क पर गुजरने के दौरान लूटने की योजना बनायी।फिर खंडेरी, मिश्रडीह होते हुए पथिकडीह मोड़ पहुंचे।हमलोग अमन साहू गैंग से जुड़े हुए हैं।बिराजपुर बाजार स्थित सहदेव सोनार के ज्वेलर्स दुकान के सामने स्थित एक अन्य सोना, चांदी के व्यापारी को लूटने की योजना बनी थी।लेकिन इससे पूर्व सहदेव सोनार आ गया और हमलोगों ने उससे लूटपाट की।लोकल लिंक से पता चला कि बिराजपुर बाजार के जिस सर्राफा कारोबारी को लूटना था।वह अभी तक दुकान बंद कर नहीं निकला है, तो सहदेव सोनार को बंधक बनाकर उसके आना का इंतजार करने लगे।इस दौरान कारू पकड़ा गया।ग्रामीण मुझसे मारपीट करने लगे, तो मैं मरने का नाटक कर अपनी जान बचायी.

कारू ने पुलिस को बताया कि दीपक दास गिरिडीह में रहता है।वहां उसकी बहन का घर भी है।उसकी बहन के घर में हमलोग दो दिन रुके हुए थे।दीपक के पिता बीसीसीएल कर्मी थे।पहले दुग्दा में रहते थे।लेकिन पिता के रिटायर्ड होने के बाद गिरिडीह में रहने लगे।दीपक ने घटना को अंजाम देने के लिए बेंगाबाद-गिरिडीह में हथियार खरीदा था।फिर हमलोग हथियार लेकर सोना, चांदी के व्यापारी को लूटने बिराजपुर पहुंचे.

पुलिस जांच में यह बात सामने आयी है कि अपराधी पुनीत तुरी व कारू महतो नावाडीह थाना के समीप रहते हैं।दोनों घर में बहुत कम रहते हैं।कभी-कभी अपने घर में आते हैं।दोनों की गर्लफ्रेंड हैं।कारू महतो ने ओडिशा से एक महिला को भगाकर अपने घर में रखा हुआ।इसी को लेकर विवाद होने के बाद दूसरी जगह रहने लगा।इस संबंध थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने कहा कि कारू महतो से पूछताछ में अहम जानकारी मिली है।कारू महतो को जेल भेज दिया गया।फरार अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी जारी है.

## ...तो क्या दुष्कर्मी को इनाम देगी झारखंड सरकार नवाडीह की घटना पर चंपाई सोरेन का तीखा हमला

**बोकारो, एजेंसी।** नावाडीह की घटना पर पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने सरकार के कार्य प्रणाली पर पलटवार किया है।

उन्होंने कहा कि पुलिस के अनुसार, महिला ने आत्मरक्षा में शोर मचाया और ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर उसकी मदद की। पर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी एक पक्षीय काम कर रहे हैं। उन्होंने मृतक आरोपी के परिवार को 6 लाख रुपये की सहायता और स्वास्थ्य विभाग में नौकरी देने की घोषणा की।

इसमें राहुल गांधी की ओर से 1 लाख, मुख्यमंत्री की ओर से 1 लाख और राज्य सरकार की ओर से 4 लाख की मदद शामिल है। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने तीखी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि क्या अब रेपिस्ट को इनाम मिलेगा? यह आदिवासी समाज और हमारी बेटियों का अपमान है। बताया है कि एक गांव में एक आदिवासी महिला ने आरोप लगाया कि एक मुस्लिम युवक, अब्दुल अंसारी, ने उसके साथ बलात्कार करने की कोशिश की।

महिला के शोर मचाने पर गांव वाले इकट्ठा हो गए और उसे बचाया। इस दौरान हुई हाथापाई में आरोपी घायल हो गया और बाद में उसकी मौत हो गई।



पुलिस के मुताबिक, महिला ने आत्मरक्षा की और शुरुआती जांच में यह पाया गया कि महिला पर हमले की पुष्टि होती है। इसके बावजूद एक पक्षीय कार्रवाई हो रही है। चंपाई सोरेन ने इसे झारखंड की आत्मा पर हमला बताया और सवाल उठाया कि एक दुष्कर्मी के पक्ष में खड़ी सरकार क्या आदिवासी महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है?

उन्होंने इसे वोट बैंक की राजनीति करार देते हुए कहा कि यह फैसला कानून और नैतिकता दोनों के खिलाफ है। उन्होंने आदिवासी समाज से जागरूक होने और इस अन्याय के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध करने की अपील की।

चंपाई सोरेन ने कहा कि जागो आदिवासियों, जागो, अगर आज नहीं बोले, तो कल हमारी बेटियां असुरक्षित होंगी।बोकारो की यह घटना सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि राज्य की संवेदनशीलता, सामाजिक न्याय और राजनीतिक नैतिकता की कसौटी बन गई है।

चंपाई सोरेन की प्रतिक्रिया ने इस पूरे मुद्दे को राज्यव्यापी बहस में बदल दिया है। अब देखना यह है कि सरकार इस पर क्या सफाई देती है और जनता क्या फैसला करती है।

# झारखंड में विदेश में बनी शराब सस्ती मिलेगी : मॉडल दुकानों में होगी बैठ कर पीने की सुविधा

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में अब विदेशों में बनी शराब सस्ती मिलेगी। जबकि राज्य में बनी और यहां बिकने वाली पॉपुलर ब्रांड की शराब महंगी हो जाएगी। नई उत्पाद नीति में शराब पर लगने वाली वैट में कटौती की गई है। इसी वजह से ऐसा हो रहा है। इसके अतिरिक्त नई शराब नीति दुकानों से न केवल शराब खरीदने की सुविधा दे रहा है बल्कि अब दुकानों में ही बैठ कर पीने की भी व्यवस्था रहेगी। ऐसा उन दुकानों में होगा जिसे मॉडल शराब दुकान के नाम से खोला जाएगा। नगर निगम व परिषद क्षेत्र में विदेशी शराब की ऑफ दुकान को मॉडल शॉप में अपग्रेड किया जाएगा। इसके लिए तय शर्तों के अनुसार जगह जरूरी होगी।

वातानुकूलित कक्ष, टेबल-कुर्सी, किचन की व्यवस्था करनी होगी। मॉडल शॉप में वाइन, बीयर, ब्रीजर, विदेशी और आईएमएफएल ब्रांड मिलेंगे। इच्छुक व्यक्ति को पहले ऑफ दुकान की बंदोबस्ती लेनी होगी। अपग्रेडेशन के लिए नक्शा समेत दस्तावेज जमा करने होंगे।

उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग नई शराब नीति को लागू करने में जुट गया है। अब तक कहा जा रहा था कि जून से ही नई व्यवस्था लागू कर दी जाएगी पर ऐसा होता दिख नहीं रहा




है। नीति के बनने से लेकर उसे लागू करने की प्रक्रिया में औसत 40 से 45 दिन लगने की संभावना है। इस वजह से खुदरा शराब की दुकानें, जुलाई महीने से ही निजी हाथों में जा सकेंगी। फिलहाल, विभाग नई उत्पाद नीति लागू करने के लिए आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने में जुटा है।

राज्य में खुदरा शराब की दुकानों का ई-लॉटरी के माध्यम से बंदोबस्त किया जाना है। इसके लिए एनआईसी की मदद से सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है। सॉफ्टवेयर की टेस्टिंग भी की जा चुकी है। अब सॉफ्टवेयर के माध्यम से राज्य के विभिन्न जिलों में दुकानों के आवंटन के लिए मिलने वाले आवेदनों का त्वरित गति से निष्पादन हो सकेगा। कम से कम समय में ही यह तय हो जाएगा कि किस आवेदक को संबंधित दुकानों की बंदोबस्ती मिलेगी। इसके बाद संबंधित आवेदक द्वारा सभी तरह के शुल्क और अन्य दस्तावेज जमा कर दुकानों का लाइसेंस लिया जाएगा।

राज्य में शराब की खुदरा दुकानों की संख्या 1453 है, जिनकी बंदोबस्ती की जानी है। हालांकि, समीक्षा के बाद कुछ जिलों में खुदरा शराब की दुकानों में वृद्धि की भी संभावना है। दुकानों की बंदोबस्ती समूह के आधार पर की जाएगी। एक समूह में एक से लेकर अधिकतम चार दुकानें शामिल रहेंगी। सरकार का यह प्रयास रहेगा कि शराब की सभी 1453 खुदरा दुकानों की बंदोबस्ती हो जाए, ताकि सरकार को इसका पूरा का पूरा राजस्व मिल सके। इसके लिए विभागीय स्तर पर अलग से तैयारी की जाएगी, ताकि कोई भी दुकान बिना बंदोबस्त न रह सके। आयुक्त उत्पाद विजय कुमार सिन्हा प्रशिक्षण लेने राज्य से बाहर गए हैं। ऐसे में पांच अप्रैल से ही उत्पाद आयुक्त का पद खाली चल रहा है। वे 13 जून तक प्रशिक्षण में रहेंगे। इतनी लंबी अवधि के लिए भी किसी को उत्पाद आयुक्त का प्रभार नहीं दिया गया है। उत्पाद आयुक्त की अनुपस्थिति में ही नई उत्पाद नीति लागू करने की कार्रवाई शुरू की गई है। नई उत्पाद नीति के कैबिनेट से पारित होने के बाद अब सबसे पहले गजट नोटिफिकेशन किया जाएगा। इसके बाद मुख्यालय स्तर पर सेल नोटिफिकेशन जारी होगा। फिर मुख्यालय द्वारा भेजे गए प्रारूप के आधार पर राज्य के विभिन्न जिलों में सेल नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा, जिसमें दुकानों के लिए कब आवेदन देना है, कब आवेदनों की स्क्रूटनी होगी, यह सारी जानकारी शराब कारोबारियों को दी जाएगी, ताकि वे दुकानों की बंदोबस्ती के लिए उचित दस्तावेज के साथ समय पर आवेदन जमा कर सकें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper


## संक्षिप्त समाचार

### शराब पीने पर टोका तो भाई बना हत्यारा, सोते वक्त किए ताबड़तोड़ वार

**सरधना, एजेंसी।** छोटे भाई के शराब पीने पर बड़े ने डांट फटकार लगा दी। उसी से क्षुब्ध होकर छोटे भाई ने बुजुर्ग को सोते हुए डंडे से मारकर अधमरा कर दिया।

घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पांच दिनों तक चले उपचार के बाद बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने जानलेवा हमले को हत्या में तरमीम कर आरोपित छोटे भाई की तलाश शुरू कर दी।

थाने के मढियाई निवासी 60 वर्षीय टीटू पुत्र नूर मोहम्मद मजदूरी करता था। 11 मई को इरफान खां के घेर में टीटू सो रहा था। उसके छोटे भाई शाहनवाज उर्फ काला ने टीटू पर डंडे से हमला कर दिया।

अधमरा करने के बाद शाहनवाज वहां से भाग गया। दूसरे भाई अली मोहम्मद ने टीटू की गंभीर हालत को देखकर शोर मचा दिया। उसके बाद स्वजन टीटू को उठाकर सीएचसी ले गए, जहां से डाक्टरों ने मेरठ के लिए रेफर कर दिया। यहां पर मेडिकल कालेज में टीटू का उपचार चल रहा था। शुक्रवार को तबीयत बिगड़ने पर टीटू की मौत हो गई। परिवार के लोगों ने देर शाम शव को सिपुर्द-ए-खाक कर दिया। इंस्पेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि शाहनवाज उर्फ काला शराब पीने का आदी है। बड़ा भाई टीटू उसे शराब पीने से रोकता था। इसी को लेकर दोनों भाइयों के विवाद रहता था।

### मेरठ में प्रॉपर्टी डीलर ने किया सुसाइड, बनाया चार मिनट का वीडियो

**मेरठ, एजेंसी।** अब्दुल्लापुर में गुरुवार देर रात संपत्ति विवाद से परेशान होकर 30 वर्षीय प्रापर्टी डीलर ने तमंचे से सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। जान देने से पहले उसने अपने मोबाइल पर 4:21 मिनट का वीडियो बनाया था। इसमें अपने तीन भाइयों और एक भाई के साले पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कि उसकी मौत के लिए यही चारों जिम्मेदार हैं।

इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो में प्रापर्टी डीलर आसिम बता रहा है कि उसके तीन भाइयों आमिर अब्बास, समद, बबलू और आमिर का साला राहिब पिछले छह महीने से उसे परेशान कर रहे हैं। यह पुलिस से मिलीभगत कर उस पर झूठे मुकदमे दर्ज करा रहे हैं... वह पांच बार उसे थाने ले जाकर पिटवा चुके हैं।

चारों ने उसके प्लाटों पर भी कब्जा कर रखा है। मकान भी कब्जाना चाहते हैं। चारों ने उस पर जानलेवा हमला करने का मुकदमा दर्ज करा दिया था, जबकि एक मई को इन लोगों ने उसके ऊपर हमला कराया था। हमलावरों ने उसकी कार में भी तोड़फोड़ की थी। पांच मई को चारों ने उसके घर आकर मारपीट की। इसके बाद उसे थाने ले गए। दो-तीन दिन तक उसकी जमानत नहीं होने दी।

इसी बीच उसका खेत और एक प्लाट पर कब्जा कर लिया। थाने से छूटने के बाद जब वह घर आया तो देर रात करीब 12 बजे आमिर वहां आया और सामान तोड़ने लगा। विरोध पर उसकी पत्नी दिलकशी की पिटाई भी की। आमिर की ससुराल अब्दुल्लापुर में ही है। उसकी ससुराल के लोग भी उसके साथ मारपीट करते है।

### प्राइमरी स्कूल के लिए निकली दो मासूम बच्चियां लापता

**वाराणसी, एजेंसी।** रूपापुर गांव से शुक्रवार को दो बच्चियां रहस्मय ढंग से गायब हो गईं। दोनों बच्चियां ननिहाल में रह रही थीं और घर से स्कूल जाने के लिए निकली थीं। मामा अशोक सेठ ने घटना के बाबत थाने में केस दर्ज कराया है।

जौनपुर जिले के नेवढ़िया गांव निवासी अशोक सेठ अपनी मां दुर्गावती देवी संग रूपापुर में किराए के मकान में रहती हैं। रूपापुर निवासी मनमोहन की पुत्री और भदोही जिले के गेगराव (महाराजगंज) निवासी संतोष सेठ की पुत्री बच्चियां अपनी नानी दुर्गावती व मामा अशोक के साथ रहकर रूपापुर चौराहा स्थित प्राथमिक विद्यालय में क्रमशः कक्षा तीन व कक्षा दो में पढ़ती हैं।

शुक्रवार की सुबह दोनों बच्चियां बैग लेकर स्कूल के लिए निकली और स्कूल तक पहुंचने के बाद अंदर प्रवेश न कर रहस्यमयढंग से गायब हो गयी।तमन्ना की मां सुनीता को साथ लेकर मां दुर्गावती दवा लेने के लिए चली गयी थी।दवा लेकर सांयकाल वापस घर लौटी तो दोनों बच्चियां को न देख सन्न रह गयी।

# कानपुर चिड़ियाघर पर मंडराया बर्ड फ्लू फैलने का खतरा, शेर के बाद मोर की मौत, घोषित किया गया रेड जोन एरिया



**कानपुर, एजेंसी।** राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान भोपाल से आई शेर व मृत मोर की रिपोर्ट में बर्ड फ्लू निकला है। रिपोर्ट आने के बाद चिड़ियाघर में सतर्कता बढ़ा दी गई है। एक किलोमीटर के दायरे को रेड जोन घोषित कर दिया गया है। यहां अन्य वन्यजीवों पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है।

शनिवार के लखनऊ से आई पशुपालन विभाग की टीम ने चिड़ियाघर का निरीक्षण किया। जांच के बाद रिपोर्ट तैयार कर शासन को सौंपी जाएगी। चिड़ियाघर में पोल्ट्री उत्पाद पर पहले ही रोक लगाई जा चुकी है। किसी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है।

गोरखपुर चिड़ियाघर से इलाज के लिए शहर के चिड़ियाघर लाया गया था। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान यानी आइवीआरआइ बरेली से आई जांच रिपोर्ट में इसमें बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई थी। शेर की मौत से पहले खून के नमूने तथा मौत के बाद नाक, कान गले व लीवर के नमूने जांच के लिए राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान भोपाल भेजे गए थे।

चिड़ियाघर परिसर में गुरुवार को मृत पाए गए मोर के नमूने भी जांच के लिए भेजे गए थे। भोपाल से आई दोनों रिपोर्टों में एच 5 एन 1 वायरस की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट आने के बाद अन्य वन्यजीवों पर नजर रखी जा रही है। विशेष रूप से पक्षियों पर ध्यान दिया जा रहा है। पशुपालन विभाग के अपर निदेशक ग्रेड वन डा. राजेंद्र प्रसाद, संयुक्त निदेशक डा. राजेश्वर सिंह, डा. विवेकानंद गंगवार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आइडीएन चतुर्वेदी ने शनिवार को चिड़ियाघर का निरीक्षण किया। उन्होंने पशु व पक्षियों के बाडों की जांच की। चिड़ियाघर के अधिकारियों से जानकारी की।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि चिड़ियाघर परिसर को सैनिटाइज कराया जा रहा है। जिस स्थान पर मोर व शेर की मृत्यु हुई थी, वहां से एक किलोमीटर के दायरे को रेड जोन घोषित किया गया है। बर्ड फ्लू की गाइड लाइन का पालन कराया जा रहा है।

वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर चिड़ियाघर को छह जोन में बांटा गया है। हर जोन में सैनिटाइज मशीनों से दवा का छिड़काव किया जा रहा है। सैनिटाइज के लिए बड़ी मशीन भी खरीदी गई है। चिड़ियाघर की निदेशक श्रद्धा यादव ने बताया कि राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान भोपाल से आई रिपोर्ट में शेर व परिसर में मृत पाए गए मोर में बर्ड फ्लू संक्रमण पाया गया है। चिड़ियाघर आस-पास एक किलोमीटर का क्षेत्र रेड जोन घोषित कर दिया गया है।वन्यजीवों की खान-पान की रिपोर्ट नियमित रूप से ली जा रही है। वर्तमान समय में वन्यजीव स्वस्थ हैं।

चिकित्सकों व कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वन्यजीवों के व्यवहार में परिवर्तन दिखाई देने, मृत पक्षी पाए जाने पर तुरंत सूचित करें। मृत पक्षी पाए जाने पर उसके नमूने लेकर जांच के लिए भेजे जाएंगे। नोडल अधिकारी से चिड़ियाघर के आस-पास मांस की दुकानों को बंद कराने का अनुरोध किया गया है। सैनिटाइज के लिए नगर निगम को भी पत्र भेजा गया है।

प्रशासन ने बर्ड फ्लू को देखते हुए टीमें गठित कर जांच शुरू कर दी है। पोल्ट्री फार्मों व दुकानों पर दो दिन में 90 पक्षियों के नमूने लेकर जांच के लिए आइवीआरआइ बरेली भेज जा रहे हैं। प्रशासन की ओर से गठित टीम रविवार को चिड़ियाघर में वन्यजीवों के नमूने लेगी। बर्ड फ्लू के लिए बनाई गई टीम के नोडल अधिकारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आइडीएन चतुर्वेदी ने बताया कि 70 डिग्री तापमान पर बर्ड फ्लू का वायरस नष्ट हो जाता है। मांसाहारी व्यक्ति मांस को आधे घंटे तक अच्छी तरह पकाने के बाद प्रयोग करें। बर्ड फ्लू को लेकर कोई भी जानकारी पशुपालन विभाग के कंट्रोल रुम नंबर कंट्रोल रूम 0512-2535098 पर संपर्क करें। चिड़ियाघर परिसर में मिले मृत मोर में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद अन्य पक्षियों की निगरानी को बढ़ा दिया गया है। हिरन सफारी, झील व जंगल वाले क्षेत्रों में मृत पक्षियों की तलाश में अधिकारी व कर्मचारी घूमते रहे। पेड़ों पर बसेरा करने वाले पक्षियों को भी देखा गया। चिड़ियाघर के अधिकारियों व कर्मचारियों ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया।

## यूपीपीएससी वैज्ञानिक अधिकारी परीक्षा आज, 4695 अभ्यर्थी देंगे एग्जाम

**प्रयागराज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने वैज्ञानिक अधिकारी (स्क्रीनिंग) परीक्षा-2023 आज होगी। इसके लिए लखनऊ में 10 केंद्र बनाए गए हैं। इसमें से चार कैंप कार्यालय में ही बने हैं। परीक्षा 18 मई (रविवार) को सुबह 09:30 से 11:30 बजे तक एक सत्र में आयोजित होगी। वैज्ञानिक अधिकारी के 41 पदों पर भर्ती के लिए 4695 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षार्थियों को दो नवीनतम पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटो, एक वैध पहचान पत्र की मूल प्रति एवं एक छायाप्रति केंद्र पर लानी होगी। परीक्षा प्रारंभ होने के समय से एक घंटा 30 मिनट पूर्व यानी सुबह आठ बजे से परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश द्वार 45 मिनट पूर्व, यानी सुबह 8:45 बजे, बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। आयोग ने सभी अभ्यर्थियों को निर्देश दिए हैं कि वे समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचें और सभी आवश्यक दस्तावेज अपने साथ लेकर आएं, ताकि किसी भी असुविधा से बचा जा सके। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) उत्तर प्रदेश चिकित्सा शिक्षा (यूनानी) विभाग में प्रवक्ता, इलाज-बित-तदबीर के तीन रिक्त पद के लिए साक्षात्कार का आयोजन करेगा। उक्त पद के लिए साक्षात्कार मई के अंतिम सप्ताह में सम्पन्न कराए जाने की संभावना है। आयोग ने उम्मीदवारों को सलाह दी है कि वे आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर नियमित रूप से अपडेट देखते रहें तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ तैयार रहें।

## मकसूदापुर मिल पर एडीएम की कार्रवाई से खलबली, 40 करोड़ की चीनी गोदाम सील, किसानों का 126 करोड़ भुगतान नहीं हुआ



**शाहजहांपुर, एजेंसी।** किसानों का 126 करोड़ से अधिक का भुगतान न करने वाली बंडा स्थित मकसूदापुर चीनी मिल के गोदाम को एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने सील कर दिया। उन्होंने भुगतान की प्रक्रिया शुरू होने तक ताले खोलने से इन्कार कर दिया।

गोदाम में 40 करोड़ रुपये की एक लाख क्विंटल चीनी स्टाक है। पेराई सत्र 2024-25 में चीनी मिल ने 21 हजार किसानों से गन्ना खरीद की थी, जिसका कुल भुगतान 169 करोड़ 83 लाख रुपये बना था, लेकिन मिल प्रशासन की ओर से 27 नवंबर तक 43 करोड़ पांच लाख का ही भुगतान किया गया। शेष 126 करोड़ 78 लाख रुपये की बकाया धनराशि को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा था।

मिल पर वर्ष 2020- 21 गन्ना मूल्य के विलंबित भुगतान पर देय ब्याज 16 करोड़ 70 लाख रुपया की आरसी भी जारी थी। बावजूद इसके भुगतान नहीं किया जा रहा था, जिसको लेकर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने जिला गन्ना अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्रा, एसडीएम पुवायां चित्रा निर्वाल के साथ चीनी मिल पहुंचकर वहां चीनी स्टाक, शिरा और कोजन का निरीक्षण किया। गन्ना किसानों का अवशेष भुगतान भुगतान न करने के कारण गोदाम को सील कर दिया। चीनी मिल में पांच नवंबर 2024 को सत्र शुरू किया था। जो इस वर्ष 30 फरवरी तक चला। इस अवधि में 46.20 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की गई। सात हजार टन क्रश प्रतिदिन की क्षमता वाली इस मिल को 25 हजार हेक्टेयर गन्ना आवंटित किया गया था। मिल प्रशासन की ओर से पुवायां, पुरनपुर व बीसलपुर के तीन समितियों के गेट व 37 क्रय केंद्रों से लगभग 21 हजार किसानों का गन्ने की खरीद की गई।

## जिंदा चाचा को दिखा दिया मृत ! भतीजे ने 40 लाख हड़पे; सात साल बाद पीड़ित को ऐसे मिला न्याय

**कानपुर, एजेंसी।** महाराजपुर में मृत दिखाकर वृद्धावस्था पेंशन बंद करने के मामले के बाद जिंदा को मृत दर्शाने का एक और मामला प्रकाश में आया है। चाचा की संपत्ति पर कब्जा करने के उद्देश्य से भतीजे ने उन्हें मृत दर्शाकर उनकी जमीन अपने नाम करा ली और बाद में जमीन एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहीत हुई तो मुआवजे के 40 लाख रुपये भी डकार लिए।

पिछले सात सालों से पीड़ित खुद को जिंदा साबित करने के लिए चक्कर काट रहा था। अब जिलाधिकारी के आदेश से जांच हुई तो वृद्ध को जिंदा मानते हुए धोखेबाज भतीजे के खिलाफ जांच शुरू की गई है। मुआवजे की राशि वसूलने की भी तैयारी है।

मवइया निवासी सुरेश चन्द्र ने बताया कि वह पंजाब में नौकरी करता है और वहीं पर अपना मकान बनाकर सपरिवार रहता है। बीच-बीच में आना जाना होता। आरोप है कि वर्ष 2018 में उनके भतीजे ने एक मृत व्यक्ति के नाम से एक मुकदमा दायर किया और प्रशासनिक अधिकारियों की मदद से झूठे गवाह पेश करके यह साबित कर लिया कि उनके चाचा की मृत्यु हो चुकी है और उनके परिवार में और कोई नहीं है।

अधिकारियों ने मिलीभगत करके बिना अदालती कार्रवाई और बिना मृत्यु प्रमाण पत्र के सुरेश को मृत घोषित कर दिया और दो जुलाई 2018 को उनकी जमीन भतीजे के नाम हो गई। इस बीच कोरोना आ गया तो वह लंबे समय तक गांव नहीं आए। कुछ समय बाद जब उन्हें फर्जीवाड़े की जानकारी हुई तो उसने विरोध किया, मगर कोई भी सुनने को तैयार नहीं हुआ।

## जौनपुर में पुलिस मुठभेड़, एक पशु तस्कर ढेर, सिपाही की मौत का बदला पूरा



**जौनपुर, एजेंसी।** शनिवार रात चंदवक के कोइलारी गांव के पास पुलिस ने एनकाउंटर कर पशु तस्कर जलालपुर के कथवा निवासी सलमान को ढेर कर दिया है। मारे गए बदमाश के दो अन्य साथी भी घायल हुए हैं। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कल रात ही पशु तस्करों ने चंदवक थाने में तैनात सिपाही को रौंद कर मार दिया था।

शनिवार की रात लगभग सवा 12 बजे चंदवक थाना क्षेत्र के खुज्झी मोड़ के पास थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मी पशु तस्करों को पकड़ने के लिए वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान सूचना मिली कि एक पिकअप पशुओं को लेकर चंदवक की ओर से आजमगढ़ की तरफ जा रहा है।

इस पर पुलिस फोर्स अलर्ट हो गई। इस दौरान पिकअप को रोकने के लिए मार्ग पर दो ट्रकों को खड़ा कर कर बैरिकेडिंग कर दिया। कुछ ही देरबाद तेज रफ्तार पिकअप को आता देख पुलिस कर्मियों ने रुकने का इशारा किया, हालांकि चालक पिकअप नहीं रोके।

इस दौरान सड़क किनारे खड़े वाहनों को धक्का मारते हुए आगे निकलने लगे। कुछ दूरी पर चंदवक थाने पर तैनात चंदौली निवासी लगभग 35 वर्षीय पुलिसकर्मी दुर्गेश सिंह किनारे खड़े थे। पिकअप चालक उन्हें रौंदते हुए आजमगढ़ की तरफ भाग गए। आनन-फानन दुर्गेश सिंह को उठाकर वाहन से लेकर वाराणसी ट्रामा सेंटर पहुँचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## यूपी में अगवा कर नाबालिग बहनों का कराया धर्मांतरण, सूचना मिलते ही मचा हड़कंप, चार आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़, एजेंसी।** घर से निकलीं दो नाबालिग बहनों को अगवा करके मतांतरण करवा दिया गया था। उन पर धार्मिक रूप से दबाव डालकर नमाज पढ़वाने की साजिश रची गई। इतना ही नहीं दोनों को पुणे में ले जाकर बेचने की तैयारी थी।

पुलिस ने बहनों को गुरुवार को बरामद किया तो उनके बयानों से आरोपितों का राजफाश हुआ। शनिवार को उनके पड़ोस में रहने वाले मुस्लिम समुदाय के परिवार के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। देल्हूपुर थाना के एक गांव की 13 व 16 साल की दो बहनें 13 मई की शाम घर से निकली थीं। बेटियों ने बताया था कि वे गांव की सबरीन के साथ खेत पर जा रही हैं। देर रात घर न लौटने पर सबरीन से बेटियों के बारे में स्वजन ने पूछा तो वह कुछ बताने की बजाय गाली व धमकी देने लगीं। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। कड़ाई से पूछताछ में पड़ोस की माजिदा बेगम ने चुप्पी तोड़ी।

पता चला कि सबरीन के पति कलीम उर्फ बड़कन्ने, मोनू उर्फ साबिर, सैफ अली व तीन अन्य लड़कियों को जबरन बुर्का पहनाकर कहीं लेकर चले गए। इसके बाद एसपी ने तलाश में पुलिस के साथ स्वाट टीम को भी लगा दिया। आरोपितों पर मतांतरण, अपहरण का केस दर्ज करते हुए पाक्सो की भी धारा जोड़ी गई। पुलिस ने 15 मई की शाम प्रयागराज में दोनों नाबालिग बहनों को बरामद कर लिया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि आरोपित लड़कियों को बुर्का पहनाकर कमरे में रखते थे। उन्हें नमाज पढ़ने के लिए मजबूर करते थे। किशोरियों के बयान कोर्ट में दर्ज कराने के बाद पुलिस आरोपितों की तलाश में जुट गई। शनिवार को दिवैनी गांव की तरफ से मऊआइमा जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी करके अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह व सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के निर्देशन में थाना प्रभारी देल्हूपुर राधेबाबू व अन्य ने आरोपित मोनू उर्फ मो. साबिर, उसके भाई मो. सैफ पुत्र, बहन साबरीन, मां माजिदा बेगम को पकड़ा।

## शौक के लिए कर्मचारी बना चोर, जौहरी की दुकान से चुरा लिया था 45 लाख का सोना, राज खुला तो मचा हड़कंप



**गोरखपुर, एजेंसी।** शौक पूरे करने की चाहत में एक कर्मचारी ने ही अपने मालिक को चूना लगाने की योजना बना डाली। घटना राजघाट इलाके की है, जहां लालबाबू किशन कुमार ज्वेलर्स के कर्मचारी कृष वर्मा 45 लाख रुपये कीमत के गहने लेकर फरार हो गया था। सोने की हालमार्किंग कराने के लिए वह दुकान से निकला फिर लौटकर नहीं आया।दुकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। शनिवार को राजघाट थाना पुलिस ने आरोपित कृष व उसके साथी दिनेश गौड़ गिरफ्तार कर लिए गए। उनके पास से 390 ग्राम सोना बरामद हुआ।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने शनिवार की दोपहर पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल 2025 को दुकान का कर्मचारी कृष वर्मा, जो मूल रूप से बसंतपुर फुल्की गली का निवासी है, दुकान से 448 ग्राम सोने के गहने लेकर हालमार्किंग सेंटर जाने के लिए निकला।

शाम तक न लौटने पर दुकान मालिक राहुल वर्मा ने फोन किया तो नंबर बंद मिला।परिवार वालों से भी जब उसकी जानकारी नहीं मिली तो पुलिस को सूचना दी गई। राजघाट थाने में एफआइआर दर्ज कर पुलिस टीम लगाई गई। सर्विलांस और मुखबिर की मदद से पुलिस को सुराग मिला कि कृष अपने परिचित दिनेश गौड़ (निवासी रायगंज उत्तरी) के साथ फरार हुआ है। पुलिस ने दोनों को पकड़कर पूछताछ की तो पूरी साजिश सामने आ गई। कृष वर्मा ने बताया कि उसे लगा था वह लूट की कहानी गढ़कर खुद को पीड़ित बताएगा और गहने गायब कर देगा,लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

## हाईवे पर ट्रक ने खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली में मारी टक्कर, युवक की मौत; पांच घायल



**बिल्हौर, एजेंसी।** कानपुर अलीगढ़ हाईवे पर उत्तरीपुरा के पास तेज रफ्तार ट्रक ने किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। हादसे में ट्राली सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं ट्रक चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेजा।

मुजफ्फरनगर के चरथावल थाना क्षेत्र के कुल्हेड़ी निवासी मुजम्मिल पुत्र खान मोहम्मद ने बताया कि रेलवे लाइन के किनारे खड़े पेड़ों की कटाई का काम करते हैं। शनिवार को वह ट्रैक्टर ट्राली में 6-7 मजदूरों के साथ मिर्जापुर जा रहे थे। कानपुर अलीगढ़ हाईवे पर उत्तरीपुरा के बक्खू निवादा गांव के पास गांव निवासी चालक हसरत पुत्र शकील ने नित्यक्रिया के लिए सड़क किनारे ट्रैक्टर रोक दिया।

ट्राली में सवार लोग नीचे उतरने लगे। इस दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने ट्राली में टक्कर मार दी। हादसे में ट्राली पलट गई और उसमें सवार गांव निवासी 35 वर्षीय आकिल पुत्र शब्बीर, उसका भाई 30 वर्षीय नौशाद, शहजाद पुत्र सगीर, उसका भाई हसरत, हसन पुत्र अन्नू और ट्रक चालक पंजाब के मोहाली थाना क्षेत्र के कुराली निवासी कुलदीप सिंह पुत्र जगतार सिंह घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां परीक्षण के बाद डाक्टरों ने आकिल को मृत घोषित कर दिया। वहीं पांचो घायलों को कानपुर रेफर कर दिया। इंस्पेक्टर अशोक कुमार सरोज ने बताया कि क्षतिग्रस्त ट्रक और ट्रैक्टर को हाईवे से हटवाकर कब्जे में लिया गया है।



# बाबिल की कंट्रोवर्सी पर बोले अमित साध

फिल्म 'पुणे हाइवे' को लेकर अमित साध इन दिनों चर्चा में हैं। बग्स भार्गव कृष्णा और राहुल दाकुन्हा ने इस फिल्म को निर्देशित किया है। अमित साध के अलावा इस फिल्म में जिम सरभ भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में इस फिल्म को लेकर ही अमित साध ने बातचीत की। अपने करियर से जुड़ी कई बातें भी साझा कीं। साथ ही बाबिल खान की हालिया कंट्रोवर्सी पर भी अपनी राय रखी।

### बाबिल के बारे में ये कहा

अमित साध का मानना है कि जिंदगी किसी के लिए भी आसान नहीं है। बाबिल खान की हालिया कंट्रोवर्सी से वह इस बात को जोड़ते हैं। अमित साध कहते हैं, 'क्या हुआ उसने एक पोस्ट ही तो की है, अभी वो बच्चा है। जो लोग उसे टारगेट कर रहे हैं, वो खुद को देखें कि उन्होंने क्या कांड किए हैं। मैं जानता हूं कि बाबिल खान का परिवार उसके साथ खड़ा है, उसको सपोर्ट कर रहा है, उसे प्यार दे रहा है। देखिएगा, वह शानदार कमबैक करेगा। मैं भी उसके साथ काम करना चाहता हूं, फिल्म करना चाहता हूं, उसे बताना चाहता हूं कि वह कितना स्पेशल है।' बताते चलें कि कुछ दिन पहले इरफान खान के बेटे बाबिल खान की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिसमें वह रोते दिखे और बॉलीवुड के कुछ सेलिब्रिटी को फेक बताते नजर आए। इसके बाद उन्होंने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट कर दिया। एक दिन बाद बाबिल की टीम ने सफाई दी कि उन्हें एंग्जायटी अटैक पड़ते हैं और उनकी बातों का गलत मतलब लिया गया है। इस कारण से बाबिल को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल भी किया गया।

### अमित बोले मैं भी बहुत कमजोर था

अमित साध यह भी बताते हैं कि जब आप इस इंडस्ट्री में आते हैं तो आपको तैयार रहना चाहिए कि लोग आपको जज करेंगे। वह कहते हैं, इस बात का असर आपके ऊपर हो सकता है, आप अलग-अलग तरह की चीजें सोचने पर मजबूर हो जाते हैं, गिरने की तरफ बढ़ने लगते हैं। लेकिन अगर आपके आसपास लोग ऐसे हैं, तो आपको सपोर्ट करते हैं तो आप बच जाते हैं। मैं भी बहुत कमजोर इंसान था, मुझे जल्दी ठेस पहुंच जाती थी। हां, अब मैं काफी मजबूत हूं। मेरी जिंदगी में अच्छे लोग आए, उनकी सलाह मैंने मानी।

### फिल्म 'पुणे हाइवे' की क्या है कहानी

अमित साध की फिल्म 'पुणे हाइवे' की बात करें तो यह एक थ्रिलर ड्रामा है। इसमें तीन दोस्त हैं, जो एक मर्डर होने के बाद अलग-अलग तरह से प्रभावित होते हैं। फिल्म में अमित साध, जिम सरभ के अलावा स्मिता डोगरे, स्वप्निल अजगांवकर और मंजरी फडणीस जैसे एक्टर्स भी नजर आएंगे।



# नितेश तिवारी की रामायण में काजल अग्रवाल की एंट्री, मंदोदरी के किरदार में आएंगी नजर

फिल्म रामायण का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इसकी तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही हैं। रामायण में भगवान राम की भूमिका में रणबीर कपूर नजर आएंगे। वहीं साई पल्लवी माता सीता के किरदार में नजर आएंगी। यश रावण का रोल अदा करने वाले हैं। अब कहा जा रहा है कि फिल्म के लिए मंदोदरी की तलाश भी पूरी हो गई है और एक साउथ एक्ट्रेस को चुना गया है।
मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नितेश तिवारी की रामायण में काजल अग्रवाल की एंट्री हो गई है। वे इसमें रावण की पत्नी मंदोदरी का किरदार निभाती नजर आएंगी। उन्हें सुपरस्टार यश के अपोजिट देखा जाएगा। कहा तो यह भी जा रहा है कि फिल्म के लिए काजल ने शूटिंग भी शुरू कर दी है।

### पहले साक्षी तंवर के नाम की थी चर्चा

मेकर्स को मंदोदरी के किरदार के महत्व को देखते हुए यश के अपोजिट एक मजबूत ऑन-स्क्रीन जोड़ी की तलाश थी। मेकर्स एक अच्छी हीरोइन की तलाश करने की कोशिशों में जुटे थे। पहले मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि अभिनेत्री साक्षी तंवर फिल्म में मंदोदरी का किरदार निभा सकती हैं। मगर अब काजल अग्रवाल पर आकर तलाश पूरी हुई है।

### इस वजह से काजल को किया गया साइन

मेकर्स ने फिल्म में मंदोदरी के लिए बॉलीवुड और क्षेत्रीय सिनेमा तक कई अभिनेत्रियों की तलाश की। तब जाकर काजल अग्रवाल को फाइनल किया गया है। बॉलीवुड से साउथ तक उनकी लोकप्रियता को देखते हुए मेकर्स ने यह फैसला लिया। फिल्म रामायण में सनी देओल को हनुमान के रोल में देखा जाएगा। यह फिल्म दो हिस्सों में रिलीज होगी। पहला पार्ट साल 2026 में दिवाली के अवसर पर आएगा। वहीं दूसरा पार्ट साल 2027 में रिलीज होगा।

# दिलजीत दोसांझ ने छोड़ी नो एंट्री 2



पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ से जुड़ी एक खबर सामने आई है। खबर है कि उन्होंने नो एंट्री फिल्म के सीक्वल से अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। मेकर्स से क्रिएटिव मतभेद के कारण उन्होंने क्विट करने का फैसला लिया है। मार्च 2024 में ऐलान हुआ था कि दिलजीत, वरुण धवन और अर्जुन कपूर के साथ अहम रोल में नजर आएंगे। दिलजीत, वरुण धवन और अर्जुन कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए बहुत एक्साइटेड थे। लेकिन पिछले कुछ हफ्तों से वो फिल्म क्रिएटिव के आइडिया से तालमेल नहीं बैठा पा रहे हैं। इसलिए उन्होंने क्रिएटिव मतभेद के कारण इस प्रोजेक्ट को छोड़ने का फैसला किया। हालांकि, चमकीला फिल्म के एक्टर ने अभी तक इस पर कोई अपडेट नहीं दिया है। प्रोड्यूसर्स भी चुप्पी साधे हुए हैं।

### दिलजीत के फैंस हुए खुश!

जैसे ही ये खबर सामने आई, दिलजीत के फैंस काफी खुश नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि सिंगर ने फिल्म का हिस्सा ना बनने का अच्छा फैसला लिया है। एक यूजर ने लिखा, उन्हें पहले ही ये प्रोजेक्ट नहीं लेना चाहिए था। दूसरे ने लिखा, अच्छा हुआ कि उन्होंने ये प्रोजेक्ट छोड़ दिया। वो इन फिल्मों में फिट नहीं बैठते। दूसरे ने लिखा, अगर ऐसा है तो स्क्रिप्ट शायद एक रूढ़िवादी पंजाबी सरदार व्यक्ति की हो सकती थी।

### 20 साल पहले रिलीज हुई थी नो एंट्री

बता दें कि साल 2005 में नो एंट्री फिल्म आई थी। इसमें सलमान खान, अनिल कपूर और फरदीन खान थे। इसका निर्देशन अनीस बज्मी ने किया था। वे ही सीक्वल का डायरेक्शन भी करेंगे। निर्माता बोनी कपूर ने कथित तौर पर कहा था कि नई फिल्म में ऑरिजनल स्टार्स काम नहीं करेंगे। इस प्रोजेक्ट के लिए 10 फीमेल एक्ट्रेसेस को चुनने का प्रोसेस चल रहा है। उन्होंने कहा था, वो चैप्टर (पुरानी स्टार कास्ट का) खत्म हो चुका है। अब फिल्म में दिलजीत, वरुण और अर्जुन हैं। वरुण और अर्जुन सबसे अच्छे दोस्त हैं और दिलजीत कॉमेडी में शानदार हैं। इसलिए मुझे लगता है कि ये एक अच्छा और दिलचस्प मेल है।

# द रॉयल्स के लिए भूमि पेडनेकर ही थी पहली पसंद



ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर की सीरीज द रॉयल्स नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। सीरीज में शामिल सभी कलाकारों के किरदार लोगों को खुद से जोड़ पाने में सफल रहे हैं। भूमि हर बार की तरह इस बार भी अपने किरदार से दर्शकों के दिलों में उतर गईं।
एक्ट्रेस को सीरीज में कास्ट करने के बारे में निर्देशक प्रियंका घोष ने खुलकर बात की और उन्हें चुनने के पीछे अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि इस सीरीज के लिए उनकी पहली पसंद भूमि पेडनेकर ही थीं। सीरीज में भूमि पेडनेकर ने सोफिया शेखर का किरदार निभाया है, जो एक महत्वाकांक्षी लड़की है और अपनी कंपनी रॉयल और बीबी को टॉप पोजीशन पर पहुंचाने के लिए एड़ी से चोटी का दम लगाती है।
प्रियंका ने कहा, सोफिया के किरदार को जल्दबाजी और तुरंत फैसले लेने की आदत है। मेरे लिए इस किरदार के लिए भूमि ही सही एक्ट्रेस थीं। मुझे भरोसा था कि वह इस स्वभाव को इस तरह निभा सकती हैं, जो ज्यादा जोरदार या नकारात्मक लगने के बजाय बल्कि स्क्रीन पर स्वाभाविक और समझदारी भरा लगे। भारत में अक्सर सशक्त और अधिकार जताने वाली महिलाओं को लोग आसानी से स्वीकार नहीं करते, यह एक सामाजिक सच्चाई है। भूमि के अंदर कोमलता और संवेदनशीलता है, जिससे वह इस किरदार को संतुलन दे सकती हैं। सोफिया में कई कमियां हैं, पर भूमि ही ऐसी हैं जो इस तरह के किरदार को भी दर्शकों के लिए पसंदीदा बना सकती हैं।
इस सीरीज में दिग्गज अभिनेत्री जीनत अमान, साक्षी तंवर, विहान समत, काव्या त्रेहान, चंकी पांडे, नोरा फतेही, उदित अरोड़ा, लीसा मिश्रा, सुमुखि सुरेश और डिनो मोरिया भी शामिल हैं।
सीरीज में डिनो की कॉमिक टाइमिंग और बेहतरीन डायलॉग डिलीवरी है, जो कहानी में ताजगी का तड़का लगाने का काम करती है। अपने रोल को लेकर डिनो मोरिया ने कहा है कि वे शो के किरदार में अपने आप की ही झलक दिखा रहे थे। डिनो मोरिया ने अपने किरदार के बारे में जानकारी दी और बताया कि उन्हें एक सनकी किरदार सलाहुद्दीन को निभाने में बहुत मजा आया। यह किरदार मेरी असली जिंदगी के स्वभाव से काफी मिलता-जुलता है।
उन्होंने कहा, इस किरदार को निभाना मेरे लिए एक मजेदार सफर रहा। शूटिंग के दौरान मैंने खूब मजे किए, हंसी-मजाक किया और सेट पर समय का आनंद लिया। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि मुझे यह अवसर देने के लिए आपका धन्यवाद। मैं कैमरे के सामने खुद को पेश कर रहा था। अपनी किरदार के जैसा मैं असल जिंदगी में हूं, मुझे यह काफी पसंद आया। यह मजेदार और खुशमिजाज था।



# मिथुन के बेटे नमाशी ने बॉलीवुड को कहा फेक, आउटसाइडर को काम ना देने पर बिफरे

दिग्गज एक्टर मिथुन चक्रवर्ती ने फिल्म इंडस्ट्री में लंबा समय बिताया है। नाम, पैसा और शोहरत... सबकुछ मिला। पर अब उनके बेटे नमाशी ने बॉलीवुड के काले सच का खुलासा किया है। उन्होंने इंडस्ट्री को फेक बताया और आउटसाइडर्स को मौका ना देने के लिए मेकर्स की आलोचना भी की और पक्षपात का आरोप लगाया। नमाशी चक्रवर्ती ने कमलक्ष शेट्टी के साथ हूज ऑन एयर से बातचीत के दौरान कहा कि उनके पिता मिथुन चक्रवर्ती बॉलीवुड की अन्य हस्तियों की तरह नहीं हैं। वो बोले, बॉलीवुड के लोग बहुत नकली होते हैं, मेरे पिता एक बहुत बड़ा अपवाद हैं।

### पापा ने खुद अपनी इंडस्ट्री बनाई कभी सपोर्ट नहीं मिला

मिथुन को सरल, विनम्र और ईमानदार बताते हुए नमाशी ने कहा, जब 1990 के दशक के मध्य में उनका करियर ढलान पर था, तब उन्होंने ऊटी में करीब 100 कम बजट की एक्शन फिल्में कीं। उन्हें बी-ग्रेड एक्टर कहा जाता था। उन्होंने अपनी खुद की इंडस्ट्री बनाई, लेकिन मीडिया ने कभी उसका समर्थन नहीं किया, उनके अपने फेवरेट हैं।

### आउटसाइडर्स को काम देना भूल गया बॉलीवुड

बॉलीवुड में अक्सर इनसाइडर्स वर्सेस आउटसाइडर्स की लड़ाई चलती है। इसको लेकर वो बोले, बॉलीवुड आउटसाइडर्स को काम देना भूल गया है। आज ये सब इस बात पर निर्भर करता है कि आप किसे जानते हैं... आपका बैकग्राउंड, आपका सरनेम और आपके कनेक्शन। पहले के दिनों में जिस किसी के भी पास टैलेंट होता था, वो इंडस्ट्री में सफल हो सकता था। आज अगर मिथुन चक्रवर्ती बंगाल से आते हैं तो मुझे नहीं लगता कि बॉलीवुड उन्हें लॉन्च करने या मौका देने के लिए एक्साइटेड होता। हम टैलेंट नहीं देखते हैं, हम सरनेम देखते हैं।

### दो साल पहले किया था डेब्यू

नमाशी ने साल 2023 में बैड बॉय से बॉलीवुड में कदम रखा था। हालांकि, ये फिल्म उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी और बॉक्स ऑफिस पर पिट गई। रिपोर्ट्स के अनुसार, वो अगली बार महेश भट्ट के एक प्रोजेक्ट में नजर आ सकते हैं।



# इन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म को बताया टीवी से भी बदतर

अनुराग कश्यप बॉलीवुड में लीक से हटकर फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं, वेब सीरीज की दुनिया में भी वह 'सेक्रेड गेम्स' जैसी सीरीज को निर्देशित कर चुके हैं। हाल ही में अनुराग का गुस्सा कुछ नामी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर फूटा है। इनमें से कुछ स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के साथ वह पहले काम भी कर चुके हैं। जानिए, क्या बोले अनुराग कश्यप। हाल ही में एक बातचीत में अनुराग कहते हैं, 'जब हमने सेक्रेड गेम्स और लस्ट स्टोरीज की, तब नेटफ्लिक्स भारत में आया था, हमें लगा कि यह एक अच्छा मौका है। हमने उनके साथ बहुत अच्छा काम किया। फिर धीरे-धीरे सबकुछ बदल गया। कोविड के बाद अब वे जो कर रहे हैं, वह तो टेलीविजन से भी बदतर है। आप इन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर जाते हैं और वे आपको बेवकूफ बना रहे हैं। आखिर में ये सभी कंपनियां चाहे नेटफ्लिक्स हो, अमेजन या एप्पल हो भारत आ रही हैं क्योंकि इन्हें हमारा डाटा चाहिए। आज के जमाने में डाटा, तेल (इंधन वाला तेल) की तरह की कीमती है।' अनुराग आगे कहते हैं, 'ये लोग हमारी अधिक से अधिक आबादी को अपना सब्सक्रिप्शन बेचना चाहते हैं। सभी लोगों तक पहुंचना चाहते हैं। वे किसी को नाराज नहीं करना चाहते। ऐसे में ये लोग सिनेमा नहीं बनाना चाहते, बस कंटेंट बना रहे हैं। ये स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म इस बात से खुश हैं कि लोग सड़क पर चलते हुए फोन में इनके शो देख रहे हैं।'
अनुराग कश्यप ने कुछ वक्त पहले खुलासा किया था कि उनकी वेब सीरीज 'सेक्रेड गेम्स 3' को नेटफ्लिक्स ने रद्द कर दिया था। दरअसल, सीरीज 'तांडव' को मिली आलोचना के बाद नेटफ्लिक्स ने यह फैसला लिया था। इसके अलावा 'मैक्सिमम सिटी' नाम का एक प्रोजेक्ट अनुराग कर रहे थे, उसे भी रद्द कर दिया गया है। यही कारण है कि अनुराग नामी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म से नाराज हैं।
अनुराग कश्यप अभिनय में भी उतर चुके हैं पिछले कुछ समय से अनुराग कश्यप की फिल्म 'कैनेडी' रिलीज का इंतजार रही है, इस बात से वह काफी दुखी हैं। इसके अलावा वह मुंबई छोड़कर अब दक्षिण भारत में जाकर रहने लगे हैं। इन दिनों साउथ की कई फिल्मों में विलेन के रोल में भी नजर आ रहे हैं। साउथ फिल्म 'महाराजा(2024)' में वह नजर आए थे, इसमें भी नेगेटिव रोल अनुराग ने किया था। इस साल भी वह कुछ साउथ की फिल्मों में एक्टिंग कर रहे हैं।

# राजू और श्याम तो रहेंगे पर बदल जाएंगे 'बाबू भैया'!

बॉलीवुड की सबसे आइकॉनिक कॉमेडी फिल्मों में से एक 'हेरा फेरी' का तीसरा भाग लंबे समय से सुर्खियों में बना हुआ है। फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि कब राजू, श्याम और बाबू भैया की तिकड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाएगी। लेकिन अब फैंस को बड़ा झटका लगा है। परेश रावल ने छोड़ी हेरा फेरी 3
दरअसल रिपोर्ट्स की मानें तो अभिनेता परेश रावल ने फिल्म हेरा फेरी 3 को छोड़ दिया है। जी हां, एक्टर अब अपने फेमस किरदार बाबूराव के रूप में फैंस को एंटरटेन करते हुए नजर नहीं आएंगे। इस खबर के सामने आते ही फैंस हैरान रह गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक परेश रावल ने क्रिएटिव मतभेदों के चलते फिल्म को अलविदा कहा है। वो फिल्म की स्क्रिप्ट से खुश नहीं थे इसलिए उन्होंने फिल्म को छोड़ना ही बेहतर समझा। रिपोर्ट की मानें तो परेश रावल इस सीक्वल को लेकर काफी असमंजस में थे और अंत में उन्होंने इससे हटने का फैसला ले लिया।
सूत्रों के मुताबिक अब भी अगर बातचीत सही दिशा में जाती है, तो परेश को मनाया जा सकता है।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



# प्रज्ञानानंदा नें सुपरबेट क्लासिक शतरंज का खिताब जीतकर रचा इतिहास

**बुखारेस्ट, रोमानिया (एजेंसी)।** भारत के 19 वर्षीय ग्रांडमास्टर प्रज्ञानानंदा आर ने सुपरबेट चैस क्लासिक का जीतकर अपना पहला ग्रांड चेस टूर खिताब हासिल कर लिया है । एक बेहद रोमांचक तीन-तरफ़ा टाईब्रेक में उन्होंने फ्रांस के अलीरेज़ा फिरोज़ा और मैक्सिम वाचिए-लाग्राव को पीछे छोड़ते हुए यह खिताब अपने नाम किया। यह इस वर्ष उनका दूसरा बड़ा खिताब है और इसके साथ ही उन्होंने फीडे सर्किट 2025 में अपनी शीर्ष स्थिति को और मजबूत किया है और एक तरह से अगले कैंडिडैट के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया है । 7 से 16 मई तक बुखारेस्ट में आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में विश्व के 10 शीर्ष ग्रांडमास्टर्स ने भाग लिया। टूर्नामेंट की शुरुआत से ही अंकतालिका में करीबी मुकाबला देखने को मिला और कोई स्पष्ट लीडर नहीं था। परंतु नौवें राउंड में अमेरिका के वेस्ली सो के




खिलाफ निर्णायक जीत के साथ प्रज्ञानानंदा ने बढ़त बना ली।

**फाइनल राउंड का रोमांच –** अंतिम राउंड में प्रज्ञानानंदा ने लेवोन अरोनियन के खिलाफ एक आसान ड्रॉ खेलकर कम से कम सयुंक्त पहले स्थान की गारंटी कर ली थी। फबियानों कारुआना को विश्व चैंपियन डी गुकेश के खिलाफ जीत की ज़रूरत थी, परंतु वह काले मोहरों से कोई मौका नहीं बना सके और मुकाबला ड्रॉ रहा।

वहीं दूसरी ओर अलीरेज़ा फिरोज़ा ने मेजबान देश के बोगदान-डैनियल डैक के खिलाफ बेहद जोखिम उठाते हुए खेला। डैक ने 52वीं चाल पर बड़ी चूक कर दी, और फिरोज़ा ने पूरा अंक हासिल कर लिया। इसी तरह मैक्सिम वाचिए-लाग्राव ने पोलैंड के जान-क्रिज़्स्टॉफ डूडा की एक गलती का लाभ उठाते हुए जीत दर्ज की।

## टाईब्रेक में दिखा प्रज्ञानानंदा का कमाल

प्रज्ञानानंदा, फिरोज़ा और एमवीएल के बीच चैंपियन तय करने के लिए 5 मिनट + 2 सेकंड की बढ़त के साथ एक राउंड–रॉबिन टाईब्रेक खेला गया। पहला मुकाबला अलीरेज़ा और प्रज्ञानानंदा के बीच गिउको पियानो ओपनिंग में खेला गया, जो संतुलित खेल के बाद ड्रॉ रहा। दूसरे मुकाबले में एमवीएल और फिरोज़ा ने भी अंक बाँटे, जहाँ फिरोज़ा ने काले मोहरों से कैरो–कैन डिफेंस में शानदार बचाव किया ।निर्णायक मुकाबला प्रज्ञानानंदा बनाम वाचिए–लाग्राव के बीच हुआ। एंडगेम में वाचिए–लाग्राव ने पहले बराबरी का मौका गंवाया और फिर कुछ चालों बाद निर्णायक भूल कर बैठे। प्रज्ञानानंदा ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए जीत दर्ज की और खिताब अपने नाम किया।

यह जीत न केवल प्रज्ञानानंदा के करियर की एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि यह दर्शाता है कि वह अब विश्व शतरंज के शिखर पर स्थायी रूप से जगह बना चुके हैं। ग्रांड चैस टूर जैसे मंच पर उनकी यह जीत भारतीय शतरंज के लिए एक और ऐतिहासिक क्षण है।

विश्व चैम्पियन डी गुकेश नें अंतिम दो राउंड में 1.5 अंक बनाते हुए अंतिम समय में अंक तालिका में सातवाँ स्थान हासिल करते हुए टूर्नामेंट का समापन किया ।

# इंग्लैंड दौरे के लिए ऋषिकेश कानितकर भारत-ए टीम के कोच होंगे

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऋषिकेश कानितकर को इंग्लैंड दौरे के लिए भारत ए टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। कानितकर अभिमन्यु ईश्वरन की अगुआई वाली टीम की देखरेख करेंगे। भारत-ए टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैच खेलेगी। इसके बाद एक मैच भारत की सीनियर टीम के खिलाफ भी खेलेगी, जो बाद में इंग्लैंड का दौरा करेगी।

कानितकर के अलावा असम के सुभोदीप घोष (फील्डिंग कोच) और ट्रॉय कूली (गेंदबाजी कोच) भी भारत-ए टीम के साथ इंग्लैंड का दौरा करेंगे। भारत की 18 सदस्यीय टीम के 25 या 26 मई को इंग्लैंड रवाना होने की उम्मीद है। भारत-ए और इंग्लैंड लायंस के बीच पहला चार दिवसीय मैच 30 मई से कैंटरबरी में खेला जाएगा।

नॉर्थैम्पटन में छह जून से शुरू होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच के बाद भारत ए टीम बेकनहम में 13 से 16 जून तक भारत सीनियर टीम के खिलाफ इंट्रा-स्क्वॉड मैच खेलेगी। बीसीसीआई ने कहा है कि शुभमन गिल और साई सुदर्शन इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे मैच से पहले ए टीम से जुड़ जाएंगे। वहीं, क्रिकबज की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की सीनियर टीम का चयन मई के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा। इसका चयन शुरू में 23 मई को किया जाना था, लेकिन आईपीएल के स्थगित होने और फिर से शुरू होने के कारण, इसमें देरी होने की संभावना है।

इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की सीनियर टीम 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से लगभग दो सप्ताह पहले छह जून को रवाना होगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर के इंग्लैंड दौरे के लिए जल्दी रवाना होने की सूचना थी। हालांकि, अब क्रिकबज ने बताया है कि वह सामान्य कार्यक्रम के मुताबिक टीम के साथ यात्रा करेंगे। भारत को पांच टेस्ट मैच खेलने हैं, जिसके अगले चार मैच बर्मिंघम (दो जुलाई से), लॉर्ड्स (10 जुलाई से), मैनचेस्टर (23 जुलाई से) और द ओवल (31 जुलाई से) में खेले जाएंगे।

# सुरेश रैना ने कहा विराट कोहली को भारत रत्न दो... सचिन तेंदुलकर की तरह होगा सम्मान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। विराट के इस फैसले से दुनियाभर के क्रिकेट फैंस हैरान थे। दिग्गजों ने भी विराट के इस फैसले पर सवाल खड़े




किए थे। इसी बीच टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने विराट कोहली को देश का सबसे बड़ा खिताब देने की मांग की है।

**विराट को भारत रत्न देने की मांग –** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने विराट कोहली को भारत रत्न देने की बात कही है। कोहली ने देश के लिए बहुत कुछ किया है। रैना ने सरकार से यह मांग कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद की है। सचिन तेंदुलकर अकेले भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्हें 2014 में भारत रत्न मिला था। रैना ने स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए कहा कि विराट कोहली ने भारत और भारतीय क्रिकेट के लिए जो कुछ भी किया है, उसके लिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। भारत सरकार को उन्हें भारत रत्न देना चाहिए।

**14 साल के करियर का किया अंत –** विराट कोहली ने हाल ही में 14 साल के टेस्ट करियर को अलविदा कहा है। कोहली के टेस्ट से संन्यास लेने से उनके फैंस हैरान हैं। आरसीबी के फैंस बड़ी संख्या में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सफेद जर्सी पहनकर आए। वे कोहली को आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच से पहले ट्रिब्यूट दे रहे थे। स्टेडियम में फैंस ने एक बड़ा बैनर लगाया था। उस पर लिखा था, हम सब विराट कोहली से प्यार करते हैं। रेड बॉल क्रिकेट को फिर से रोमांचक बनाने के लिए धन्यवाद।

**शानदार रहा है करियर –** विराट कोहली ने 2011 में अपना करियर शुरू किया था। उन्होंने भारत के लिए 123 टेस्ट मैच खेले। उन्होंने 46.85 की औसत से 9230 रन बनाए। कोहली ने 31 अर्धशतक और 30 शतक भी लगाए। कोहली टेस्ट क्रिकेट में भारत के सबसे सफल कप्तान रहे। उन्होंने 68 मैचों में भारत का नेतृत्व किया। उनमें से 40 में जीत हासिल की। उनकी कप्तानी में भारत आईसीसी रैंकिंग में नंबर 1 पर भी पहुंचा। भारत 42 महीनों तक इस स्थान पर बना रहा। विराट कोहली पहले ही टी20आई से भी संन्यास ले चुके हैं। लेकिन वे एक दिवसीय खेलते रहेंगे। उनसे 2027 का वर्ल्ड कप खेलने की उम्मीद है।

# रोस्टन चेज वेस्टइंडीज के नए टेस्ट कप्तान

## दो साल बाद टीम में वापसी, ब्रैथवेट की जगह लेंगे; ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से करेंगे कप्तानी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने दो साल से टेस्ट टीम से बाहर चल रहे ऑलराउंडर रोस्टन चेज को टीम का कप्तान नियुक्त किया है।

वह क्रैग ब्रैथवेट की जगह लेंगे। ब्रैथवेट ने इस साल के मार्च में टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। वेस्टइंडीज ने उनकी कप्तानी में खेले 39 मैच में से 10 टेस्ट जीते, 22 हारे और सात ड्रॉ रहे।



**चेज 2023 में आखिरी बार टेस्ट खेला था –** चेज ने आखिरी बार मार्च 2023 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट खेला था। तब से वेस्टइंडीज ने 13 टेस्ट खेले, लेकिन उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। अब टीम में वापसी के साथ ही उन्हें कप्तान बनाया गया है। इससे पहले वे एक वनडे और एक टी-20 में कप्तानी कर चुके हैं।

चेज की अगुआई में टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज खेलेगी, जो 25 जून से ब्रिजटाउन में शुरू होगी।

**चेज अब तक 49 टेस्ट खेले हैं –** चेज ने अब तक 49 टेस्ट में 2265 रन बनाए हैं, जिसमें 5 शतक शामिल हैं। उनका औसत 26.33 है। गेंद से भी उन्होंने 85 विकेट लिए हैं। शुरुआत में उनका प्रदर्शन शानदार रहा था। पहले 10 टेस्ट में उनका बैटिंग एवरेज 48.53 रहा, लेकिन इसके बाद उनका ग्राफ गिरा।

**6 खिलाड़ियों के नाम पर विचार के बाद चेज का नाम पर हुआ फैसला –** वेस्टइंडीज टेस्ट टीम की कप्तान के लिए रोस्टन चेज के अलावा जॉन कैम्पबेल, टेविन इमलाच, जोशुआ दा सिल्वा, जस्टिन ग्रीव्स और जोमेल वारिकन जैसे खिलाड़ी भी रेस में थे। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने बताया कि कप्तान चुनने के लिए एक डेटा-आधारित, साइकोमेट्रिक टेस्ट वाला प्रोसेस अपनाया गया था। सभी प्रक्रिया के बाद रोस्टन चेज को कप्तान चुनने का फैसला किया गया।

सीडब्ल्यूआई अध्यक्ष डॉ. किशोर शैलो ने इस चयन को वेस्टइंडीज क्रिकेट की सबसे सोच-समझकर की गई प्रक्रिया बताया। कोच डैरेन सैमी ने भी कहा कि, चेज को उनके साथियों का सम्मान मिला है और वो टीम को आगे ले जाने के लिए जरूरी लीडरशिप क्वालिटीज दिखा चुके हैं।

### उनकी कप्तानी बिल्कुल सटीक रही है

# बांगर ने आईपीएल 2025 में रजत पाटीदार की सराहना की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए कप्तान और बल्लेबाज दोनों के रूप में रजत पाटीदार के बढ़ते प्रभाव की आरसीबी के पूर्व मुख्य कोच और जियोस्टार विशेषज्ञ संजय बांगर ने प्रशंसा की है जिन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन के दौरान दाएं हाथ के इस खिलाड़ी के संयमित नेतृत्व और परिपक्वता पर प्रकाश डाला।



पाटीदार की दोहरी भूमिका के बारे में बात करते हुए बांगर ने जियोहॉटस्टार पर टिप्पणी करते हुए कहा, कभी-कभी यह सिर्फ गेंदों की संख्या के बारे में होता है। यदि शीर्ष क्रम अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, तो आपके मौके सीमित हैं। साथ ही, शीर्ष प्रदर्शन करने वालों से घिरे होने का मतलब है कि आपको तीन या चार विफलताओं को बहुत अधिक नहीं पढ़ना चाहिए।

टी20 क्रिकेट की अप्रत्याशित प्रकृति के बावजूद पाटीदार बल्ले और अपनी सामरिक कौशल दोनों के साथ अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रहे हैं। बांगर ने कहा, %रजत ने जिम्मेदारी को बहुत अच्छे से निभाया है। उनकी कप्तानी शानदार रही है। उन्होंने बल्ले से इस सीजन की शुरुआत दमदार तरीके से की और जब भी उन्होंने क्रीज पर समय बिताया, उन्होंने प्रभावित करना जारी रखा। टी20 में आप कुछ मौकों पर चूक जाते हैं - यह प्रारूप की प्रकृति है।

### ईशांत ने सुदर्शन-किशोर की तारीफ की,बोले-

# दोनों टीम के लिए इम्पैक्टफुल प्लेयस

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस (जीटी) के तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने अपनी टीम के युवा खिलाड़ियों साई सुदर्शन और साई किशोर की तारीफ की है। उन्होंने कहा, दोनों खिलाड़ियों को पता है कि टीम के लिए इम्पैक्टफुल परफॉर्मेंस कैसे करना है। ईशांत ने शनिवार को स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम में आईपीएल-2025 में प्लेऑफ रेस के बारे में बातचीत की। जहां उन्होंने इस बारे में बात की कि कैसे सीजन रुकने से टीम पर असर पड़ा और उन्होंने कोच आशीष नेहरा और कप्तान शुभमन गिल के साथ अपने बॉन्डिंग के बारे में भी बताया।



**सुदर्शन को अपने स्किल पर पूरा भरोसा –** मीडिया के सवाल पर ईशांत ने साई किशोर के बारे में बात करते हुए कहा, वे एक स्मार्ट खिलाड़ी हैं और जानते हैं कि उन्हें जो भी मौका मिले, उसमें अपना बेस्ट परफॉर्मेंस करना है। आप जानते है कि साई किशोर ने दूसरे गेंदबाजों की तुलना में कम ओवर गेंदबाजी की है, इसके बावजूद वह आईपीएल2025 पर्पल कैप के दावेदार हैं।साई किशोर ने इस सीजन 11 मैचों में 14 विकेट लिए हैं। पर्पल कैप की रेस में 10वें नंबर पर हैं।

उन्होंने साई सुदर्शन के बारे में कहा, उन्हें अपने स्किल पर पूरा भरोसा है और वे जानते हैं कि खेल को कैसे आगे बढ़ाना है। वे बड़े हिटर नहीं हैं, लेकिन फिर भी अच्छे क्रिकेटिंग शॉट खेल सकते हैं, जैसे वे चौके मारते हैं, जिससे विपक्षी गेंदबाजों पर ज्यादा दबाव पड़ता है।

**ब्रेक से कोई असर नहीं –** आईपीएल 2025 में थोड़े समय के ब्रेक के बारे में बात करते हुए ईशांत ने कहा, इसका कोई असर नहीं पड़ा। शुरू में मुझे बताया गया था कि आईपीएल अब नहीं होगा। लेकिन जल्द ही उन्हें बताया गया कि खिलाड़ी अहमदाबाद जा रहे हैं, जहां उन्होंने टूर्नामेंट के फिर से शुरू होने की घोषणा से पहले ही अभ्यास शुरू कर दिया था।

**नेहरा-गिल के साथ मेरे संबंध बहुत मजबूत –** ईशांत ने आगे कहा, कोच आशीष नेहरा और कप्तान शुभमन गिल दोनों के साथ मेरे संबंध बहुत मजबूत हैं। मैं युवा खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव को साझा करने की कोशिश करता हूं कि मैच में स्थिति के अनुसार अपनी स्टॉक डिलीवरी का उपयोग कैसे करें, क्योंकि कोई भी खिलाड़ी पहले ओवर में अपने सभी पत्ते नहीं दिखा सकता है, बल्कि उसे थोड़ा सा ब्लफ करना पड़ता है।

# भारत के खिलाफ श्रृंखला से पहले ईसीबी ने डेटा विश्लेषकों को किया बर्खास्त

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से कुछ सप्ताह पहले अपने डेटा विश्लेषकों फ्रेडी वाइल्ड और नाथन लेमन को बर्खास्त कर दिया क्योंकि मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम अंतर्मन पर अधिक भरोसा करना चाहते हैं। इंग्लैंड का नया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र 20 जून को हेडिंग्ले में भारतीय टीम के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला से शुरू होगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, 'इंग्लैंड के दो वरिष्ठ क्रिकेट विश्लेषक नाथन लेमन और फ्रेडी वाइल्ड टीम का साथ छोड़ने जा रहे हैं। इससे पता चलता है कि राष्ट्रीय टीम आगे चलकर डेटा पर अधिक ध्यान नहीं देगी। लीमन और वाइल्ड क्रमशः इंग्लैंड के वरिष्ठ डेटा विश्लेषक और सीमित ओवरों के विश्लेषक है। दोनों राष्ट्रीय टीम के साथ अपनी भागीदारी समाप्त कर रहे हैं।

रिपोर्ट में आगे कहा गया, 'दोनों ही इस महीने के अंत में वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की सीमित ओवरों की श्रृंखला में शामिल नहीं होंगे। इस श्रृंखला से हैरी ब्रूक कप्तान के तौर पर अपने एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज करेंगे। मैकुलम केवल डेटा पर आधारित दृष्टिकोण में विश्वास नहीं रखते हैं। न्यूजीलैंड के इस पूर्व कप्तान का मानना है कि यह खेल के लंबे प्रारूप की की तुलना में टी20 प्रारूप के लिए अधिक उपयुक्त है।

मैकुलम को यह भी लगता है कि सहायक कर्मचारियों की कम संख्या माहौल को सरल बनाए रखने में मददगार होती है।

# चिन्नास्वामी में बारिश के बीच आया कबूतरों का झुंड, फैंस ने कोहली को किया सलाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में बारिश से भीगी शाम को प्रकृति ने विराट कोहली के शानदार टेस्ट करियर को एक काव्यात्मक विदाई दी। आरसीबी और कोलकाता के बीच आईपीएल 2025 के हाई-वोल्टेज मुकाबले से पहले, सफेद कबूतरों का झुंड उड़ा, जो कोहली की लाल गेंद की विरासत को श्रद्धांजलि सा प्रतीत हुआ। स्टेडियम में प्रशंसक भावुक हो उठे, लेकिन बारिश ने टॉस में देरी कर दी और मैच के धुलने का खतरा बढ़ा दिया। कोहली के लिए श्रद्धांजलि टी-शर्ट और नारों के बीच, बारिश ने भले ही खेल रोका, लेकिन प्रशंसकों का जोश और कोहली का उत्सव अटल रहा।



**ऐसी ही अंक तालिका की स्थिति-** आरसीबी अब रद्द मुकाबले से एक नंबर लेकर अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गई है। उनके अब 12 मैचों में 8 जीत, 3 हार और एक बेनतीजा मैच के साथ 17 प्वाइंट हो गए हैं। वहीं, गुजरात टाइटंस 11 मैचों में 8 जीत और 16 प्वाइंट के साथ दूसरे नंबर पर है।

# सूर्यकुमार यादव का यह आईपीएल सीजन उनके सर्वश्रेष्ठ सीजन में से एक है : पूर्व भारतीय बल्लेबाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने आईपीएल 2025 सीजन में मुंबई इंडियंस के सीनियर खिलाड़ियों हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और रोहित शर्मा को टीम में वापसी का श्रेय दिया। दिग्गज क्रिकेटर ने आगे कहा कि इन खिलाड़ियों ने महत्वपूर्ण मौकों पर फ्रैंचाइजी के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बहुमुखी बल्लेबाज सूर्यकुमार का यह आईपीएल करियर का सर्वश्रेष्ठ सीजन है।



भारत के टी20 कप्तान ने 12 मैचों में 510 रन बनाए हैं जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। मुंबई के इस बल्लेबाज के पास फिलहाल ऑरेंज कैप है, जबकि गुजरात टाइटन्स के साई सुदर्शन (509 रन) और शुभमन गिल (508 रन) शीर्ष स्थान पर हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली चौथे स्थान पर हैं जो सूर्यकुमार से सिर्फ पांच रन पीछे हैं। हार्दिक पांड्या की अगुआई वाली टीम की शुरुआत खराब रही और उसने सीजन के अपने पहले मैचों में चार गेम गंवाए। हालांकि पांच बार के चैंपियन ने फिर से वापसी की और लगातार छह मैच जीते लेकिन बारिश से प्रभावित मैच में गुजरात टाइटन्स से तीन विकेट से हार गए। 12 खेलों में 14 अंकों के साथ मुंबई के पास दो गेम शेष रहते प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने का एक मजबूत मौका है।

मांजरेकर ने कहा, मुझे यकीन नहीं है कि उनका अभियान पटरी से उतर जाएगा, भले ही रयान रिकेल्टन और विल जैक जैसे कुछ विदेशी खिलाड़ी संभावित रूप से प्रमुख खेलों के लिए अनुपलब्ध हों। वे खिलाड़ियों को सही भूमिकाओं में ढालने में कामयाब रहे हैं। शुरुआत में, वे थोड़े अनिश्चित दिखे लेकिन अब उन्हें स्पष्टता मिल गई है। सूर्यकुमार यादव अपने सर्वश्रेष्ठ आईपीएल सीजन में से एक खेल रहे हैं। और जब उच्च दबाव की स्थिति की बात आती है, तो मुंबई के पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो पनपते हैं, हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और यहां तक ??कि रोहित शर्मा, उनके हालिया फॉर्म के बावजूद।

### एशियन शतरंज चैंपियनशिप 2025

# निहाल सरीन का रजत पदक, वंतिका अग्रवाल ने दिखाई दमदार चुनौती

**अल ऐन, संयुक्त अरब अमीरात (एजेंसी)।** संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन में सम्पन्न हुई एशियन शतरंज चैंपियनशिप 2025 में भारत के ग्रांडमास्टर निहाल सरीन ने ओपन वर्ग में रजत पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया, वहीं महिला वर्ग में वंतिका अग्रवाल ने आखिरी राउंड में जीत दर्ज कर शीर्ष स्थान की दौड़ में दमदार चुनौती दी।



**निहाल सरीन का शानदार प्रदर्शन –** ग्रांडमास्टर निहाल सरीन ने टूर्नामेंट के अंतिम राउंड में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी की तरह खेलते हुए, लीड कर रहे ईरान के तरूबर्दिया दानेशवर को हराया और 7/9 अंकों के साथ बराबरी पर पहुँच गए। हालांकि दोनों खिलाड़ियों के अंक समान रहे, लेकिन टाइब्रेक स्कोर (प्रतिद्वंद्वियों की औसत रेटिंग) के आधार पर बर्दिया दानेशवर को स्वर्ण और निहाल सरीन को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह निहाल के करियर का एक और शानदार उपलब्धि रहा और उन्होंने अगले विश्व कप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है।

**महिला वर्ग में वंतिका अग्रवाल की चुनौती –** महिला वर्ग में भारत की वंतिका अग्रवाल ने अंतिम राउंड में मंगोलिया की नेता बाट-एर्देने मंगुन्जुल को हराकर जोरदार वापसी की और शीर्ष पर पहुँच गई।हालांकि, चीन की ढ्रूसोंग युशिन, उज्बेकिस्तान की गुलरुखबेगिम तोखिरजोनोवा को सिर्फ 32 चालों में मात देकर आगे निकल गईं। चार खिलाड़ियों के बीच समान अंक रहने के बाद टाईब्रेक स्कोर के आधार पर सोंग युशिन को स्वर्ण, मंगुन्जुल को रजत और बाला-बाएवा को कांस्य पदक मिला।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### 138.7 लीटर देशी महुआ शराब जब्त, चार गिरफ्तार

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** जिले में अवैध शराब कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। 18 मई 2025 को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, औरंगाबाद पुलिस ने बीते दिनों जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापामारी अभियान चलाकर कुल 138.7 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की है। साथ ही 01 स्कूटी मोटरसाइकिल को जब्त कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह कार्रवाई अवैध शराब सेवन, निर्माण, भंडारण, बिक्री, परिवहन और तस्करी पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई है। इसमें जिले के नाररिकला, ओबरा, बारून और रफीगंज थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई शामिल है।

### 55 लीटर देशी महुआ शराब बरामद, एक अभियुक्त गिरफ्तार

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ औरंगाबाद पुलिस द्वारा लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद के निर्देशन में नरारीकला खुर्द थाना की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के खिलाफ एक और सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर थाना नरारीकला खुर्द अंतर्गत ग्राम दरियाबाद में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने कुल 55 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की। साथ ही शराब के परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है। मौके से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति से पूछताछ जारी है और पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि शराब कहां बनाई गई थी, इसे कहां भेजा जाना था, और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस का मानना है कि इस कार्रवाई से अवैध शराब तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने में मदद मिलेगी।

### एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** जिले में आपराधिक तत्वों पर शिकंजा कसने और न्यायालय से जारी वारंटों के निष्पादन को लेकर औरंगाबाद पुलिस लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में खुदवा थाना की पुलिस ने ग्राम परिहारा में छापेमारी कर एक एनबीडब्ल्यू (गिरफ्तारी वारंट) वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति के खिलाफ पहले से ही न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट (एनबीडब्ल्यू) निर्गत था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। विश्वसनीय सूचना के आधार पर खुदवा थाना की टीम ने ग्राम परिहारा में छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद के स्पष्ट निर्देश हैं कि सभी लंबित वारंटों के निष्पादन में तेजी लाई जाए और फरार वारंटियों को हर हाल में गिरफ्तार किया जाए। इसी के तहत खुदवा थाना द्वारा की गई यह कार्रवाई कानून व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

### वाहर चोर गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** औरंगाबाद जिले की नवीनगर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गया जिले के ग्राम पनकारा से दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी किए गए एक ट्रैक्टर का इंजन भी बरामद कर लिया गया है। नवीनगर थाना को सूचना मिली थी कि कुछ शातिर वाहन चोर गिरोह ने इलाके से ट्रैक्टर चोरी किया है और उसे गया की ओर ले जाया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए छापेमारी शुरू की और पनकारा गांव में दबिश दी। मौके से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनकी निशानदेही पर चोरी हुआ ट्रैक्टर का इंजन बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है और इनके गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश भी की जा रही है। यह गिरोह और भी कई चोरी की घटनाओं में शामिल हो सकता है। पुलिस अब इनके आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है। इस कार्रवाई से जिले में वाहन चोरों के हौसले पस्त हुए हैं और आम जनता में पुलिस की तत्परता को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

महिला संवाद कार्यक्रम से जुड़ रहीं हैं हज़ारों महिलाएं, योजनाओं की मिल रही है सीधी जानकारी

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**11 प्रखंडों के 30 ग्राम संगठनों में सफलता के साथ सम्पन्न, प्रतिदिन 15 संवाद रथ किए जा रहे संचालित**

- **अब तक 20,298 महिलाओं की अपेक्षाएँ ऐप के माध्यम से दर्ज की जा चुकी हैं।**
- **महिलाओं को छात्रवृत्ति, महिला उद्यमी योजना, राशन कार्ड, साइकिल योजना जैसी योजनाओं की जानकारी दी**



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

रविवार को जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 'महिला संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिले के सभी 11 प्रखंडों के चयनित 30 ग्राम संगठनों में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। बिहार सरकार द्वारा चलाई जा रही इस अभिनव पहल का उद्देश्य राज्य की महिलाओं से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। अब तक औरंगाबाद जिले के कुल 855 ग्राम संगठनों में महिला संवाद का आयोजन किया जा चुका है। महिला संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में प्रतिदिन दो पालियों में 15 संवाद रथ संचालित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से महिलाओं को मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना, छात्रवृत्ति योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड और मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना जैसी लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। संवाद के दौरान महिलाओं को अपने अनुभव साझा करने का अवसर भी प्रदान किया जाता है। अब तक लगभग 20,298 महिलाओं की अपेक्षाएं संवाद ऐप के माध्यम से दर्ज की जा चुकी हैं, जिससे यह पता चलता है कि महिलाएं इस कार्यक्रम से किस हद तक जुड़ रही हैं। कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं सुनीता देवी, शीला देवी और अंजली कुमारी ने बताया कि उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन स्तर में काफी सुधार किया है और अब वे अन्य महिलाओं को भी जागरूक कर रही हैं। महिलाओं का कहना था कि इस पहल ने उन्हें अपनी बात खुलकर कहने का मंच दिया है, जो पहले नहीं था। प्रखंड बारुण के अदमा पंचायत स्थित चंदा ग्राम संगठन में आयोजित संवाद कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल, अंचलाधिकारी मंजेस कुमार, मुखिया बसंत कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक पवन कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक अखिलेश कुमार और क्षेत्रीय समन्वयक शिल्पी कुमारी समेत कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने उपस्थित महिलाओं को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और सभी को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें और अपने परिवार व समाज के विकास में योगदान दें। महिला संवाद रथों के माध्यम से योजनाओं पर आधारित फिल्में भी दिखाई जा रही हैं और पर्चे वितरित किए जा रहे हैं। साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का महिलाओं के नाम संदेश भी प्रसारित किया जा रहा है, जिसमें वे महिलाओं को सशक्त बनने की प्रेरणा देते हैं। यह कार्यक्रम न केवल महिलाओं को योजनाओं से जोड़ रहा है बल्कि उन्हें जागरूक और सशक्त बनाकर राज्य के समावेशी विकास की दिशा में भी एक सशक्त कदम सिद्ध हो रहा है।

# वज्रपात से सुरक्षा हेतु नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से चला जन-जागरूकता अभियान

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



वज्रपात जैसी प्राकृतिक आपदा से जन-जीवन की सुरक्षा हेतु जिला प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के आदेशानुसार पूरे जिले में वज्रपात से बचाव हेतु जन-जागरूकता अभियान का संचालन किया गया, जिसमें नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आम लोगों को आवश्यक जानकारी दी गई। इस विशेष अभियान का उद्देश्य यह था कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को वज्रपात के दौरान अपनाए जाने वाले एहतियाती उपायों से अवगत कराया जाए ताकि किसी प्रकार की जानमाल की हानि से बचा जा सके। नुक्कड़ नाटकों के द्वारा बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और किसानों को सरल शब्दों और सहज अभिनय के माध्यम से बताया गया कि वज्रपात की स्थिति में खुले मैदान में न रहें, ऊंचे पेड़ों से दूर रहें, बिजली के उपकरणों को बंद रखें और सुरक्षित स्थान पर शरण लें। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन ने यह स्पष्ट रूप से लोगों से अपील की कि वे मौसम विभाग द्वारा जारी की जाने वाली चेतावनियों को हल्के में न लें और सतर्कता बरतें। विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में लोगों को बताया गया कि खेतों में काम करते समय अचानक मौसम बिगड़ने पर वे तुरंत सुरक्षित स्थानों की ओर चले जाएं।

औरंगाबाद प्रशासन ने यह भी संदेश दिया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम भविष्य में भी लगातार चलाए जाते रहेंगे ताकि जनसामान्य को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित रखने की दिशा में ठोस कदम उठाया जा सके। यह पहल न केवल एक जागरूक नागरिक समाज के निर्माण में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भी जिले को एक मिसाल बनाएगी। जिला प्रशासन की यह जागरूकता मुहिम निश्चय ही आम जनता की सुरक्षा और जागरूकता के लिए एक मजबूत प्रयास है।

## बारिश के बाद अस्पताल में भरा पानी, नहीं हो सकेगा सीटी स्कैन



**औरंगाबाद(नि.सं.)।** रविवार को तेज आंधी और मूसलाधार बारिश हुई। इसने शहर में तबाही मचा दी। पहले ही बारिश में नगर परिषद के विकास की पोल खुल गई। कई प्रमुख मार्गों पर जल जमाव देखने को मिला। जल जमाव के कारण लोगों को आवाजाही करने में भी परेशानी हुई। सदर अस्पताल पानी में डूब गया। अस्पताल का सीटी स्कैन सेंटर पूरी तरह से पानी में डूबा है। लाखों रुपए की मशीनें और तार बर्बाद हो गए। सेंटर का संचालन कर रहे शशि कुमार ने बताया कि बारिश का पानी कमरे के अंदर तक पहुंच गया। फर्श के नीचे और ऊपर लगी कीमती मशीनें खराब हो गईं। करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। सिटी स्कैन संचालक शशि कुमार ने बताया कि टेक्नीशियन को बुलाया गया है। सीटी स्कैन सेवा कब शुरू होगी, यह अभी तय नहीं है। एक सप्ताह या एक महीना तक भी लग सकता है। जब तक कमरे में नमी रहेगी, तब तक काम शुरू नहीं हो सकता। करंट लगने का खतरा है। अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी गई है। फिलहाल, सीटी स्कैन बंद है। मरीजों को इलाज में परेशानी हो रही है।

# शिव पंचायतन प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के लिए गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य जल यात्रा

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)



रफीगंज के थाना गली स्थित नवनिर्मित मंदिर में श्री शिव पंचायतन प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर शनिवार को गाजे-बाजे, हाथी-घोड़े और भव्य शोभायात्रा के साथ जल यात्रा निकाली गई। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत इस यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष जयकारा लगाते हुए शामिल हुए। यात्रा यज्ञ मंडप से शुरू होकर थाना गली, बड़ी दुर्गा देवी स्थान, मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, महाराजगंज रोड, बस स्टैंड होते हुए आरबीआर उच्च विद्यालय परिसर स्थित रानी तालाब तक पहुंची। काशी से पधारे आचार्य राजेश मिश्रा, गिरीराम त्रिवेदी, अंगद पांडेय, अमित पुरोहित, धर्मेंद्र पांडेय, सुनील चौबे, नरेश शास्त्री आदि वैदिक विद्वानों ने मंत्रोच्चार के साथ विधिपूर्वक जल भरवाया और मंडप की ओर पुनः वापसी कराई। आयोजनकर्ता राजू गुप्ता ने जानकारी दी कि यह महायज्ञ खड़ेश्वरी बाबा के तत्वावधान में 18 मई से प्रारंभ होकर 23 मई तक चलेगा।

इस धार्मिक अनुष्ठान में दूर्गा प्रसाद, पिकी देवी, अजीत उर्फ बिच्छा, रीता देवी, अजय गुप्ता, रिकी गुप्ता, शिवनंदन प्रसाद, शीला देवी, मुन्ना कुमार, ममता कुमारी आदि यजमान बने हैं। यज्ञ के दौरान प्रतिदिन संध्या समय प्रवचन एवं भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेंगे। इस अवसर पर जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव विजय विश्वकर्मा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, चंदन सोनार, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दिलीप उर्फ कारू प्रसाद, नगर भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, बाल गोविंद साहू, रोहन गुप्ता, रोहित गुप्ता, शिवनंदन प्रसाद, सूरज कुमार, साजन कुमार, दुर्गा साहू, भोली प्रसाद, कृष्णा कुमार, मयंक, किशु गुप्ता, दीपू गुप्ता, सन्नी राज मानस, ओम प्रकाश पाल, राहुल गुप्ता, गोविंद कुमार, संजय कुमार उर्फ जोगी, चंदेश्वर भगत, पिंकी, राखी, गीता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सोन नदी घाट से शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बारुण (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** नशा कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बारुण थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। आसूचना के आधार पर पुलिस ने इंग्लिश घाट सोन नदी क्षेत्र में छापेमारी कर 75 लीटर देशी शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। साथ ही मौके पर 200 लीटर जावा महुआ को यथा स्थान पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया है। पुलिस के अनुसार यह छापेमारी गुप्त सूचना के आधार पर की गई थी। जानकारी मिल रही थी कि सोन नदी किनारे कुछ असामाजिक तत्व देशी शराब के निर्माण और तस्करी में लिप्त हैं। उसी कड़ी में थानाध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है, और उससे प्राप्त जानकारी के आधार पर अन्य शराब तस्करों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री की योजनाओं को लेकर हसपुरा पहुंचे डॉ. निर्मल, गांव-गांव किया जनसंपर्क

निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)



जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से जदयू के राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य व डेहरी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा रविवार को हसपुरा क्षेत्र पहुंचे। उन्होंने गांव-गांव भ्रमण कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी और लोगों से सरकार के विकास कार्यों को लेकर संवाद किया। डॉ. निर्मल ने लोगों को बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और सड़क जैसी मूलभूत आवश्यकताओं पर विशेष फोकस कर बिहार में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि वे लगातार जनसंपर्क अभियान के माध्यम से जनता को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक कर रहे हैं।

एक सवाल के जवाब में डॉ. निर्मल ने कहा कि वे पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं, अगर पार्टी और जनता चाहती है तो वे आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। इसी दौरान उन्होंने एक नारा भी दिया – 2025, फिर से नीतीश। कार्यक्रम में मौजूद जदयू के प्रदेश महासचिव राजेंद्र सिंह जॉर्ज ने डॉ. निर्मल की सराहना करते हुए कहा कि वे पार्टी के निष्ठावान और सक्रिय कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि वे जनता से संवाद कर टिकट सुनिश्चित कराने की दिशा में प्रयास करेंगे। इस अवसर पर काशीनाथ सिंह पटेल, गुड्डू पटेल, रामबाबू गुप्ता सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। जनसंपर्क के दौरान लोगों ने सरकार की योजनाओं में रुचि दिखाई और कई सुझाव भी दिए। हसपुरा क्षेत्र में इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया।

# खेती के लिए बिजली कनेक्शन हेतु 30 जून तक विद्युत विभाग लगाएगा शिविर

- **प्रखंड मुख्यालय में भी 1 महीने से अधिक समय तक शिविर जारी रहेगा।**
- **बिजली संबंधी समस्याओं का होगा समाधान**
- **बिलिंग सुधार**

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

किसानों की सुविधा और खेती के लिए आवश्यक बिजली कनेक्शन की प्रक्रिया को सरल बनाने हेतु विद्युत विभाग ने रफीगंज प्रखंड में विशेष शिविर लगाने का निर्णय लिया है। यह शिविर 18 मई से लेकर 30 जून तक विभिन्न पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस संबंध में सहायक अभियंता अशोक राज ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 और 19 मई को बलिगांव, 20 मई को लोहरा, 21 मई को बलार, 22 को भदवा, 23 को भदुकीकला, 24 को चेंव, 25 को चरकावां सहित कई अन्य पंचायतों में शिविर लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, एक महीने से भी अधिक समय तक प्रखंड मुख्यालय में भी शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य किसानों को कृषि से संबंधित नए बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराना, साथ ही जो भी पुरानी समस्याएं हैं, जैसे बिलिंग में त्रुटि, कनेक्शन में बाधा, ट्रांसफार्मर की समस्या आदि, उनका स्थल पर ही निष्पादन करना है। विभाग का प्रयास है कि रबी और खरीफ दोनों मौसम में किसानों को सिंचाई के लिए निर्बाध बिजली मिल सके।

शिविर में बिजली विभाग के अधिकारी और तकनीकी कर्मचारी मौजूद रहेंगे जो आवेदन की स्वीकृति से लेकर कनेक्शन देने तक की प्रक्रिया को त्वरित गति से पूरा करेंगे। विभाग की अपील है कि प्रत्येक किसान अपने ज़रूरी दस्तावेज़ जैसे पहचान पत्र, भूमि दस्तावेज, फोटो इत्यादि के साथ शिविर में समय से पहुंचे ताकि उनका काम आसानी से हो सके। यह पहल कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत सुविधा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# लहरों पर लहर पुस्तक का लोकार्पण और दानिका संगीत महाविद्यालय की शाखा का भव्य शुभारंभ

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद जिला मुख्यालय के बिराटपुर मुहल्ले में रविवार को एक ऐतिहासिक क्षण देखा गया, जब जिले की प्रतिष्ठित सांगीतिक संस्था दानिका संगीत महाविद्यालय की एक नई शाखा का शुभारंभ किया गया। इसी अवसर पर मशहूर ग़ज़ल गायक अनिल कुमार चंचल द्वारा रचित पुस्तक लहरों पर लहर का भव्य लोकार्पण भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई, जिससे पूरे वातावरण में एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक ऊर्जा फैल गई। इस अवसर पर जिले की कई नामचीन हस्तियाँ और साहित्य-संस्कृति से जुड़े लोग मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में औरंगाबाद के विधायक प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह ने लोकार्पण किया। उनके साथ मंच पर नवबिहार टाइम्स के प्रधान संपादक कमल किशोर, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के महामंत्री धनंजय जयपुरी, शब्दाक्षर के प्रांतीय सचिव विनय मामूली बुद्धि, जिलाध्यक्ष नागेन्द्र केशरी, सीतयोग के सचिव राकेश कुमार सिंह, कवि अनुज बेचैन, प्रियदर्शी किशोर श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी, शिक्षक नेता अशोक पांडेय, दानिका के डायरेक्टर डॉ. रविंद्र कुमार, गजलकार अनिल कुमार चंचल, कैप्टन निलेश कुमार, डाइटिशियन निमिषा सहित अन्य सम्माननीय अतिथियों ने भी लोकार्पण एवं फीता काटकर नई शाखा का उद्घाटन किया। ग़ज़लकार अनिल कुमार चंचल ने अपने वक्तव्य में कहा कि बिराटपुर संगीत की धरती रही है, और दानिका की यह शाखा यहां के युवाओं के लिए एक नया मंच बनेगी। कवि अनुज बेचैन ने काव्यपाठ करते हुए कहा "प्रेमचंद तुम्हारी याद आती है", वहीं नागेंद्र केसरी ने "सुनाऊं रात का किस्सा" शीर्षक कविता प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अशोक पांडेय ने दानिका की शाखाओं के अन्य राज्यों में विस्तार की मांग की। इस दौरान प्रदीप कुमार रौशन की ग़ज़ल भी प्रस्तुत की गई, जिसे खूब सराहा गया। कमल किशोर ने दानिका को जिला स्तर पर संगीत प्रतियोगिताओं के आयोजन की सलाह दी और कहा कि औरंगाबाद में बिना दानिका के कोई भी संगीत कार्यक्रम अधूरा है। मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार सिंह ने अपने भाषण में कहा कि कविता संयोग और वियोग की कड़ी है। उन्होंने संगीत और शिव के तांडव को जोड़ते हुए कहा कि "तांडव भी एक संगीत है।" उन्होंने ग़ज़ल गायकी में ईरानी घराने के योगदान का भी जिक्र किया और बिराटपुर में शाखा खोलने के लिए अनिल चंचल को बधाई दी। मौके पर हरिनारायण सिंह, राजू सिंहा, मास्टर विकास, सविता सिंहा, अंजली सिंह, शिवांगी सिंह, अमिशा गायकवाड, ओम प्रकाश शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में प्रेरणा प्रकाश की भावनात्मक नृत्य प्रस्तुति ने श्रोताओं को भाव-विह्वल कर दिया।

# पिता की हत्या करने वाला पुत्र गिरफ्तार



निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)

रफीगंज के कासमा थाना की पुलिस ने अरथुआ चट्टी गांव के अर्जुन नोनिया की हत्या करने वाले पुत्र योगेंद्र नोनिया को बलार मोड़ से गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ-2 अमित कुमार ने बताया कि 9 मई की रात योगेंद्र नोनिया ने भूमि विवाद में अपने पिता अर्जुन नोनिया की हत्या सोये अवस्था में लकड़ी के फट्टे से मारकर कर दी थी। सूचना मिलते ही कागजी प्रक्रिया के बाद हत्यारे पुत्र की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी टीम का गठन किया गया। लगातार छापेमारी अभियान चलाया गया।वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ-साथ संभावित ठिकानों पर पुलिस ने छापेमारी की। शनिवार को दोपहर गुप्त सूचना मिली कि बलार मोड़ पर योगेंद्र अभी पहुंचने वाला है। उसे पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिया गया।स्वीकारोक्ति बयान में उसने कहा है कि करीब एक वर्षो से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। उसी बात से नाराज चल रहा था। अंततः अपने पिता को रास्ते से हटाने का मन बना लिया था। इसी कारण पिता की हत्या की। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले का अनुसंधान एवं गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में परीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक अभिषेक कुमार, थानाध्यक्ष इमरान आलम, जिला तकनीकी शाखा के एसआई चंद्रभांश कुमार, सिपाही मनीष कुमार, दिवाकर ठाकुर, गोविंद सिंह कुशवाहा, विजय कुमार, रिंकू कुमारी सहित अन्य पुलिस बल शामिल रहे।

# 65 लीटर देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)



जिले में अवैध शराब निर्माण, भंडारण, सेवन और परिवहन पर पूरी तरह अंकुश लगाने के उद्देश्य से औरंगाबाद पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में एक बड़ी सफलता ओबरा थाना पुलिस को मिली है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ओबरा थानांतर्गत ग्राम जियादीपुर में छापेमारी कर 65.5 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की है और एक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के स्पष्ट निर्देशानुसार की गई है, जिसके तहत जिलेभर में अवैध शराब के कारोबार पर सख्ती से नकेल कसी जा रही है। ओबरा थाना को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जियादीपुर गांव में विशेष छापेमारी दल गठित कर कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में देशी महुआ शराब बरामद हुई, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया और एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह शराब किसके लिए बना रहा था और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि इस कड़ी में और भी लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है। ओबरा थाना पुलिस द्वारा की गई यह कार्रवाई जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। पुलिस ने साफ कहा है कि किसी भी कीमत पर अवैध शराब का धंधा नहीं पनपने दिया जाएगा और जो भी इसमें संलिप्त पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने आम जनता से अपील की है कि वे इस तरह की अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें और समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग करें। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और जिले में अवैध शराब कारोबार करने वालों पर लगातार शिकंजा कसा जाएगा।

## जागरूकता शिविर में दी गई विधिक जानकारी

**औरंगाबाद(एसवीवी सं.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में रविवार को देव प्रखंड के ख़खडा गांव में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्राधिकार के तहत विभिन्न मामलों यथा अपराध, तेजाब हमला, मोटर दुर्घटना के पीड़ित व्यक्तियों को मिलने वाले पीड़ित प्रतिकर एवं सहायता के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि इसके अतिरिक्त कोई भी समस्या हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार उन्हें उनकी समस्याओं का निराकरण कराने में हरसंभव विधिक सहायता उपलब्ध कराता है। कार्यक्रम में प्राधिकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं जैसे मुफ्त विधिक जानकारी, योग्य व्यक्तियों को मुफ्त अधिवक्ता के माध्यम से उनके वाद में बचाव, आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाली लोक अदालत के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ताकि वे अपने वाद को समाप्त कर सकें।

# जिले भर में चला सघन वाहन जांच अभियान, अपराध पर नकेल कसने को लेकर पुलिस रही अलर्ट

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद।



अपराध की रोकथाम एवं विधि-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद के स्पष्ट निर्देश के तहत आज दिनांक 18 मई 2025 को औरंगाबाद पुलिस द्वारा जिलेभर में दिवा गश्ती के दौरान विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सभी थानाक्षेत्रों में सघन वाहन जांच की गई, जिससे असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया। औरंगाबाद जिले के प्रमुख मार्गों, बाजारों, चौक-चौराहों तथा संदिग्ध स्थलों पर थाना पुलिस की सक्रिय टीमों ने वाहनों की बारीकी से जांच की। बिना कागजात के वाहन, नंबर प्लेट विहीन गाड़ियां, शराब या अन्य संदिग्ध वस्तुएं लेकर चलने वाले वाहनों पर विशेष नजर रखी गई। कई वाहनों से पूछताछ की गई और संदिग्धों की तलाशी ली गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों की गतिविधियों पर नियंत्रण, अवैध वस्तुओं की तस्करी पर रोक तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को और मजबूत करना रहा। पुलिस अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि वाहन जांच का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। औरंगाबाद पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय वैध कागजात साथ रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। पुलिस का कहना है कि वह जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए हर समय सतर्क और समर्पित है।